संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 03 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे. पी. दलाल शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 03 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### मणिपुर के मोरेह में सुरक्षाबलों पर आरपीजी अटैक

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में 12 घंटे के अंदर दूसरी बार सुरक्षाबलों और विद्रोहियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों पर आरपीजी से हमला किया गया, जिसमें मणिपुर पुलिस के 4 और बीएसएफ का एक जवान घायल हुआ है। उन्हें इलाज के लिए इम्फाल भेजा गया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आज (2 जनवरी) की सुबह तेंगनौपाल जिले के मोरेह शहर में सर्च ऑपरेशन चल रहा था। टीम ने दो लोगों को पकड़ा, इसी दौरान सुरक्षाबलों पर हमला किया गया। स्थानीय महिलाओं ने भी पकड़े गए लोगों को छुड़ाने का प्रयास किया। सुरक्षाबलों ने भी क्रॉस फायरिंग की। ऑपरेशन जारी है।

**नए साल के पहले दिन मणिपुर में हिंसा, 4 की गई जान:** मणिपुर में नए साल के पहले ही दिन (सोमवार) को एक बार फिर हिंसा हुई। यहां थौबल के लेंगोल पहाड़ी इलाके में सोमवार शाम को 4 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 11 लोग घायल हुए। स्थानीय लोगों ने हमलावरों की तीन गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर लिलोंग चिंगजाओ इलाके में जबरन वसूली के लिए आए थे, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ। स्थानीय लोगों ने हमलावरों को खदेड़ा, लेकिन बदमाशों ने भागते समय फायरिंग कर दी। आरोपियों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

### 19 राज्यों में कोहरा, 9 शहरों में जीरो विजिबिलिटी:

**भोपाल/चंडीगढ़/दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

देश के 19 राज्यों में मंगलवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। भोपाल, अजमेर, बीकानेर, लखनऊ, वाराणसी, बहराइच, बरेली, पटियाला और देहरादून में जीरो विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई। कोहरे का असर ट्रेनों पर भी देखने को मिला। दिल्ली में 26 ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं चल पाईं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में सुबह तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया। क्ष्ऊ के मुताबिक, आज देश के उत्तरी राज्यों और उत्तरी राजस्थान के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री-9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

# ट्रक ड्राइवरों का 'चक्काजाम', लोग हलकान

## = पेट्रोल-डीजल की किल्लत: 10 राज्यों में ज्यादा असर; एमपी हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा- हड़ताल खत्म कराएं

**विरोध**

8 राज्यों में पेट्रोल-डीजल, फल-सब्जी जैसी बेहद जरूरी चीजें नहीं पहुंच रही हैं, जिसके चलते लोग परेशान हैं






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देशभर** के ट्रक ड्राइवर हिट एंड रन मामले में केंद्र सरकार के नए कानून के प्रावधानों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर हैं। इसकी वजह से विभिन्न राज्यों में पेट्रोल-डीजल, फल-सब्जी जैसी बेहद जरूरी चीजें नहीं पहुंच रही हैं, जिसके चलते इन सभी के दाम बढ़ गए हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, समेत 10 राज्यों से पेट्रोल-डीजल पंप ड्राई होने की खबरें हैं। यहां लोगों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। फल, सब्जी, दूध, कृषि के सामानों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। कई जगह प्रशासन ट्रांसपोटर्स से संपर्क कर आपूर्ति बहाल करवाने में लगा है। ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष अमृतलाल मदान ने कहा, अभी ट्रांसपोटर्स ने हड़ताल की घोषणा नहीं की है। इस पर फैसला मंगलवार को दिल्ली में होने वाली बैठक में होगा। अभी ड्राइवर खुद ही गाड़ियां छोड़कर उतर रहे हैं। दूसरों को भी चलाने नहीं दे रहे हैं।' उधर, हड़ताल के खिलाफ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मंगलवार को 2 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि हड़ताल तुरंत खत्म करवाकर, परिवहन बहाल करवाए

**चंडीगढ़: पेट्रोल-डीजल की सशर्त बिक्री- दोपहिया को 2 और चार पहिया को 5 लीटर मिलेगा:** चंडीगढ़ प्रशासन ने पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर शर्त लगा दी है। जिला मजिस्ट्रेट विनय प्रताप सिंह ने आदेश जारी कर दोपहिया वाहन के लिए 2 लीटर (अधिकतम मूल्य 200) और चार पहिया वाहन के लिए 5 लीटर (अधिकतम मूल्य 500) तेल बिक्री के प्रतिबंध लगाए हैं। स्थिति सामान्य होने तक यह शर्त लागू रहेगी। ए

**उत्तर प्रदेश: मैनपुरी में ट्रक ड्राइवर्स और पुलिसकर्मी भिड़े; आंसू गैस के गोले दागने पड़े:** कानपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में पेट्रोल पंप के सामने गाड़ियों की 1 से 2 ङे लंबी लाइनें लग गई हैं।

### बिहार : पंपों पर पेट्रोल नहीं के चस्पे पोस्टर

**बिहार** में ट्रक और बस ड्राइवर दूसरे दिन भी हड़ताल पर हैं। राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में ट्रक और बस बंद हैं। पटना के कई हिस्सों में ऑटो नहीं चल रहे हैं। कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल और सीएनजी खत्म होने लगे हैं। पटना के पंप में तो पोस्टर लगाया गया है कि पेट्रोल नहीं है।

**तेलंगाना: हैदराबाद में पेट्रोल पंप पर भीड़ को काबू करने पुलिस बुलानी पड़ी**

कानपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में पेट्रोल पंप के सामने गाड़ियों की 1 से 2 ङे लंबी लाइनें लग गई हैं।

### जम्मू-कश्मीर: 1500 टैंकर हड़ताल पर; 90% पंप खाली

**जम्मू-कश्मीर** पंप मालिकों की यूनियन ने कहा कि जम्मू में 90 फीसदी पेट्रोल पंप खाली हो गए हैं और अगले कुछ घंटों में सारा स्टॉक खत्म हो जाएगा क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश और लद्दाख में ईंधन ले जाने वाले 1,500 टैंकर हड़ताल पर हैं। ऑल जेएंडके पेट्रोल टैंकर ओनर्स एसोसिएशन ने कहा है कि हड़ताल जारी रहेगी और जब तक नए कानून रद्द नहीं किए जाते, ड्राइवर काम पर नहीं लौटेंगे जयपुर समेत सभी बड़े शहरों में फल-सब्जियों, दूध और पेट्रोल की किल्लत शुरू हो गई है।

### एमपी: राज्य सरकार परिवहन बहाल करवाएं: हाईकोर्ट

**मध्यप्रदेश** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को हड़ताल खत्म कराने के निर्देश दिए हैं। दो याचिकाओं पर मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा, 'हड़ताल को तुरंत खत्म करवाया जाए। सरकार परिवहन बहाल करवाए।' इस पर सरकार की तरफ से महाधिवक्ता ने कहा, 'आज शाम तक इस मामले में अहम निर्णय लिया जा रहा है।'

# रेलवे ने सेफ्टी के लिए क्या किया: सुप्रीम कोर्ट

## पूछा- पूरे नेटवर्क में कवच सिस्टम लागू करने पर कितना खर्च आएगा

**जवाब तलब**

8 सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' की जानकारी भी मांगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार (2 जनवरी) को केंद्र से पूछा कि ट्रेन हादसे रोकने के लिए रेलवे में क्या सेफ्टी पैरामीटर लगाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' की जानकारी भी मांगी। जस्टिस सूर्य कांत और केवी विश्वनाथन की बेंच ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि रेलवे ने कौन से सुरक्षा उपाय लागू किए हैं या करने वाली है, चार हफ्ते बाद होने वाली सुनवाई में इसकी डिटेल दें। जून में हुए ओडिशा ट्रेन हादसे में 293 लोगों की जान गई थी, जिसके बाद सरकार ने कवच सिस्टम लाने की बात कही थी। कोर्ट ने पूछा कि कवच सिस्टम को पूरे देश में लागू करने पर कितना आर्थिक बोझ पड़ने वाला है, क्या इसका आकलन करने के लिए कोई प्रक्रिया अपनाई गई है?

**याचिका में की गई रेल हादसे रोकने के उपायों को लागू करवाने की मांग:** सुप्रीम कोर्ट एक याचिका की सुनवाई कर रहा था, जिसमें हादसे रोकने के लिए रेलवे एक्सीडेंट प्रोटेक्टिव उपायों को लागू करवाने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी।

### टोक्यो एयरपोर्ट पर दो विमान टकराए, आग लगी, 379 लोग सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/टोक्यो**

**जापान की राजधानी** टोक्यो के हानेडा एयरपोर्ट पर एक प्लेन में आग लग गई। जापान टाइम्स के मुताबिक लैंडिंग से पहले विमान कोस्ट गार्ड के प्लेन से टकरा गया। इस दौरान कोस्ट गार्ड के प्लेन में सवार 6 में से 5 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। वहीं पायलट घायल होने के बाद भी विमान से निकलने में कामयाब रहा। जापान एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने कहा है कि पैसेंजर प्लेन होकाइडो के शिन-चितोसे एयरपोर्ट से रवाना हुआ था।

# सीएम धामी ने किया 37 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के केदारेश्वर मैदान में आयोजित (चेलि ब्वार्यूं कौतिक) मातृशक्ति उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग 100 करोड़ की विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 19 करोड़ की 11 विभिन्न योजनाओं का



लोकार्पण तथा 81 करोड़ की 26 योजनाओं का शिलान्यास सामिल है।

**विकास कार्य**

8 मुख्यमंत्री ने कपकोट, बागेश्वर में आयोजित चेलि ब्वारयूं कौतिक कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने जनपद बागेश्वर में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना, बागनाथ मंदिर बागेश्वर के संग्रहालय में 90 प्रतिमाओं की स्थापना किये जाने, बदियाकोट कर्मी तलाई में 100 एम.टी. गोदाम तथा आवासीय भवन का निर्माण किये जाने, विधानसभा क्षेत्र कपकोट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपर जिला चिकित्सालय बनाये जाने, शामा में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण किये जाने के साथ जनपद बागेश्वर के भराड़ी में मल्टी पार्किंग से संबंधित प्रस्तावों को मंजूर किये जाने की घोषणा की।

# आजादी के बाद से लक्षद्वीप के इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान नहीं: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने मंगलवार को लक्षद्वीप के अगत्ती में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक इसके इंफ्रास्ट्रक्चर पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। हमारी सरकार का प्रयास है कि गरीबों के पास घर हो, टॉयलेट हो, बिजली, गैस जैसी सुविधाओं से कोई भी वंचित न रहे। लक्षद्वीप में पीएम 1 हजार 150 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले पीएम ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया था। इसे 1100 करोड़ रुपए में बनाया गया है। इसके अलावा पीएम ने तमिलनाडु में रेल, सड़क, तेल और गैस, शिपिंग और उच्चतर शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी 19 हजार 850 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री सुबह 10:30 बजे सबसे पहले तिरुचिरापल्ली पहुंचे। यहां वे भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने गोल्ड मेडलिस्ट स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री के साथ राज्य के गवर्नर आरएन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी मौजूद रहे।



**सुविधाएं**

8 हमारा प्रयास कोई बिजली, गैस जैसी सुविधाओं से वंचित न रहे: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

लक्षद्वीप अनेक संभावनाओं से भरा है, लेकिन आजादी के बाद लंबे समय तक इसके इंफ्रास्ट्रक्चर पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। शिपिंग यहां की लाइफ लाइन होने का बावजूद लक्षद्वीप पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर ही रहा। यहां के लोगों को हेल्थ हो, शिक्षा हो, यहां तक की पेट्रोल डीजल के लिए भी बहुत परेशानियां उठानी पड़ती थी। इन सब चुनौतियों को अब हमारी सरकार दूर कर रही है। सरकार का प्रयास है कि गरीबों के पास घर हो, टॉयलेट हो, बिजली, गैस जैसी सुविधाओं से कोई भी वंचित न रहे।

# भाजपा ने असंतुष्ट नेताओं को साधने के लिए कमेटी बनाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अयोध्या में** राम लला मंदिर और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आज (2 जनवरी) को दिल्ली में भाजपा की बैठक हुई है। इसकी अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर एक कमेटी का गठन किया है। इसका काम विभिन्न राजनीतिक दलों के असंतुष्ट नेताओं से संपर्क करना और उन्हें पार्टी में शामिल करना होगा। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा, महासचिव तरुण चुघ, महासचिव सुनील बंसल और केंद्र स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया समेत अन्य नेता बैठक में शामिल रहे। इसके अलावा 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम को संपन्न बनाने और देशभर में लोगों तक इसे पहुंचाने को लेकर रोड मैप तैयार किया जा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पार्टी एक कमेटी भी बना सकती है, जिसमें 1-2 सीएम और 3-4 केंद्रीय मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है।

**मिशन 2024**

8 दिल्ली में हुई मीटिंग में लोकसभा चुनाव और राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर चर्चा की

**50 लाख लोगों को अयोध्या दर्शन कराएगी बिहार बीजेपी:** बिहार बीजेपी की ओर से 50 लाख लोगों को अयोध्या दर्शन कराया जाएगा। ऐसे में लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए बीजेपी की ओर से लव कुश रथ यात्रा निकाली जा रही है।

# सत्ताधीशों के लिए धर्मनिरपेक्षता अपमानजनक बन गई है: सोनिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस नेता सोनिया** गांधी ने कहा है कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए धर्मनिरपेक्षता अपमानजनक बात बन गई है। इसकी वजह से हमारे समाज का ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है। सोनिया ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता भारत के लोकतंत्र की नींव का पत्थर है। सोनिया ने ये बातें मनोरमा ईयरबुक 2024 के लिए एक आर्टिकल में लिखीं। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग कहते तो हैं कि वे लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन वे इसे कमजोर कर रहे हैं। वे रास्ते जिनसे हमारा देश एकता और तालमेल की तरफ जाता, उन्हें ही बर्बाद किया जा रहा है। लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता गहराई से आपस में जुड़े हैं- जैसे किसी रेल की पटरी के दो ट्रैक, जो सरकार को एक मजबूत सोसाइटी बनाने की तरफ ले जाते हैं।



**अगर धर्मनिरपेक्षता को समझ लिया, तो हर नागरिक भारत को समझ जाएगा:** सोनिया ने कहा कि हम सब इन शब्दों से वाकिफ हैं, जिन्हें हम डिबेट, स्पीच, स्कूली किताबों और संविधान की प्रस्तावना में पढ़ते हैं। इसके बावजूद इन अवधारणाओं का असल मतलब आसानी से समझ नहीं आता है।

**साधा निशाना**

8 लोकतंत्र को बचाने का दावा करने वाले ही उसे कमजोर कर रहे, धर्मनिरपेक्षता भारत के लोकतंत्र की नींव का पत्थर

# आईसीयू में भर्ती को लेकर केंद्र सरकार की गाइडलाइन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार** ने गंभीर मरीजों के आईसीयू में भर्ती करने को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक, परिवार के लोगों की सहमति के बिना अस्पताल मरीज को क्ष्ब्व में एडमिट नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा यदि किसी मरीज का इलाज नहीं हो पा रहा, सेहत में सुधार नहीं हो रहा तो अस्पताल जानबूझकर उसे आईसीयू में नहीं रख सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 24 डॉक्टरों की टीम की सिफारिशों के आधार पर यह गाइडलाइन जारी की है। इन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, महामारी या आपदा की स्थिति में जहां साधन सीमित हों, वहां जरूरतमंद मरीज को प्राथमिकता दिए जाने को कहा गया है।

**आईसीयू में इन्हें भर्ती करवाएं:** गाइडलाइन के मुताबिक, अगर किसी पेशेंट को हेमोडायनामिक इनस्टेबिलिटी, ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत हो, सांस लेने में दिक्कत हो रही हो, मेजर हार्ट अटैक आया हो, कार्डियक अरेस्ट हुआ हो।

### जापान के भूकंप में अब तक 48 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/टोक्यो**

**जापान** के इशिकावा में नए साल के दिन 7.6 की तीव्रता का भूकंप आया। जापान टुडे के मुताबिक इससे अब तक 48 लोगों की मौत हो चुकी है, वहां 140 आफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए हैं। इनकी तीव्रता 3.4 से 4.6 के बीच रही है। इशिकावा में भूकंप से कई जगहों पर आग लग गई। इससे 200 इमारतें जलकर खाक हो चुकी हैं। 32,500 घरों में बिजली नहीं है। यहां एक और भूकंप की चेतावनी जारी की गई है।

**इमारतों के नीचे दबे 14 लोग:** जापान के मीडिया हाउस के मुताबिक वाजिमा शहर में 14 लोग इमारतों के नीचे दबे हैं।

**राष्ट्र स्तरीय**

## महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने की घोषणा की

# सीएम सुक्खू ने विंटर कार्निवल मनाली का शुभारम्भ किया

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कुल्लू जिला के मनाली में पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल का शुभारम्भ किया। उन्होंने ऐतिहासिक हिडिम्बा मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरान्त परिधि गृह मनाली से कार्निवल परेड को झंडी दिखा कर रवाना किया। हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों के 250 से अधिक महिला मंडल और सांस्कृतिक दल परेड में शामिल हुए। सांस्कृतिक दलों ने सामाजिक सन्देश, संस्कृति और परम्पराओं पर आधारित आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मनु रंगशाला में दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विंटर कार्निवल में विभिन्न राज्यों के 25 प्रतिभागी समूह भाग ले रहे हैं। उन्होंने महिला मंडलों, विभागों और संस्थाओं द्वारा निकाली गई झांकियों में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने महिला मंडलों को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त मनाली में 15 मील के पास नए पुल के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि रोहतांग-मनालसू पर्यटन होटल का जीर्णोद्धार किया जाएगा और विद्युत बोर्ड की भूमि पर पार्किंग बनाने की संभावना तलाशने के लिए भी सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने निकट भविष्य में मनाली में स्कीइंग कार्यक्रम आयोजित करने की भी घोषणा की। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले वर्ष आपदा के दौरान कुल्लू जिला में भारी क्षति हुई थी।



**पांच दिवसीय**

8 विद्युत बोर्ड की भूमि पर पार्किंग बनाने की संभावना तलाशने के लिए भी सर्वेक्षण किया जाएगा: सीएम

# युवाओं की खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए सुदृढ़ होगा खेल आधारभूत ढांचा

## मुख्यमंत्री ने की खेल विभाग के अधिकारियों संग बैठक, गांवों में भी खेलों व मांग के अनुसार स्पोर्ट्स नर्सरियां बनाने के दिए निर्देश

**रूपरेखा तैयार**

**8 खेल आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं की खेल प्रतिभाओं को बचपन से तराशा जा सके**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
**खेलों के क्षेत्रों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय** स्तर पर अलग पहचान बना चुके हरियाणा में अब गांव-गांव तक खेल आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं की खेल प्रतिभाओं को बचपन से तराशा जा सके। इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्षेत्र अनुसार लोकप्रिय खेलों में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए स्पेशलाइज्ड हाई पावर परफॉर्मेंस सेंटर खोलने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इन केंद्रों में केवल एक ही खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि युवा अपनी-अपनी रूचि के अनुसार उस खेल में पारंगत हो सके और प्रदेश व देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री मंगलवार को यहां हरियाणा में खेलों के लिए नया आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए रोडमैप की तैयारी के संबंध में खेल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर क्षेत्र में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाना है, इसके लिए बेहद जरूरी है कि क्षेत्र अनुसार जहां-जहां जो खेल लोकप्रिय हैं, वहां उन खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में लोकप्रिय खेलों व मांग के अनुसार स्पोर्ट्स नर्सरियां भी बनाई जाए, ताकि बच्चों की बुनियाद बचपन से ही मजबूत बन सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खेल विभाग और पंचायत विभाग द्वारा गांवों में खेलों के लिए विकसित आधारभूत ढांचे की भी मैपिंग की जाए, ताकि जरूरत के अनुसार हर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जन संवाद पोर्टल, ग्राम दर्शन और नगर दर्शन पोर्टल पर भी लोगों द्वारा उनके क्षेत्र में स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, स्पोर्ट्स नर्सरी या अन्य संस्थान बनाने की मांग दर्ज की गई है तो उन मांगों की भी मैपिंग कर एक सूची तैयार की जाए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पदक विजेता खिलाड़ी, जो आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन पॉलिसी (ओएसपी) के तहत नौकरी प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें भी प्रोत्साहित किया जाए कि वे अपने-अपने खेलों में युवाओं को प्रतिभावान बनाने के लिए स्पोर्ट्स नर्सरियों का संचालन करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खेल विभाग द्वारा स्पोर्ट्स पर्सन की सूची तैयार की जाए, जिनमें लोकप्रिय तथा छोटे स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी भी शामिल हों। उन्होंने कहा कि कई बार छोटे स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिल पाता, इसलिए सरकार ऐसे खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का पूरा मौका देगी, ताकि कोई भी हुनरमंद खिलाड़ी पीछे न रहे। ऐसे खिलाड़ियों को उनके खेल के अनुसार ट्रेनिंग मुहैया करवाने पर भी पूरा फोकस किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पदक विजेता खिलाड़ी, जो आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन पॉलिसी (ओएसपी) के तहत नौकरी प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें भी प्रोत्साहित किया जाए कि वे अपने-अपने खेलों में युवाओं को प्रतिभावान बनाने के लिए स्पोर्ट्स नर्सरियों का संचालन करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खेल विभाग द्वारा स्पोर्ट्स पर्सन की सूची तैयार की जाए, जिनमें लोकप्रिय तथा छोटे स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी भी शामिल हों। कई बार छोटे स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिल पाता, इसलिए सरकार ऐसे खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का पूरा मौका देगी।

ताकि कोई भी हुनरमंद खिलाड़ी पीछे न रहे। ऐसे खिलाड़ियों को उनके खेल के अनुसार ट्रेनिंग मुहैया करवाने पर भी पूरा फोकस किया जाएगा।

# 'गुरुग्राम-फरीदाबाद में बड़े पैमाने पर कचरे के निपटान पर 126 करोड़ खर्च होंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने गुरुग्राम और फरीदाबाद में कचरे से निपटान के लिए 126 करोड़ रुपये की कार्य योजना तैयार की हैं। इसके अतिरिक्त बंधवारी में 15 लाख मीट्रिक टन कचरे के निपटान किया जाएगा। इस योजना को जून 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।श्री कौशल गुरुग्राम और फरीदाबाद में कचरा निपटान की प्रगति का आकलन करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को बंधवारी स्थल पर लीचेट कचरा प्रबंधन में विफल रहने वाली एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने गुरुग्राम और फरीदाबाद में लैंडफिल में अपशिष्ट डालने और कचरा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ दंड और जुमार्ने की कार्रवाई को कहा। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन या निपटान में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
श्री कौशल ने मुजेरी साइट के विकास, ट्रामेल स्थापित करने की प्रगति और प्रतापगढ़ लैंडफिल साइट पर चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने आयुक्त, नगर निगम, फरीदाबाद को मुजेरी में जनवरी के अंत तक विकास पूरा करने, ट्रामेल स्थापित करने और प्रतापगढ़ साइट पर फरवरी 2024 तक कार्य शुरू करने का निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम और फरीदाबाद में लगभग 1200 टीपीडी और 1000 टीपीडी ताजा कचरा उत्पन्न होता हैं। नगर निगम गुरुग्राम और नगर निगम,

**लक्ष्य निर्धारित**

**8 15 लाख मीट्रिक टन कचरे के निपटान किया जाएगा। इस योजना को जून 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया**

फरीदाबाद नियमित रूप से कचरा पृथक्करण पर जागरूक कार्यक्रम आयोजित कर निगरानी कर रहे हैं। नगर निगम गुरुग्राम ने 47 प्रतिशत और नगर निगम फरीदाबाद 44 प्रतिशत कचरा अलग अलग किया है इसमें और सुधार के प्रयास जारी हैं।
नगर निगम, गुरुग्राम ने बेरी बाग, बादशाहपुर, सेक्टर -44, कार्टरपुरी और दरबारीपुर सहित पांच स्थानों पर विकेंद्रीकृत ताजा कचरा प्रसंस्करण शुरू किया है।
इसके अतिरिक्त बेरी बाग में पारस अस्पताल के पास और अतुल कटारिया चौक के पास दैनिक प्रसंस्करण के लिए तीन ऑपरेशन स्टेशन चालू किए हैं।
इसके अतिरिक्त गुरुग्राम में कुल 396 टीपीडी में से 390 बल्क वेस्ट जेनरेटर कचरे को साइट पर और नगर निगम, फरीदाबाद में विकेंद्रीकृत स्थानों पर 140 टीपीडी ताजा कचरे का प्रसंस्करण किया हैं। बल्क में उत्पन्न होने वाले 275 टीडीपी कचरे में से 77 टीपीडी कचरे को साइट पर ही निस्तारित किया हैं। नगर निगम गुरुग्राम ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 के तहत मानदंडों का अनुपालन न करने पर 163 बल्क वेस्ट जनरेट करने वाले और नगर निगम फरीदाबाद ने 70 बल्क वेस्ट जनरेट करने वालों को दंडित किया है।

## न्यूज फ्लैश

### हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को एम.एस. स्वामीनाथन अवार्ड से नवाजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को प्रतिष्ठित एम.एस. स्वामीनाथन अवार्ड से नवाजा गया है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित राजमाता विश्वराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में ह्यवन हेल्थ वन वर्ल्डह्ण विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें सस्य विज्ञान क्षेत्र में एक वैज्ञानिक/विस्तार विशेषज्ञ के रूप में उनके कार्यों के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कनार्टक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उन्हे यह अवार्ड देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि एम.एस. स्वामीनाथन अवार्ड के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी की ओर से सस्य विज्ञान के क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास व विस्तार के क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर विजेता का चयन किया गया है। इसी के फलस्वरूप कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का चयन कर उन्हें एम.ए. स्वामीनाथन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रो. काम्बोज अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक है और उनके अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों, पुस्तकों और तकनीकी पत्रिकाओं में लगभग 300 शोध-पत्र व आलेख प्रकाशित हुए है। प्रो. काम्बोज का पूरे सेवाकाल के दौरान विस्तार शिक्षा का सर्वाधिक अनुभव रहा है। वे किसानों की आम समस्याओं, आवश्यकताओं और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर से अच्छी तरह से परिचित है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान कार्य और विस्तार गतिविधियों में उनके अनुभव के आधार पर उनके द्वारा की गई कृषि सिफारिशें किसानों के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हुई हैं ।

### सरकार का मुख्य ध्येय जरूरतमंद व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ना: दुड़ाराम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के विधायक दुड़ाराम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओजस्वी नेतृत्व में देश और प्रदेश दिन - दौगुनी रात - चौगुनी तरक्की कर रहा है। दुड़ाराम मंगलवार को जिला फतेहाबाद के गांव चौबारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा - जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों, युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों एवं वंचित परिवारों को विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में सीधे तौर पर मिल रहा है। सरकार का मुख्य ध्येय है कि जरूरतमंद व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल्स लगाए गए जिसमें योजनाओं का लाभ और जानकारी दी जा रही थी। दुड़ाराम ने इन स्टाल्स का निरीक्षण करके फीडबैक ली। मौके पर ही लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया तथा उपस्थित ग्रामीणों को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि कल्याणकारी योजनाएं जमीन स्तर पर लाभार्थियों को घर द्वार पर मिले। वर्तमान की केंद्र व प्रदेश सरकार धरातल पर कार्य कर रही है। आज देश व प्रदेश में ऐसी व्यवस्था की गई है, जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों को कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है। अब ऑनलाइन व्यवस्था से पेंशन, आयुष्मान कार्ड आदि अपने आप बनकर लाभार्थियों के घर पहुंच जाते हैं। विधायक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंत्योदय और जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं देश के करोड़ों लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को एक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का जन आंदोलन है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में समान रूप से विकास करवा रहे हैं। भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था को लागू किया गया है और विकास की गति को तेज किया गया है। इस मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया।

# हिसार निवासी दुराचार पीड़िता ने लगाया डीएसपी पर दुर्व्यवहार का आरोप, विज ने दिए जांच के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने दुराचार पीड़िता द्वारा हिसार के डीएसपी पर दुर्व्यवहार करने के आरोपों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएसपी को हिसार से अन्य जिले में तबादला करने के निर्देश दिए। इस मामले की जांच के लिए उन्होंने आईजी, हिसार को एसआईटी गठित कर दस दिन के भीतर रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। श्री विज मंगलवार को अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। गृह मंत्री अनिल विज को हिसार से आई महिला ने बताया कि उसने व्यक्ति के खिलाफ दुराचार का मामला दर्ज कराया था, मगर हिसार पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली की वजह से आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत मिली। उसका आरोप था कि मामले में तथ्यों को सामने नहीं लाया गया और डीएसपी द्वारा उससे दुर्वयवहार किया गया।
गृह मंत्री ने इस मामले में डीएसपी का अन्य जिले में तबादला करने व मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।वहीं, गृह मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में बीती रात्रि भाजपा बूथ प्रधान की हत्या मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए एसपी अम्बाला को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में लिप्त सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। दरअसल, गांव बोह में बीती रात्रि विवाद के बाद भाजपा बूथ प्रधान की हत्या हुई थी। इस मामले में आज मृतक के परिजनों ने गृह मंत्री अनिल विज से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की थी। गृह मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर विभिन्न समस्याओं को सुन अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। कैथल से आई महिला ने जमीनी विवाद पर मारपीट करने के आरोप लगाए, जिस पर मंत्री विज ने एसपी कैथल को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# जींद और मेवात में बनेगीं एयर स्ट्रीप: डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है** कि मौजूदा सरकार के चार साल के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हुए है। राज्य सरकार की दूरगामी एवं विकासपरक नीतियों की बदौलत वर्तमान समय में हरियाणा अक्षय ऊर्जा में देशभर में दूसरे पायदान पर है और औद्योगिक विकास की दृष्टि से निवेशकों की पहली पंसद के तौर पर देश के तीन राज्यों में भी शामिल हुआ है, इसके अलावा स्वेत, नीली व औद्योगिक क्रांति में भी हरियाणा ने आज अपना लोहा मनवाया है।
उपमुख्यमंत्री ने ये विचार मंगलवार को जींद जिला के उचाना में जन समस्याएं सुनने उपरान्त मीडिया से रूबरू होते हुए व्यक्त किए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कोरोना महामारी तथा लम्बे किसान आन्दोलन के बावजूद प्रदेश में 38 हजार करोड़ का निवेश आना सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति प्रदान करने के लिए नए कदम उठाए गए है, इसके लिए ई- भूमि पोर्टल तथा लैंड परचेज के मार्फत एचएसआईडीसी द्वारा 9 जगह औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए आवेदन मांगे गए है। यह भी प्रसन्नता की बात है कि इसके तहत प्रदेशभर में जींद के गांव खटकड़ व उचाना में 550 एकड़ भूमि किसानों द्वारा सरकार को देने के आवेदन प्राप्त हुए है। औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने की प्रक्रिया स्थापित की जाएगी

**विकास कार्य**

**8 स्वेत, नीली व औद्योगिक क्रांति में भी अव्वल बन रहा है हरियाणा : दुष्यंत चौटाला**

और इनके स्थापित होने के बाद युवाओं को भी स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होगें। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में पदमा योजना लांच की गई है जिसके तहत जींद, रेवाड़ी, पलवल सहित अन्य जिलों में भी सार्वजनिक एवं निजी आधारभूत इकाईयां स्थापित कर औद्योगिक विकास को नया स्वरूप दिया जाएगा।
उपमुख्यमंत्री ने आगे बताया कि दिल्ली- कटड़ा नेशनल हाईवे पर लगते मेवात व जींद जिला में भी 200-200 एकड़ के लिए ई- भूमि पर आवेदन मांगे गए है और आवेदन प्राप्त होते ही पायलेट ट्रेनिंग ऑपरेटर केन्द्र स्थापित करने के प्रोपोजल तैयार किए जाएंगे।
उपमुख्यमंत्री ने हिट व रन कानून को समय की मांग बताते हुए कहा कि इस बारे जनसाधारण को किसी भी भ्रान्ति से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि उक्त कानून अलग-अलग दो प्रावधानों के तहत लागू किया गया है, इसमें आकस्मिक घटना होने और चोटिल व्यक्ति की मदद करने की दिशा में अलग हिदायत लागू होंगी ,जबकि किसी व्यक्ति को दुर्घटना ग्रस्त कर भागने वाले ड्राइवर पर अलग कायदे सुनिश्चित किए गए है।

# बीते माह के जीएसटी संग्रह में हरियाणा राष्ट्रीय औसत से आगे निकला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मनोहर लाल ने बीते दिसंबर माह में प्रदेश में जीएसटी संग्रह में बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। दिसंबर महीने में देश में एकत्रित सकल जीएसटी राजस्व 1,64,822 करोड़ रुपये है, जो पिछले साल के इसी महीने के जीएसटी राजस्व से 10.3फीसदी अधिक है। दिसंबर 2023 में हरियाणा में सकल जीएसटी संग्रह 8,130 करोड़ रुपये है, जबकि दिसंबर 2022 में यह 6,678 करोड़ रुपये था, जो 10.3फीसदी की राष्ट्रीय वृद्धि के मुकाबले 22फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।



हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# 'सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर - 8 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री



ने अंत्योदय जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण एवं उत्थान किया है जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए व कटे हुए हैं। आयुष्मान योजना के तहत देश में गरीब परिवारों का 5 लाख रुपये की धनराशि तक का सालाना इलाज मुफ्त किया जा रहा है। 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में गैस के कनेक्शन दिए हैं और करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज देने का कार्य भी मोदी की गारंटी वाली सरकार ने किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। इस अवसर पर आम जनता योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं, पात्रों का मौके पर ही राशन कार्ड बन रहा है, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच इत्यादि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है केंद्रीय राज्य मंत्री श्री गुर्जर ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

# कुलासी लिंक ड्रेन की भूमि पर 9.97 करोड़ रुपये नई सड़क के निर्माण की दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने झज्जर जिले में परित्यक्त कुलासी लिंक ड्रेन की भूमि पर नई सड़क के निर्माण को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यहां 9.97 करोड़. रुपये की लागत से बनने वाली नई सड़क परियोजना के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी दी। इस संबंध में एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि प्रस्तावित सड़क आरडी 0.00 से 5.400 किमी तक फैली है, जो क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण परियोजना है।
प्रवक्ता ने बताया कि प्रस्तावित सड़क, जिसकी कुल लंबाई

**परियोजना**

**8 एमडीआर-138 (बहादुरगढ़-नाहरा-नाहरी रोड) और दूसरी तरफ (सांखोल-बाराही रोड) के साथ जोड़गी**

5.183 किमी है, जो एक तरफ एमडीआर-138 (बहादुरगढ़-नाहरा-नाहरी रोड) और दूसरी तरफ (सांखोल-बाराही रोड) के साथ जोड़गी।
इसके अलावा सड़क सांखोल-बाराही रोड से लगभग 1.00 किमी पर प्रस्तावित उत्तरी बाईपास के साथ मिलती है।
उन्होंने बताया कि साइट का कार्यकारी अभियंता, प्रांतीय डिवीजन पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) द्वारा सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया गया था।
अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में किए गए निरीक्षण में इस बात की पुष्टि हुई कि परित्यक्त कुलासी लिंक ड्रेन की भूमि पर कोई अतिक्रमण नहीं है। यह बुनियादी ढांचा पहल कनेक्टिविटी बढ़ाने, क्षेत्रीय विकास को सुविधाजनक बनाने और झज्जर जिले की समग्र प्रगति सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

# 'समूचा हरियाणा बीजेपी-जेजेपी सरकार को बेदखल करने का इच्छुक'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को नूह में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि बीजेपी और बीजेपी-जेजेपी की सरकारों ने हरियाणा को बेरोजगारी, बदहाली और बबार्दी के सिवाय कुछ नहीं दिया। इसीलिए मेवात समेत पूरा हरियाणा इस सरकार को सत्ता से बेदखल करना चाहता है।
विधानसभा में पार्टी के उपनेता आफताब अहमद, विधायक मोहम्मद इलियास और मामन खान द्वारा आयोजित यह सम्मेलन कार्यकताओं के जोश और हाजिरी के चलते बड़ी रैली में तब्दील हो गया। हुड्डा के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, कांग्रेस



ओबीसी (विंग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव, विधायक राव दानसिंह, पूर्व विधायक करण सिंह दलाल, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, साहिदा खान, इब्राहिम इंजीनियर, मोहम्मद इजराइल समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनमें जोश भरने का काम किया। भारत जोड़ो यात्रा, विपक्ष आपके समक्ष, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान,जनमिलन समारोह और जन आक्रोश रैलियों को मिले शानदार जनसमर्थन के बाद नव वर्ष के मौके पर पार्टी की तरफ से ह्यघर-घर कांग्रेसह्ण अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया है।
मेवात ईकाई ने नए कार्यक्रम का स्वागत किया। साथ ही कार्यकताओं की तरफ से मीटिंग में अपने-अपने सुझाव रखे गए। सभी ने हरियाणा से बीजेपी-जेजेपी सरकार को उखाडने का संकल्प लिया है। इस मौके पर नूंह से जेजेपी के जिला अध्यक्ष जावेद खान ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। तमाम वरिष्ठ नेताओं ने उनका पार्टी में स्वागत किया। अपने संबोधन में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सिर्फ धर्म के नाम पर बंटवारे की राजनीति करती है जबकि कांग्रेस की राजनीति का आधार भाईचारा और विकास है। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान मेवात में जो मेडिकल कॉलेज बना उसे भी मौजूदा सरकार बर्बाद करने की कोशिश कर रही है। ना यहां पर डॉक्टर मुहैया करवाए जा रहे हैं और ना ही दवाई व अन्य मेडिकल सामान। 1947 में हुए बंटवारे के समय भी जो भाईचारा नहीं टूटा, उसे मौजूदा सरकार ने तोड़ने का प्रयास किया। इस सरकार ने कानून व्यवस्था की हर कदम पर धज्जियां उड़ाई, जिसके चलते हरियाणा में निवेश का अभाव हुआ। इसीलिए प्रदेश आज देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी झेल रहा है

**साधा निशाना**

**8 सरकार ने कानून व्यवस्था की हर कदम पर धज्जियां उड़ाई: पूर्व सीएम हुड्डा**

# पीएम मोदी जनता के हित के लिए निरंतरता में कार्य कर रहे: अरूण

## 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**भाजपा** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरूण भान ने कहा कि वर्ष 2014 में जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी तबसे वे देश और जनता के हित के लिए लगातार निरन्तरता में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा और हमें भारत का नागरिक होने के नाते अपने कर्तव्यों निभाना होगा। कार्यकारिणी सदस्य अरूण भान विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को ब्लॉक अम्बाला -1 के तहत गांव भेडस्यां व मोहड़ी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। गांव मोहड़ा में



आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने शिरकत करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरूण भान ने गांव भेडस्यां इस मौके पर उपस्थित ग्रामीण व अन्य को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। पारदर्शी तरीके सभी को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल रहा है। हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्प है। भाजपा ऐसी पहली सरकार है जो लोगों की समस्याओं को ढुंढकर उनके घर द्वार पर आकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उजजवला योजना के तहत सम्बन्धित लाभार्थी को इन कैंपों में निशुल्क गैस सिलैण्डर व चुल्हा वितरित करने का काम किया जा रहा है। इसके साथ-साथ जिन पात्र व्यक्तियो की इनकम एक लाख 80 हजार रुपए से कम है वे अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं और जिनकी इनकम तीन लाख रुपए से कम है वह 1500 रुपए देकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान गांव भेडस्यां में दो बुढापा पेंशन बनी व अन्य लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित करने का काम किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव कर्म सिंह बिट्टू ने भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तारपुर्वक जानकारी दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव मोहड़ा में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने शिरकत की तथा यहां पर पहुंचे लाभार्थियों से बातचीत करते हुए उन्हें योजनाओं के तहत जो जानकारी एवं अन्य आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा था उस बारे भी उनसे बातचीत की तथा उपस्थित सभी को कहा कि यहां पर स्टॉलों के माध्यम से विभागों द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की हुई है उस बारे जानकारी दी जा रही हैं।

# अंबाला पुलिस ने चलाया हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस थानों के क्षेत्रों में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को नशे से दूर रहने, महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव, यातायात के नियमों की पालना बारे किया जा रहा जागरूक पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से 1 जनवरी 2024 को थाना मुलाना क्षेत्र एमएम यूनिवर्सिटी में छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को नशे से दूर रहने, महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, नशे की रोकथाम,



साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक बराडा श्री अनिल कुमार ने उपस्थित छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को उपरोक्त तथ्यों बारे जागरूक किया।''हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला' के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, अपराधिक गतिविधियों / नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने, किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया। इस दौरान छात्र/छात्राओं को कहा गया कि वह पढाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर व्यक्ति बुरी आदतों का शिकार हो जाते है।

# 'वोटर लिस्ट दुरूस्त होगी तभी चुनाव बेहतर तरीके से होगा'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** उपायुक्त डा. शालीन ने कहा कि वोट से सम्बन्धित कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। वोटर लिस्ट यदि दुरूस्त होती है तो चुनाव बेहतर तरीके से होता है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में बीएलओ द्वारा सर्वे के अनुसार 54787 ऐसी वोटे थी, जिनमें अनुपस्थित, शिफ्टीड, एक्सपायर व रिपिटिड थी, जिनमें से 28336 वोटों को निर्धारित मापदण्डों के तहत काटने का काम किया गया हैं, 26451 वोटों पर प्रक्रिया जारी हैं। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में मतदाता सूचियों से सम्बन्धित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि इस विषय के तहत वे अपने क्षेत्रों के बीएलओज की बैठक लेकर अनुपस्थित, शिफ्टीड, एक्सपायर व रिपिटिड

**बैठक**

**8 सर्वे के अनुसार 54787 ऐसी वोटे थी, जिनमें अनुपस्थित, शिफ्टीड, एक्सपायर व रिपिटिड थी**

वोट से सम्बधिंत जो भी कार्य है, उसे करवाना सुनिश्चित करवाएं। इसके साथ-साथ यह भी कहा कि 5 जनवरी 2024 तक इस कार्य को किया जाना है, कोई भी व्यक्ति यदि अपने दावे या आपत्तियां देना चाहता है तो वे अपने क्षेत्र के बीएलओज व चुनाव कार्यालय में दे सकता हैं। चुनाव कार्यालय से आए सम्बधिंत अधिकारी ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि अक्तूबर माह 2023 से एक जनवरी 2024 तक 11754 नई वोटों को बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# कलसाना में चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला के अभिनंदन की तैयारियां जोरों पर: स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक)**

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला जी के अभिनंदन समारोह की तैयारियां जोरों पर है। कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी गांव- गांव में जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार कर रही हैं। स्वीटी रंगा गांव कलसाना में होने वाले 12 जनवरी को अभिनंदन समारोह के लिए निमंत्रण दे रही हैं। अभिनंदन समारोह के लिए स्वीटी रंगा अपनी पूरी टीम के साथ शाहाबाद



हल्के के गांव रावल खेड़ी, चनार्थल, चुडूनी, शरीफगढ़ में निमंत्रण दिया। स्वीटी रंगा ने कहा कि अभिनंदन समारोह को लेकर सभी कार्यकताओं में उत्साह की लहर है। स्वीटी रंगा ने कहा कि हर जन की आवाज है कि अबकी बार देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर गौरव अमन, मनीष,रेखा शुभम, कार्यकर्ता साथ रहे ।

# एचबीवीएन कार्यालय बलदेव नगर में आज होगा शिकायतों का निवारण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अभियंता एचबीवीएन कार्यालय में आज 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता वी.के. गोयल ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष राकेश कुमार खन्ना करेगें। उन्होंने बताया कि बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधित केस न्यायालय में विचाराधीन है, जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएंगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि बिजली से संबंधित अपनी समस्याओं व शिकायतों का समाधान करवाएं।

# पी एम विश्वकर्मा योजना से गरीब आदमी को मिलेगा स्वाभिलंबन: गजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन** पी एम विश्वकर्मा सम्मान योजना लागू कर प्रधान मंत्री मोदी ने अंतोदय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया है। प्रधान मोदी की सोच है की गरीब से गरीब आदमी को सक्षम बनाया जाए उसी दिशा में एक कदम है पी एम विश्वकर्मा सम्मान योजना। इसका अधिक से अधिक पात्र लोग लाभ उठा सके इस लिए घर घर जाकर इसका प्रचार प्रसार किया जाए। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने अपने सनौली रोड़ स्थित कार्यालय पर समाज के प्रबुद्ध लोगों की एक बैठक के दौरान कही। गजेंद्र सलूजा ने कहा की पी एम विश्वकर्मा योजना से गरीब आदमी को स्वाभिलंबन मिलेगा जिस से गरीब आदमी को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अवसर मिलेगा। गजेंद्र सलूजा ने आगे कहा की पी एम विश्वकर्मा सम्मान योजना से कोई भी हुनरमंद अब बेरोजगार नही रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से संपूर्ण बाल्मिकी समाज उद्धार समिति प्रदेश अध्यक्ष रोशन बिदलान, भाजपा जिलामीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा, सरपंच अदियाना प्रवीण कुमार,भाजपा अनुसूचित मोर्चा ज़िला महामंत्री रविंद्र तुषामद अट्टावला, जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा अनिल खत्री, अंबेडकर समिति अध्यक्ष संजय चहल तथा कबीर पंथी समाज के उपाध्यक्ष सुभाष कबीर पंथी मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा एक अनूठी पहल: कर्म सिंह बिट्टू





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव व कॉओप्रेटिव सोसायटी के निदेशक कर्म सिंह बिट्टू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है तथा हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को जोडकर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने एक अनूठी पहल की है। जिससे कि लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निवारण करवाया जा सके तथा उन्हें केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कामों से अवगत करवाया जा सके। कर्म सिंह बिट्टू गांव फजैलपुर व साहिबपुरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहीं।

इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव कर्म सिंह बिट्टू ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाई तथा नव वर्ष की शुभकमानाएं भी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। अन्तिम छोर में खड़े योग्य व्यक्ति को योजना का लाभ दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वंय सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं तथा इसके लिये सरकार द्वारा स्वंय सहायता समूहों को ऋण भी उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिये हर 20 किलोमीटर के दायरे में कॉलेज खोले जा रहे हैं। किसान सम्मान निधि के तहत 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता किसानों के खाते में सीधे उपलब्ध करवाई जा रही है। आयुष्मान/चिरायु कार्ड के माध्यम से लोगों को पांच लाख। रुपये की चिकित्सा सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल ईंजन की सरकार बिना पर्ची, बिना खर्ची योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरियां प्रदान कर रही है। इसके साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ भी लाभार्थियों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर आप सभी अपने-अपने घरों में 5-5 दीपक अवश्य जलाएं।

# जनता ने विधायक मेवा सिंह को नाकार दिया है: संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने मंगलवार को गांव टाटका में ग्रामीणों से मुलाकात कर जाना हाल-चाल व उनसे बातचीत की। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि गत रविवार को लाडवा अनाजमंडी में विधायक मेवा सिंह द्वारा जन आक्रोश रैली में भीड़ न जुटा पाना उनकी नाकामी साबित करती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई विधायक लगभग साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी अपनी ही पार्टी के कद्दावर नेताओं के हवाले से पिछले एक महीने तक लगातार हल्के के लोगों को रैली के लिए आमंत्रित किया और रैली में भी भीड़ नहीं जुटा पाए। इसका मतलब साफ है कि लाडवा हल्के की जनता ने मौजूदा विधायक मेवा सिंह को अब नकार दिया है। उन्होंने कहा की भीड़ न होना व पूर्व मुख्यमंत्री



भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व प्रदेशाध्यक्ष उदयभान का रैली में न पहुंचना सिर्फ इस बात का संकेत है। क्योंकि लाडवा हल्के की जनता ने कांग्रेस पार्टी के विधायक मेवा सिंह को नाकार दिया है। उन्होंने कहा कि जितनी भीड़ लाडवा अनाजमंडी में जन आक्रोश रैली में भी नहीं हुई उससे अधिक भीड़ तो रक्षाबंधन पर्व पर उनको उनकी हल्के की बहनों ने आशीर्वाद के रूप में उनकी कलाई पर राखी बांधकर दे दिया था। अब समय आ गया है ऐसे नेता को विधानसभा में भेजने का काम करें। जो हल्के की जनता के लिए काम कर सकें और हल्के के लिए समर्पित होकर निस्वार्थ भाव से लोगों के बीच रहे। न की वोट लेने के समय तो जनता के बीच आना और वोट लेकर जनता से गायब हो जाना।

ऐसे नेता को अब अपने पास जगह न्याय दें। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा करवाए जा रहे कार्य आज किसी से छिपे हुए नहीं है। जो भी विकास कार्य व योजनाएं हल्के की जनता के लिए चलाई जा रही है वह सभी के सामने हैं और पिछले कई साल से वह लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं। वहीं ग्रामीण रघुबीर सिंह, अनिल, सुरेश, हुकम चंद, तिलक राज आदि ने समाजसेवी संदीप गर्ग की प्रशंसा करते हुए कहा कि संदीप गर्ग एक ऐसा नेता है। जो निस्वार्थ भाव से हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं और जो योजनाएं जनता के लिए बिना कुछ बने समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा चलाई जा रही हैं।

# नए साल के अवसर पर जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र ने कराया हवन व भंडारा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

कुरुक्षेत्र शहर की सुप्रसिद्ध संस्था जन सहयोग द्वारा शुभकामना के लिए एलएनजेपी सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में सबके अच्छे स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की मंगलमय शुभकामनाओं के लिए हवन करवाया जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्था की तरफ से अलग अलग जगहों पर कपड़े बांटे गए और हस्पताल व अन्य जगह पर एक विशाल भंडारा भी लगाया गया। इस हवन यज्ञ में वात्सल्य वाटिका के मुख्य स्वामी हरिओम दास परिवारजक भी मुख्य




रूप से पहुंचे व लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। मंत्रमुग्ध मंत्रोच्चारण मास्टर पंडित श्री किरणपाल जी ने किया। संस्था के सदस्यों व आमजन ने डाली सबकी शुभकामनाओं के लिए अपनी अपनी आहुति।संस्था संस्थापक मास्टर जितेन्द्र ने बताया कि यह हवन यज्ञ सबकी सुख शांति के लिए करवाया गया है और लंगर भी कराया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था की तरफ से जितेंद्र,श्रवणकुमार,गगनदीप, मिथुन समाना, अंगुरीलाल, नितेश मंगल,निरुपमा, गीत सांगवान, बब्बू ठेकेदार, लाला महावीर मित्तल, विनोद अग्रवाल, प्रदीप वालिया व अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# भारत सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का श्रीकृष्ण आयुष विवि पहुंचने पर किया स्वागत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के अन्तर्गत जम्मू-कश्मीर के छात्र-छात्राओं का एक दल मंगलवार को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय पहुंचा। जिसका आयुष विवि के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव नरेश भार्गव व शिक्षक गणों ने पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया। इस यात्रा में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग कस्बों से लगभग 90 विद्यार्थी शामिल हैं। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि




स्वास्थ्य विज्ञान का वास्तविक उद्भव भारत की देन है और जिसका बहुत सारा लिटरेचर कश्मीर के अन्दर लिखा गया है। भारतीय चिकित्सा पद्धति में बाल रोग विषय आचार्य कश्यप की देन है जो मूल रूप से कश्मीर के निवासी थे। वर्तमान दौर के अन्दर भी आचार्य कश्यप की चिकित्सा पद्धति प्रासंगिक बनी हुई है। इसके साथ ही मध्ययुग के एक वेदाचार्य हुए हैं, जिन्हें

**अध्ययन**

**8 ग्रन्थ में डल्हण से पूर्व के अनेकानेक आयुर्वेद के पंडितों और टीकाकारों के विचार संग्रहित हैं**

डल्हण के नाम से जाना जाता है, उनका नाम डल झील से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सुश्रुत संहिता का भाष्य लिखा है, जिसका नाम निबन्ध संग्रह है। उस ग्रन्थ में डल्हण से पूर्व के अनेकानेक आयुर्वेद के पंडितों और टीकाकारों के विचार संग्रहित हैं। वहीं कुलपति ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 के हटाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक व साहसिक फैसला बताया। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने विद्यार्थियों को भारत सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के लिए मंगल कामना दी और कहा कि कश्यप ऋषि के पुत्र नीलनाग द्वारा बसाया गया कश्मीर सदैव ज्ञान व शिक्षा का केंद्र रहा है। वहीं कश्मीर विद्या की देवी मां शारदा की भूमि है। इसलिए कहा जाता है जब बच्चा विद्या ग्रहण करता है तो उसे कश्मीर की तरह मुंह करके बैठाया जाता है। निश्चित रूप से यह यात्रा एक भारत, श्रेष्ठ भारत और समर्थ भारत को लेकर कारगर सिद्ध होगी। इस अवसर पर यात्रा के संयोजक नरेंद्र कुमार, डॉ. मनोज तंवर, डॉ. रवि राज आदि उपस्थित रहे।

# कुलवेहड़ी और छपरा खेड़ा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## हर गांव में मौके पर हो रहे हैं 50 से अधिक लोगों के काम : हरविंद्र कल्याण

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज गांव कुलवेहड़ी और छपरा खेड़ा पहुंची। कार्यक्रम में विधायक हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस यात्रा का ग्रामीणों को पूरा फायदा मिल रहा है। हर गांव में औसतन 50 से अधिक लोगों के काम मौके पर हो रहे हैं। ग्रामीणों से कहा कि उनके गांव में पहुंची मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का फायदा उठाएं। कुलवेहड़ी में सरपंच अमृत बाला ने व गांव छपरा खेड़ा में सुदेश रानी ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कुलवेहड़ी में यात्रा के कोऑर्डिनेटर सुनील गोयल ने और छपरा खेड़ा में प्रवीण लाठर ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। लोक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। हरविंद्र कल्याण ने यात्रा के उद्देश्यों के साथ-साथ दयालु योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक समय ऐसा था जब सिफारिश अथवा अंदाजे से बीपीएल कार्ड बनाये जाते थे। सत्ता परिवर्तन के बाद अनेक लोग उनके पास आए और बताया कि कोठी वालों के तो बीपीएल कार्ड बना दिए गए, लेकिन असली गरीब छूट गए। उन्होंने



तथा कुछ अन्य विधायकों ने यह बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। सीएम ने समस्या के समाधान के लिए परिवार पहचान पत्र की शुरूआत की। पीपीपी के माध्यम से प्रदेश में 19 लाख और घरौंडा हलके में 27 हजार नए बीपीएल कार्ड बने हैं। इनमें से जिन परिवारों के मकान कच्चे, कड़ि‍यों वाले अथवा खस्ताहाल हैं, उन्हें अगले तीन-चार साल में सरकार नए मकान उपलब्ध कराएगी। आज सरकार ने बीपीएल कार्ड धारकों के लिए आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू की है। बीपीएल कार्ड धारकों से अपील की कि वे अपने आयुष्मान कार्ड भी बनवा लें। उन्होंने कहा कि लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। हरियाणा में बीपीएल परिवारों की बेटियों की कालेजों में पूरी फीस सरकार वहन करेगी। जिन परिवारों की आय 1.80 से 3 लाख है उनकी बेटियों को आधी फीस देनी होगी। उन्होंने बताया कि हलके में 12 स्कूलों के नए भवन मंजूर किए गए हैं। अगले साल 15 और स्कूल भवन मंजूर कराए जाएंगे। बुढ़ापा पेंशन 3 हजार रुपए की गई है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी कहा है कि प्रदेश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन के मुकाबले फसलों के भाव भाजपा राज में डेढ़ से 3 गुना तक बढ़े हैं। पहले केवल दो फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती थीं, आज 14 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। उन्होंने झूठे नारे देकर बरगलाने वालों से सावधान रहने को कहा। गांव कुलवेहड़ी में ओम प्रकाश, शिक्षा देवी और बलबीरी और छपरा खेड़ा में सरबती की मौके पर ही पेंशन बनाई गई। कुलवेहड़ी में उज्ज्वला योजना के तहत प्रेमो देवी और छपरा खेड़ा में सीमा को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिया गया। कुलवेहड़ी में पूरण सिंह, कमला, संजय कुमार, अंगूरी देवी और महेंद्र सिंह तथा छपरा खेड़ा में कैलाशी देवी का बीपीएल कार्ड और 13 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## न्यूज फ्लैश

### गांव बोहला खालसा, बोहली व गीतापुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नीलोखेड़ी** क्षेत्र के गांव बोहला खालसा, बोहली व गीतापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर विधायक धर्मपाल गोंदर व पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई गई। दोनों अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया तथा मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म देखी।

विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए ही विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों में जा रही है। ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि जो लोग सक्षम है वो योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गरीबों, असहायों की मदद के लिए आगे आएं और कागजी कार्यवाही पूरी कराने में इनकी मदद करें ताकि इन्हें भी योजनाओं का लाभ मिल सके, यह एक पुण्य का काम होगा। विधायक गोंदर ने कहा कि यात्रा के माध्यम से योजनाओं के बारे में लोगों से फीडबैक भी लिया जा रहा है ताकि कहीं कोई कमी नजर आए तो उसे दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले योजनाएं तो बनती थी लेकिन धरातल पर अमल नहीं होता था। वर्ष 2010-11 में हुए सर्वे के दौरान अनेक लोग बीपीएल कार्ड से वंचित रह गए। इसके कारण उन्हें अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा भी नसीब नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री बनने के बाद गरीबों की चिंता की और परिवार पहचान पत्र बनाने की योजना बनाई। पीपीपी में दर्ज आय के आधार पर गरीब परिवारों की पहचान की गई। बीपीएल की सीमा 1.20 लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख की गई। इससे राज्य में 19 लाख नए बीपीएल कार्ड और बने।

**नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत देश का विदेशों में बढ़ा सम्मान : कबीरपंथी**

विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दौरान गांव बोहला-बोहली व गीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में कोई घोटाला नहीं हुआ जबकि पहले नित नए घोटाले सामने आते थे।आज विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। आयुष्मान-भारत चिरायु योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब 1.80 लाख वार्षिक आय वाले परिवार साल में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते हैं जिनकी आय 1.80 से 3 लाख रुपए तक है वे भी सालाना 1500 रुपए प्रीमियम अदा करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कर्मवीर, बलबीर, सरपंच नवाब, सरपंच पंकज, सरपंच विपिन, सरपंच जसविन्द्र डाबरथला, सरपंच विनोद रायपुर, हरीश कालामाजरा, सरपंच जितेन्द्र बैरसाल, सरपंच सतबीर पढवाला, सरपंच कर्मवीर मोहड़ी, सरपंच शिव कुमार सीतामाई, सरपंच बिटू बीड़नडाना, सरपंच बलजिन्द्र, दर्शन, रामपाल, करनैल, हिशम सिंह, राजेश्वर व जयमल नम्बरदार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### नाबालिगा का हुआ अपहरण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सेक्टर-33 से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। परिजनों ने नाबालिग की आसपास के एरिया में तलाश की, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया। परिजन सेक्टर 32-33 थाना में पहुंचे और पुलिस को मामले से अवगत करवाया। पुलिस ने लिखित शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल 36 घंटे बाद भी नाबालिग का कुछ पता नहीं है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। सेक्टर-33 में नाबालिग का परिवार किराए के मकान में रहता है। परिवार मूल रूप से बिहार के बेगुसराय जिला के एक गांव का रहने वाला है। नाबालिग के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि रविवार की शाम करीब चार बजे उनकी 16 वर्षीय बेटी अचानक घर से कहीं चली गई। सोचा था कुछ देर में लौट आएगी, लेकिन वह देर शाम तक भी नहीं लौटी। इसके बाद उनकी चिंता भी बढ़ गई। उन्होंने आस पड़ोस में तलाश की, लेकिन वहां पर वह नहीं मिली। पुर करनाल में व रिश्तेदारी में पता करने के बाद पुलिस से नाबालिग को खोजने की गुहार लगाई। शिकायतकर्ता ने बेटी के अपहरण का शक जताया है। शिकायत में बताया गया है कि उसकी बेटी इस तरह से कहीं पर भी नहीं जाती थी।

## सीएम के नेतृत्व में हरियाणा विकास की दृष्टि में लगातार बढ़ रहा आगे: सुभाष चंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। गांव** यूनीसपुर में नव वर्ष के पावन अवसर पर हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड द्वारा 220 केवी पावर हाउस में हवन यज्ञ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र पहुंचे। क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति के आयोजित इस कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र ने कहा कि आने वाला 2024 समस्त हल्का नीलोखेड़ी विधानसभा वासियों के लिए खुशियां लेकर आए। सभी मेल मिलाप व भाई चारे से रहे। सुभाष चंद्र ने कहा कि मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि सभी पर विशेष कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश व प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य,



शिक्षा, विकास के साथ-साथ उनके हितों का पूरा ख्याल रखती है।

प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा एक-हरियाणवीं एक के मूलमंत्र पर चलते हुए पूरे प्रदेश का बिना भेदभाव के विकास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा विकास की दृष्टि लगातार आगे बढ़ रहा है। विकास कार्यों की बदौलत हरियाणा की गिनती अब विकसित राज्यों में होने लगी है।

## सुखबीर मलिक ने पानीपत ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की चर्चा की

**पानीपत/कमाल हुसैन आम आदमी** पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर सिंह मलिक आज अपने पानीपत ग्रामीण के पदाधिकारी के साथ नव वर्ष की पार्टी की। पानीपत ग्रामीण के पदाधिकारी के साथ सुखबीर सिंह मलिक ने गत दिवस आहूजा स्वीट सेक्टर 12 पर नए साल की पार्टी की एवं आने वाले चुनाव को जीतने की प्रक्रिया को बारीकी से चर्चा की। सुखबीर सिंह मलिक ने कहा पानीपत ग्रामीण में सभी कालोनियां एवं सभी गांव के पदाधिकारी का संगठन निर्माण हो चुका है बूथ लेवल तक संगठन तैयार है। अब हमें चुनावी रणनीति पर काम शुरू करना होगा।

## साइंटिफिक तरीके से जांच करे पुलिस, अपराधियों को हर हाल में मिले सजा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। डीसी अनीश** यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए पुलिस आपराधिक मामलों की साइंटिफिक तरीके से जांच करें। चिन्हित व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए अभियोजना पक्ष और जांच अधिकारी की ओर से कोई कमी न रहे तथा ऐसे मामलो में गवाहों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। अनीश यादव ने बैठक में आपराधिक मामलों का स्टेटस जाना और जिन मुकदमों में



अपराधी बरी हुए, उनको एग्जामिन किया। चिह्नित व जघन्य अपराधों में, पुलिस अधीक्षक और जिला न्यायवादी को अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ पीड़ित व चश्मदीद गवाहों की गवाही जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए। गम्भीर अपराधों के मामले में उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक से कहा कि ऐसे केसों की अच्छे से सुपरवीजन बनी रहनी चाहिए। जिला न्यायवादी को गम्भीर अपराधों में अदालती मामलो की मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने चिह्नित अपराधों के मामलों पर चर्चा की और उनका स्टेटस जाना। जिला न्यायवादी डॉ. पंकज सैनी ने उपायुक्त को बताया कि सभी मामलो की उचित ढंग से पैरवी की जाती है।

## नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाईयों को छू रहा: ईलम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव मोदीपुर व शेरगढ़ टापू में पहुंची। गांव में पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी कुंजपुरा के पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह व जिला परिषद चेयर पर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर मार्केट कमेटी कुंजपुरा के पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाईयों को छू रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा ऐसे अनेक



ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं जो पूर्व की सरकारों ने सोचे भी नहीं थे। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी है कि देश का कोई भी नागरिक भूखा न सोए। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा अन्न योजना चलाई गई है। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाना ऐसा काम है जिसकी पूरे देश को प्रतीक्षा थी। यह सब प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं मुख्यमंत्री मनोहर लाल। मोदी-मनोहर की ये जोड़ी नये आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को 2047 तक के विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने लोगों से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लड़की के पैदा होने पर कुआं पूजन की रस्म चलाई गई है। इससे समाज में लड़की के प्रति लोगों का दृष्टिकोण बदला है। अब गांव में भी लड़की के होने पर खुशी मनाई जाती है। लड़कियों को लड़कों के समान समझना एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि यदि बेटियों को भी समान अवसर दिए जाएं तो वे निश्चित ही अपने नाम दुनिया में रोशन कर सकती है।

## धोखाधड़ी से हड़पी 21 कनाल जमीन


**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले में** एक व्यक्ति को नशे की लत लगाकर उसकी 21 कनाल जमीन हड़प ली गई। आरोपियों ने जमीन मालिक का खुद ही बैंक में खाता खुलवाया और चेक बुक पर उसके साइन करवा लिए। जमीन की राशि देने के लिए 4 चेक खाते में लगाए और सेल्फ चेक के जरिए सारे पैसे निकलवा लिए। खाते में डाले गए 30 लाख दिखाकर उन्होंने रजिस्ट्री करवा ली। पीड़ित के परिवार वालों को जमीन हड़पे जाने की भनक लगी तो वे आरोपियों के पास गए और रजिस्ट्री कैंसिल करने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपियों ने रजिस्ट्री कैंसिल करने से साफ मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद एसपी को शिकायत दी गई। जिसके बाद 6 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सीकरी निवासी नरेश कुमार 21 कनाल जमीन का मालिक है। शिकायत में बताया गया कि सुरेंद्र उर्फ धारा बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है। वह भोले-भाले और नशेड़ी किस्म के लोगों की जमीनों को हड़पने का काम करता है। वह कई केसों में जेल भी जा चुका है। उसने देवेंद्र पाल और चतर सिंह के साथ मिलकर एक गिरोह बनाया हुआ है। शिकायत में बताया गया है कि नरेश अनपढ़ व्यक्ति है, जिसे कानून की भी समझ नहीं है। सुरेंद्र, देवेंद्र पाल और चतर सिंह ने षड्यंत्र रचकर नरेश को नशे की लत लगाई। इसके बाद वह उसे अपने पास ही रखने लगे, ताकि उसकी जमीन हड़प सकें। शिकायत में बताया गया है कि बीती 9 नवंबर को आरोपियों ने धोखे से जमीन अपने नाम करवा ली।

## 'आमजन के जीवन को ऊपर उठाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गई'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन भाजपा पंचायती** राज के सहसंयोजक सुभाष कुहाड़ ने मंगलवार को गांव जौरासी खास में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार ने आमजन के जीवन को ऊपर उठाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर गरीब व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों की ओर से इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में जितनी भी स्टॉल लगाई जाती है उनका लोग फायदा उठाएं क्योंकि विभाग द्वारा चलाई गई योजनाएं अंत्योदय की भावना से बनाई गई है। सरकार का मुख्य फोकस यही है कि सभी योजनाएं पात्र लोगों को उनके घर-द्वार पर ही उपलब्ध हों।

## होलसेल फर्म में शटर तोड़कर घुसे 5 चोर, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीएम सिटी** चोरों के निशाने पर है। शायद ही कोई ऐसा दिन जाता हो, जिस दिन चोरी या फिर कोई आपराधिक घटना न होती हो। बीती रात को 5 चोरों ने गोशाला रोड स्थित एक होलसेल फर्म के ऑफिस को अपना निशाना बनाया। ऑफिस का शटर तोड़कर चोरों ने 2.50 लाख रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। चोरों की करतूत ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज के



साथ पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज में पहले 3 चोर नजर आ रहे हैं, जो होलसेल फर्म के ऑफिस में घुसे हुए हैं। सभी ने अपने मुंह को बांधा हुआ है और पूरे शरीर पर चादर लपेटी हुई है। खाकी कलर की चादर वाला चोर पैसों के गल्ले को अपने हाथों में पकड़कर दूसरे चोर के हाथ में थमा देता है और वह बाहर की तरफ चला जाता है, उसके पीछे खाकी चादर वाला चोर भी ऑफिस से बाहर निकल जाता है। फर्म मालिक राजीव सेठी ने बताया कि उसकी पारले एजेंसी है। वह 1 जनवरी की रात को ऑफिस लॉक करके गया था। उसी रात चोर ताला तोड़कर ऑफिस में घुस गए। पहले चोरों ने फोन की लाइट के साथ चोरी करने की योजना बनाई, लेकिन उसके बाद चोरों ने ऑफिस की लाइट को जला दिया। उसके बाद चोरों ने सेल्फ तोड़े है और ड्रॉअर को भी तोड़ा है, जहां पर 16-17 हजार रुपए का कैश अलग से पड़ा हुआ था।

## 10 दिन बाद नहर से मिला शव, कपड़ों से हुई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के मुगल माजरा गांव के 25 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में 10 दिन बाद शव गांव बड़ौता के पास पश्चिमी यमुना नहर से बरामद हो गया है। मृतक का मुंह व शरीर पूरी तरह से गल चुका है। युवक के कपड़ों से उसकी पहचान हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिवार के लोग भी पिछले 5 दिन से कुराली गांव के पास पश्चिमी यमुना नहर में डेरा डाले हुए थे। दिन रात ठंड में बेटे के मिलने का इंतजार कर रहे थे। जब से बेटे की हत्या की सूचना परिवार को मिली है। तब से घर में चूल्हा तक नहीं जला। आस-पड़ोस के लोग ही परिवार को



समझा बुझाकर खाना खिला रहे हैं। सुमित को लेकर परिवार गहरे सदमे में है।

बता दें कि महिला व उसके दूसरे प्रेमी ने युवक की हत्या कर शव को प्लास्टिक की पल्ली में बांध कर नहर में फेंक दिया था। प्लास्टिक की पल्ली को दो दिन पहले परिवार नहर से बरामद कर चुका है। आज गांव बड़ौता के पास पश्चिमी यमुना नहर से शव उठा तो नहर की पटरी से गुजर रहे ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। गोताखोर प्रकट सिंह ने बताया कि 10 दिन में नहर में शव के रहने से वह पूरी तरह से गल चुका है। मृतक के मुंह व शरीर से पहचान होनी मुश्किल थी, लेकिन उसके ग्रे रंग की जर्सी जो रात को सुमित घर से पहनकर निकला था। उससे परिजनों ने मृतक की पहचान की है। पिता रमेश ने बताया कि जब आधी रात तक सुमित वापस नहीं लौटा तो पूरे परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। 24 और 25 दिसंबर को भी परिवार ने अपने स्तर पर सुमित को ढूंढने की बहुत कोशिश की, मगर उसका कुछ पता नहीं चला। ऐसे में 26 दिसंबर को परिवार ने कुंजपुरा थाने में बेटे के लापता हो जाने की शिकायत दी थी। परिवार ने गांव की महिला व उसके प्रेमी यानी सुमित के चचेरे भाई पर शक भी जताया था। उन्हें सुमित की हत्या का शक तब हुआ, जब सुमित की चप्पल व उसकी शर्ट के टूटे हुए बटन खेत में ट्यूबवेल के पास मिले। रमेश ने बताया कि ट्यूबवेल के पास पानी निकला हुआ था, जिस कारण वहां पर मिट्टी नरम थी और गेहूं की फसल दबी हुई थी। वहां पर मारपीट के काफी निशान मिले। इसके बाद उन्हें शक हुआ कि सुमित की खेत में हत्या की गई और उसके शव को कहीं पर छिपाया गया है। पुलिस ने शक की बिनाह पर ही पूछताछ की तो आरोपियों ने पुलिस के सामने खुलासा कर दिया कि 23 दिसंबर की रात को वे सुमित को पहले खेतों में लेकर गए और मारपीट की और उसकी गला दबाकर हत्या की गई। इसके बाद शव को खुर्दबुर्द करने की नीयत से सुमित के शव को प्लास्टिक की पल्ली में बांध कर पश्चिमी यमुना नहर में फेंका था।

## 'सरकार के अंत्योदय के मूलमंत्र ने अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाया योजनाओं का लाभ'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में जहां पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं आम नागरिक भी बढ़ चढ़ कर केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने में खासी रुचि दिखा रहे हैं। नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांव गोबिंदगढ़ में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची, जहां नागरिकों ने यात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा में लोगों की हर समस्या का समाधान हो रहा है। इस यात्रा का लाभ समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने उपस्थित जनों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है।

## संपादकीय

# सीट बंटवारे के भंवर में फंसा इंडिया गठबंधन

**विपक्षी** गठबंधन इंडिया की चार बैठकें हो चुकी है। बीते 19 दिसंबर को गठबंधन के नेता दिल्ली में मिले थे। इस बैठक में भी भाजपा को हराने और एक साथ चलने जैसी हवा हवाई बातों के अलावा कुछ ठोस नहीं निकला। सीट बंटवारे जैसे अहम मुद्दे पर कोई ठोस पहल या निर्णय इस बैठक में नहीं हुआ। अब जब लोकसभा चुनाव सिर पर खड़े हैं और इंडिया गठबंधन अभी तक अपने संयोजक का चुनाव नहीं कर सका है। और न ही गठबंधन सीट बंटवारे का कोई फामूर्ला तय कर पाया है। ऐसे माहौल में विपक्षी एकता का भविष्य क्या होगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे के फामूर्ले पर फंसे पेच के बीच बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और और जनता दल यूनाईटेड के बीच बढ़ी खटास ने गठबंधन की परेशानी बढ़ा दी है। महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ को महत्व नहीं दे रहे। दूसरी ओर दिल्ली, हरियाणा, गुजरात में आम आदमी पार्टी ने सीट बंटवारे को उलझा दिया है। इस बीच खबर यह भी है कि सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन ने मियाद तय कर दी है। जिसके तहत जनवरी के दूसरे हफ्ते यानी 15 जनवरी तक सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा। कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सीटों के तालमेल के लिए 5 सदस्यों की एक कमेटी भी गठित की है। सीट बंटवारे में सबकी नजर यूपी, महाराष्ट्र और बंगाल समेत 5 बड़े राज्यों पर है, जहां कांग्रेस का जनाधार काफी कमजोर है। केरल और पंजाब जैसे राज्यों में भी कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं है। कांग्रेस यहां विधानसभा में कमजोर है, जबकि लोकसभा में उसे बढ़त हासिल है। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के मुताबिक सीट बंटवारे के लिए शुरू में ही तीन फॉमूर्ले नीतीश कुमार ने दिये था, लेकिन कई नेता इस पर सहमत नहीं थे। ऐसे में बड़े नेताओं को नए सिरे से भी सीट बंटवारे का फॉमूर्ला ईजाद करना होगा। कई राज्यों में फ्रेंडली फाइट जैसे हालात भी बन गए हैं। इंडिया गठबंधन बनाने का मुख्य मकसद लोकसभा चुनाव में 450 सीटों पर मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए को सीधी टक्कर देनी है। एनडीए खासकर उत्तर और मध्य भारत में काफी मजबूत स्थिति में है। ऐसे में सारे समीकरण इन्हीं राज्यों के लिए तैयार किया गया है। लोकसभा सीटों के लिहाज से उत्तर प्रदेश में 80, महाराष्ट्र में 48, पश्चिम बंगाल में 42, बिहार में 40 और तमिलनाडु में 39 सीटों के साथ सबसे बड़ा राज्य हैं। इन राज्यों में जो समीकरण बन रहे हैं, उसमें कांग्रेस को 50 सीटें मिलना मुश्किल लग रहा है। सबसे ज्यादा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आरएलडी के साथ गठबंधन में है। सपा ने आजाद समाज पार्टी और अपना दल (कमेरावादी) को भी साथ जोड़ा है। यानी गठबंधन में मुख्य 3 दल के अलावा 2 छोटे दल भी शामिल हैं। 80 सीटों वाली उत्तर प्रदेश में कांग्रेस लंबे समय बाद गठबंधन कर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 2009 में अकेले दम पर 21 सीटें यहां जीती थी। हालांकि, उस वक्त का सियासी समीकरण काफी अलग था। कांग्रेस अब भी 20 से ज्यादा सीटों पर दावा ठोक रही है, लेकिन पुराने आंकड़े और समीकरण उसके पक्ष में नहीं है।

# अखाड़े के चैम्पियन बने राजनीतिक प्यादे

आशीष वशिष्ठ

> "पूरा देश चाहता है कि पहलवानों को न्याय मिले। लेकिन न्याय पाने के लिए जो पहलवान जो प्रपंच और प्रोपगेंडा कर रहे हैं, वो देषवासियों को अखरता है। एक अहम प्रष्न यह भी है कि जब पहलवानों ने धरना प्रदर्शन किया, उस समय भी उन्हें देष के सारे पहलवानों या अखाड़ों का समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। वहीं जाट समुदाय की खाप पंचायतें भी खुलकर उनके समर्थन में नहीं आई। इससे सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कहीं न कही पहलवान बिरादरी और जाट समुदाय ये मानता है कि पहलवानों ने इस मामले में राजनीति कर रहे हैं। यकीन मानिए अगर पहलवानों के आरोपों में सौ फीसदी सच्चाई झलकती तो पूरा देष उनके साथ खड़ा दिखाई देता। पहलवानों के आरोप बेबुनियाद और झूठा नहीं कहा जा सकता है"

**बीते** साल 18 जनवरी को विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया के नेतृत्व में पहलवानों ने जंतर-मंतर तक मार्च किया और वहां धरना दिया। उनका दावा है कि भारतीय कुश्ती संघ यानी डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृज भूषण सिंह ने एक नाबालिग सहित महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया। पिछले एक साल में इस मामले में कई उतार चढ़ाव आ चुके हैं। बृज भूषण शरण सिंह के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा लिखा और अब मामला अदालत में है। बृजभूषण सिंह पर मुकदमा लिखा जाने के बाद पहलवान शांत हो गए थे। लेकिन पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव हुए, जिसमें बृजभूषण के करीबी संजय सिंह और उनका गुट जीता। इस जीत के बाद पहलवानों ने दोबारा नाराजगी और प्रदर्शन का ड्रामा शुरू कर दिया। साक्षी मलिक ने मीडिया के सामने कुशती छोड़ने की घोषणा की। अगले दिन बजरंग पुनिया ने पद्मश्री लौटाने का ऐलान किया। वो पद्मश्री सम्मान को पीएम आवास के बाहर सड़क पर छोड़ आए। साक्षी और बजरंग के बाद विनेश फोगाट ने खेल रत्न ओर अर्जुन अवार्ड लौटाने का ऐलान किया। बजरंग की तरह वो भी पीएम आवास के बाहर अपना सम्मान सड़क पर छोड़ आई। पहलवान न्याय पाने के संघर्ष की आड़ में राजनीति कर रहे हैं। यह खुला तथ्य है कि पहलवानों को कांग्रेस पार्टी का समर्थन है। खबरें तो यह भी हैं कि साक्षी, विनेश और बजरंग को आगामी लोकसभा या हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी टिकट दे सकती है। ताजा प्रकरण में नाराज पहलवानों से मिलने प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी पहुंचे। राहुल गांधी की बजरंग पुनिया के गांव जाने और कुषती लड़ने वाली तस्वीरें पूरे देष न देखी। विनेश के अवार्ड वापसी के बाद भी राहुल और प्रियंका गांधी ने सोषल मीडिया के माध्यम से मोदी सरकार पर तीखे हमले किये। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पहलवान आंदोलन से लेकर वर्तमान प्रकरण तक भूमिका सार्वजनिक है। न्याय के लिए आंदोलन और अपनी आवाज बुलंद करने का अधिकार हमें हमारा संविधान प्रदान करता है। लेकिन खिलाड़ियों का एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता की भांति व्यवहार उचित नहीं ठहराया जा सकता।



पिछले एक साल में ऐसे कई अवसर आए जब पहलवानों ने अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर सोची समझी रणनीति के तहत केंद्र की मोदी सरकार की छवि धूमिल करने वाले कृत्यों को अमली जामा पहनाया। याद करिए 28 मई का दिन। इस दिन देश को संसद का नया भवन मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। वास्तव में हर देश के इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो अमर होते हैं। कुछ तिथियां समय के चेहरे पर अमर हस्ताक्षर बन जाती हैं। 28 मई एक ऐसा ही दिन है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि संसद की इमारत केवल एक भवन नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। यह आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी है और एक विकसित भारत का प्रतीक है। लेकिन इस ऐतिहासिक दिन रंग में भंग डालने के लिए पहलवानों ने अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर नए संसद भवन तक मार्च किया। बीती 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या धाम में नवनिर्मित हवाई अड्डे ओर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया। अयोध्या को देश से जोड़ने के लिए कई नई रेलगाड़ियों का हरी झंडी दिखाई। और अयोध्या धाम के विकास के लिए करोड़ों की योजनाओं की घोषणा की। अयोध्या के विकास और प्रभु श्रीराम मंदिर के लोकापर्ण से पूर्व इस कार्यक्रम की बड़ी महत्ता है। लेकिन पहलवान इस दिन भी प्रपंच करने से बाज नहीं आए। विनेश फोगाट इसी दिन पीएम आवास के बाहर अपना अर्जुन और खेल रत्न सम्मान वापस करने पहुंची। और अपने अवार्ड सड़क पर छोड़कर चली आई। पहलवानों का खास मौके पर नकारात्मक व्यवहार यह साबित करता है कि वे एक राजनीतिक दल के पयादे या मोहरे भर हैं। पूर्व की घटनाओं के आधार पर इस बात की संभावना है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर रंग में भंग डालने के लिए पहलवान कोई नया नाटक या प्रपंच कर सकते हैं।

पूरा देश चाहता है कि पहलवानों को न्याय मिले। लेकिन न्याय पाने के लिए जो पहलवान जो प्रपंच और प्रोपगेंडा कर रहे हैं, वो देषवासियों को अखरता है। एक अहम प्रष्न यह भी है कि जब पहलवानों ने धरना प्रदर्शन किया, उस समय भी उन्हें देष के सारे पहलवानों या अखाड़ों का समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। वहीं जाट समुदाय की खाप पंचायतें भी खुलकर उनके समर्थन में नहीं आई। इससे सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कहीं न कही पहलवान बिरादरी और जाट समुदाय ये मानता है कि पहलवानों ने इस मामले में राजनीति कर रहे हैं। यकीन मानिए अगर पहलवानों के आरोपों में सौ फीसदी सच्चाई झलकती तो पूरा देष उनके साथ खड़ा दिखाई देता। पहलवानों के आरोप बेबुनियाद और झूठा नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इन आरोपों में राजनीति की मिलावट साफ-साफ दिखाई देती है। पहलवान न्याय चाहते हैं, लेकिन अपने मन के मुताबिक। वो चाहते हैं कि कुश्ती महासंघ पर उनका वर्चस्व हो। वो कानून और नियमों को दरकिनार कुश्ती में बना रहना चाहते हैं। वो खुद को चैंपियन समझते हैं और ट्रायल देने में अपनी तौहीन समझते हैं। वो चाहते हैं कि सभी बड़ी खेल स्पार्धाओं में बिना ट्रायल उन्हें प्रवेष दिया जाए। ऐसा हो भी चुका है। 2022 के एशियाई खेलों में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को बगैर ट्रायल सीधी एंट्री मिली। नतीजा सबका सामने है। विनेश चोट का बहाना बनाकर कुश्ती के रिंग में उतरी ही नहीं। और बजरंग पुनिया शून्य के शर्मनाक स्कोर के साथ अखाड़े में चित हो गए। कुषती ही नहीं प्रत्येक खेल में सफलता के लिए अनुशासन, संयम और निरंतर अभ्यास की जरूरत होती है। लेकिन जब कोई खिलाड़ी अनुशासन और अभ्यास को त्यागकर राजनीति, धरने प्रदर्शन और षडयंत्रों का भागीदार बन जाएगा तो उसकी अखाड़े से खाली हाथ वापसी होनी ही है। 2022 के एशियाई खेलों में विनेश और बजरंग की जगह अगर दूसरे पहलवानों ने देश का प्रतिनिधित्व किया होता तो हमारी पदक तालिका में दो पदक और जुड़ जाते। पहलवानों के धरने-प्रदर्शन और प्रपंचों के चलते देश में पिछले एक साल से कुश्ती की गतिविधियां ठप हैं। नतीजतन पहलवानों का बहुमूल्य समय और अथक परिश्रम व्यर्थ जा रहा है। इस एक साल में कुश्ती और पहलवानों का कितना नुकसान हुआ है, शायद इसका अंदाजा आंदोलनकारी पहलवानों को नहीं है। इस पूरे मामले का सबसे बुरा प्रभाव महिला कुश्तीपर पड़ना निष्चित है। ऐसे हालातों और गंदी राजनीति के चलते माता पिता बेटियों को कुषती के अखाड़े में भेजने से पहले सौ बार सोचेंगे। पहलवानों के नित नवीन प्रपंचों और नाटकबाजी से देषवासियों के दिलों में पहलवानों और कुश्ती की छवि धूमिल हो रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विनेश, साक्षी, बजरंग ने देश के मैडल जीते। उन्होंने देश-दुनिया में भारत का नाम रौशन किया। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि उनकी मेहनत में देशवासियों की दुआएं और सरकार का सहयोग भी शामिल है। आज इन पहलवानों का खेल का करियर ढलान की ओर है। उन्हें अपने अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ियों को देना चाहिए, जिससे कुश्ती का झंडा और बुलंद हो।

## कविता

### फिर करोना प्राकृतिक विपदा

फिर करोना प्राकृतिक विपदा,
अरे कैसे न होगा करोना,
न मा की इज्जत, न बाप से प्यार,
न बच्चो से लाढ दुलार,
बस दौलत ही इनकी यार,
गुरु को गुरु माना नहीं,
गुरु गुड हो गए और चेला शक्कर
गुरुर में भगवान को भी मार रहे ठोकर,
पितरों को तारा नहीं,
कौओं को दाना नहीं,
माँ को दावा के लिए तरसाया,
रुग्न पिता को पानीं तक नहीं पिलाया,
इनका बेटा चरसी,
बेटी जवानी में सरकी,
रोज पिज्जा नूडल बर्गर की घर में दावत,
बुलाते रहे बीमारी की आफत,
बहुयें पुल में अर्धनग्न करती तैराकी,
बियर पीकर कहतीं इसमें क्या हैरानी?
सिर्फ इनकी जवानी ही दीवानी,
बाकियों की जवानी सिर्फ नादानी,
यही कलयुग की है निशानीं,
करते रहे प्रकृति से छेडखानी,
तब प्रकृति ने सबक सिखानें की ठानीं,
भेज दिया धरती पर कोविड करोना,
लो अब रोते रहो करोना-करोना,
कर दी पूरी पृथ्वी में हलचल,
जिससे परेशां रहो तुम हर पल?

संजीव

## महिला सुरक्षा के दावों पर बदनुमा दाग है बीएचयू गैंगरेप!

मनोज कुमार अग्रवाल

**यूपी के वा**राणसी में आइआइटी बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप करने वाले सभी आरोपियों को अब अरेस्ट कर लिया गया है। करीब 2 महीने बाद इन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।दो महीने तक आरोपियों का फरार रहना और भाजपा आइटी सैल से सम्बद्ध होना प्रदेश सरकार के महिला सुरक्षा के दावे को कलंकित कर रहा है वहीं विपक्षी दलों को सरकार को घेरने का मौका भी दे रहा है। आपको बता दें कि दो महीने पहले ये तीनों आरोपियों ने एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पता चला कि ये आरोपी बुलेट बाइक से आईआईटी कैंपस में घुसे थे और आधी रात में दोस्त के साथ टहल रही लड़की को बंधक बनाकर गैंगरेप हुआ था. घटना के दौरान आरोपियों ने वीडियो बनाया था. रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार सभी आरोपी वाराणसी के रहने वाले हैं और पुलिस ने इस घटना में इस्तेमाल की गई बुलेट बाइक भी बरामद कर ली है. आरोपियों के नाम कुणाल पांडे, अभिषेक चौहान और सक्षम पटेल हैं जिन्हें वाराणसी से ही गिरफ्तार किया गया है।यूपी के वाराणसी में आइआइटी बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप हुआ था।यह घटना उसी तर्ज पर अंजाम दिया गया ठीक उसी तरह से जैसे दिल्ली में निर्भया कांड हुआ था.

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं के खिलाफ कई बार छात्रों ने आंदोलन भी किया है। इसके बाद भी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बेहद खराब है। बीएचयू एशिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है। उत्तर प्रदेश के नामचीन यूनिवर्सिटी शुमार होने के बावजूद यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीएचयू कैंपस के भीतर आईआईटी की एक छात्रा हॉस्टल में रहती है। एक नवंबर बुधवार की देर रात छात्र पढ़ाई के बाद थोड़ी देर के लिए हॉस्टल के बाहर परिसर में निकली थी। इसी दौरान रास्ते में उसे एक दोस्त मिल गया। दोनों टहलते हुए बाबा विश्वनाथ के मंदिर की तरफ चले गए। इसी बीच बुलेट मोटर साइकिल पर आए तीन लड़कों ने दोनों को रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने छात्रा के दोस्त को अलग कर मारा पीटा। फिर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई। युवक युवती का मुंह दबाकर एक तरफ ले गए। छात्रा के सारे कपड़े उतार दिए। इसके बाद उसका वीडियो बनाया। सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों छात्रा का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी गए। ये सबकुछ 1 व 2 नवंबर बुधवार की देर रात करीब 1:30 बजे की घटना है।उस समय लड़की अपने एक दोस्त के साथ कैंपस में सुनसान एरिया में टहल रही थी।उसी दौरान बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि इनके पास गन थी।उसे हथियार के बल पर पहले तीनों ने लड़की के दोस्त को बंधक बना लिया और उसकी खूब पिटाई की। इसके बाद एक लड़का उसके दोस्त को बंधक बनाए रखा. इसके बाद लड़की को जबरन किस करना शुरू किया और फिर उसके सभी कपड़े उतरवा दिए।

## विचार

### सवाल एक, जवाब अनेक

**"कैसे हैं** आप? क्या हाल है?"

एक ऐसा औपचारिक सा प्रश्न है जिसके उत्तर व्यक्ति सापेक्ष हैं। भिन्न-भिन्न उत्तर और भिन्न-भिन्न भावनाओं की अभिव्यक्ति। कहना कुछ और भाव कुछ और। चलिए सबसे पहले परखें किसी पारिवारिक मित्र अथवा नजदीकी रिश्तेदार को। पारिवारिक मित्र/रिश्तेदार: अत्यधिक उमड़ते उल्लास के साथ-" बहुत बढ़िया हैं। आपको तो पता ही होगा बड़ा बेटा तो यूएस में सेटल हो ही गया है। छोटे बेटे को गुड़गांव में एमएनसी में अच्छे पैकेज की जॉब मिल गई है। रिश्ते आ रहे हैं। बस अपने बीएचके वाले फ्लैट में शिफ्ट हो जाए। गाड़ी भी बदल दी है। आजकल के बच्चे थोड़े में गुजारा तो कर नहीं सकते। अपना क्या है ? बिजनेस बढ़िया चल ही रहा है पेंशन भी आ जाती है। साल में एक बार बाहर का टूर बनाकर विदेश घूम आते हैं। हमें अपने लिए कुछ अधिक चाहिए नहीं। सब बच्चों का है।" वगैरह-वगैरह।" दो मिनट में बिना पूछे पूरे परिवार का ऐसा हाल बता देंगे कि पूछने वाला यह समझे कि इनसे अधिक सुखी तो कोई हो ही नहीं सकता। और स्वयं हीन भावना से ग्रसित हो उठे कि -मैंने क्या कमाया जीवन भर एड़िया रगड़ रगड़ कर। उफ! ये पारिवारिक मित्र और रिश्तेदार। इतने मुखौटे क्यों ओढ़े रहते हैं भौतिकवादी सुखों को ही जीवन की महानतम उपलब्धि मानकर दूसरे को अनायास ही हीन भावना का एहसास कराते रहते हैं। कार्यालयीन सहयोगी - सवाल वही, केवल उत्तर भिन्न-भिन्न "यार बस प्रमोशन ड्यू है। उसके बाद इस बोरिंग डिवीजन से ट्रांसफर और साले खड़ूस बॉस से पीछा छूट जाएगा। काम धाम की समझ है नहीं, सबोर्डिनेट की सुनता नहीं। काम करें हम वाह वाही उसे मिले। ऊपर से झाड़ पड़े तो हम पर बरसे "। और आपका प्रमोशन कब है ? दो साल बाद होगा चलो मेरे तो बाद ही होगा। इस अंतिम वाक्य को कहते हुए अपने प्रमोशन से अधिक प्रसन्नता हुई उन्हें क्योंकि नौकरी में तो काबिल वही है जो दूसरों की टांग खींचे कर आगे निकल जाए। चमचागिरी का जमाना जो है। अपनी खुशी से अधिक दूसरे की पीड़ा खुशी देती है न। पड़ोसी मित्र - कहते हैं अपने घनिष्टतम रिश्तों से पहले सुख:-दुख: में भागीदार और सहायक होते हैं पड़ोसी। बाकी सब बाद में शामिल होते हैं ऐसे घनिष्ठ कि उनकी दीवार में कैलेंडर टांगने के लिए ठोकी जा रही कील आपके लिए रात भर विचारणीय विषय बन जाता है कि आखिर क्या कर रहे हैं। उनसे भी यही सवाल पूछने पर उत्तर कैसा होगा, एक बानगी देखिए- वर्मा जी कैसे हैं आप ? उत्तर -बहुत बढ़िया हैं शर्मा जी। आप सुनाओ, आपने नई गाड़ी कब ले ली। लोन ले के ली होगी। बेटे के दहेज वाली तो बेटे के कब्जे में होगी। खैर, कल आपके घर में से कुछ आवाज आ रही थी। देखिए शर्मा जी, आजकल के बेटे - बहुओं के साथ रहना बहुत मुश्किल है।अलग क्यों नही कर देते, रोज-रोज की चिक-चिक से अपना भी बीपी बढ़ाओ। भई हमसे तो नहीं सहा जाए यह सब। खैर अपना तो फंडा है कि रहना है तो रहो, वर्ना जहां जी चाहे रहो।" बिना हकीकत जाने, बिन मांगी सलाह आनन- फानन में दे डाली और बता दिया अपने सुखी जीवन का गूढ और अनमोल रहस्य, नि:शुल्क। साथ भी साथ दे दी हवा उनकी गृहस्थी को झुलसाने वाली आग को। नाजुक रिश्तेदार: सबसे नाजुक रिश्तेदारी है समधी होना। समधी भी बहू के पिता के साथ अलग सुर और बेटी के ससुर के साथ अलग सुर में हाल-चाल बांटा जाता है। बहू के पिता का हाल-चाल पूछने पर - आज कैसे याद आई समधी जी हमारी, भी, हम जी रहे हैं या मर गए आप तो कभी फोन करके पूछते भी नहीं। आखिर आपने बेटी दी है हमारे घर में भई। ठीक तो हैं, आप तो बेटी को सुखी और भरे पूरे परिवार में धकेल कर गंगा नहा लिए, जहां कोई जिम्मेदारी नहीं, परंतु इतना तो फर्ज तो किराएदार भी अदा कर देते हैं, यह पूछ कर "सर आप कैसे हैं, हमें आपका घर बहुत सुविधाजनक लगा। हम तो बहुत खुश हैं यहां पर"। बेटी के ससुराल का भी जवाब सुन लीजिए।" समधी जी, हम आपके सामने बराबरी तो नहीं कर सकते, परंतु अपनी बेटी देकर हमने अपना सब कुछ आपको सौंप दिया है। हम आपको और क्या दे सकते हैं। वैसे भी आपके पास क्या कमी है। ईश्वर का दिया सब कुछ तो है आपके पास। ईश्वर ने हमे ऐसा समधी देकर बड़ी कृपा की है हम पर। इस आडंबर भरी दुनिया में चारों ओर यही मुखौटे हैं। कभी-कभी सोचती हूं कोई तो उसे ऐसा होगा, जिसके सामने आप अपना दुख:दर्द, हाल-चाल, जीवन की हर समस्या- चाहे आर्थिक हो अथवा पारिवारिक, दिल खोलकर, बेझिझक सामने रख सके। वही होता है हमारा सच्चा दोस्त, सच्चा हमदर्द, हमदर्द भी ऐसा, जिसके "कैसे हो आप "?- प्रश्न का उत्तर शब्द नहीं, बेजुबान आंखों से झरते आंसू बयान करते हैं और वह भी बिना कहे सब समझ लेता है। अंतर्मन का संपूर्ण आवेग, दु:ख, दुविधा, दिल का हाल पूछने वाले के दिल से जुड़ी कड़ी जुड़ती चली जाए और समय का पता ही न चले। बिन कहे जाने कब-कब का हाल स्वत: ही बयां हो जाए। इसी अवस्था में बैठे-बैठे समय कब और कितना बीत गया, इसका आभास ही न हो। जब संपूर्ण क्लेश और पीड़ा धुल जाए, मन बहुत हल्का अनुभव करने लगे, झर-झर बहते आंसुओं और होठों पर हल्की मुस्कुराहट के साथ यही शब्द फूटें - "अब सब कुछ ठीक है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### 2024 में ज्यादा से ज्यादा ध्यान-अभ्यास करें?

**परम संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**सावन** कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने नववर्ष 2024 के आगमन पर शिकागो, अमेरिका से यू-ट्यूब पर लाइव टेलीकास्ट के जरिये आशा, शांति और ध्यान-अभ्यास का विश्व-कल्याणकारी संदेश दिया। संपूर्ण मानव जाति को नववर्ष 2024 के आगमन की शुभकामनाएं देते हुए? संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने नववर्ष के आध्यात्मिक स्लोगन 2024 में ज्यादा से ज्यादा ध्यान-अभ्यास करें के स्लोगन पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में ध्यान-अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए। जिसके द्वारा हम अपने शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं।आगे संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नया साल आप सबके लिए खुशियों से भरपूर हो। जब हम नववर्ष में प्रवेश क? रहे हैं तो यह नववर्ष आप सबके लिए बीते वर्ष से ज्यादा बेहतर हो। मैं आप सभी के लिए यह प्रार्थना करता हूं कि आप सब शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें, मानसिक तौर पर तनावमुक्त रहें, भावनात्मक रूप खुश रहें और आध्यात्मिक रूप से भी प्रगति करें। नये साल का यह स्लोगन ह्व2024 में ज्यादा से ज्यादा ध्यान-अभ्यास करेंह्व हमें समझाता है कि हम अधिक से अधिक समय हम प्रभु की याद में बिताएं। जितना ज्यादा हम ध्यान-अभ्यास करेंगे, उतना ज्यादा ही हम प्रभु के नजदीक होते चले जाएंगे।

ध्यान-अभ्यास हमारे जीवन के सभी पहलुओं में उन्नति करने के लिए हमारी सहायता करता है। यह हमारे शरीर के सभी दु:ख-दर्दों को दूर करके हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है। इसके द्वारा हम तनाव और चिंता से मुक्त होते हुए शांत और स्थिर जीवन जी सकते हैं। यह हमें बौद्धिक स्तर पर किसी भी कार्य में फोकस करके निपुणता हासिल करने में भी मददगार होता है। ध्यान-अभ्यास का सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि इसके द्वारा हम अपनी आत्मा को जानकार पिता-परमेश्वर के दिव्य-प्रेम और ज्योति से जोड़ सकते हैं। जब हम ध्यान-अभ्यास करके अपने आध्यात्मिक लक्ष्य की ओर केन्द्रित होते हैं तो हम पिता-परमेश्वर के बहुत नजदीक पहुंच जाते हैं। नववर्ष 2024 के अवसर पर आप सभी के लिए मेरी यही शुभकामनाएं हैं।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान-अभ्यास द्वारा विश्व में आंतरिक और बाह्य शांति स्थापित करने के लिए जाना जाता है। ?

## कभी तो तोल-मोल के बोल लिया करो फारूक

**आर.के. सिन्हा**

**डॉ.फारूक** अब्दुल्ला को आग में घी डालने में बहुत मजा आता है। वे भड़काऊ बयान देकर खबरों में बने रहना चाहते हैं। हालांकि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता से देश उम्मीद करता है कि वे तोल-मोल के बयानबाजी करें। पर वे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। अब उनके हालिया बयान को सुन लें। फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि भारत को पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। गाजा में इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने यहां तक कह दिया कि हमारा भी गाजा और फिलिस्तीन जैसा हाल हो सकता है। अब फारूक साहब से कोई पूछे कि क्या आपने कभी पाकिस्तान से पूछा कि उसने मुंबई में हमला क्यों करवाया था या फिर उसने करगिल में घुसपैठ किसलिए की थी? वे तो हर स्थिति में भारत की नुक्ताचीनी करने में ही लगे रहते हैं। उन्हें कौन बताए कि विदेश नीति सारे देश की होती है न कि किसी प्रदेश या पार्टी की।

अगर भारत पाकिस्तान से कहता है कि वे आतंकवादियों को खाद-पानी देना बंद करे तो इसमें क्या गलत कहता है। उन्होंने एक बार दावा किया था कि चीन की मदद से जम्मू-कश्मीर में फिर आर्टिकल 370 लागू कराया जाएगा। यह जानते हुए भी चीन भारत का जानी दुश्मन है, फिर भी वे चीन के पक्ष में बात करते हैं। क्या फारूक अब्दुल्ला को पता नहीं है कि चीन ने हमारे अक्सईचिन पर अपना कब्जा जमाया हुआ है? क्या उन्हें पता नहीं है कि चीन की तरफ से कब्जाये हुए इलाके का क्षेत्रफल कितना है ? ये 37,244 वर्ग किलोमीटर है। जितना क्षेत्रफल कश्मीर घाटी का है, उतना ही बड़ा है अक्सईचिन। सवाल उठता है कि क्या फारूक अब्दुल्ला ने कभी चीन की इस बात के लिए निंदा की कि उसने भारत के इतने बड़े क्षेत्र पर कब्जा जमाया हुआ है? क्या उन्हें संसद में ध्वनिमत से पारित उस प्रस्ताव के बारे जानकारी नहीं है, जिसमें देश का संकल्प है कि चीन द्वारा हड़पी भारत की भूमि को वापस लिया जाएगा ? इस सबके बावजूद भी वे चीन की मदद से जम्मू-कश्मीर में धारा 370

## न्यूज फ्लैश

### 'साइबर अपराधियों से हर पल रहें अलर्ट, साइबर अपराध में जागरूकता ही बचाव, सतर्क रहकर अपना पैसा बचाएं'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक अजीत** सिंह शेखावत ने बताया कि तकनीकी के इस युग में ऑनलाइन प्रणाली का प्रचलन बढ़ा है, इसके साथ ही साइबर अपराधों में भी बढ़ोतरी हो रही है। साइबर ठग ऑनलाइन प्रणाली में सेंधमारी कर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता बेहतर उपाय है। साइबर ठगी से बचाने के लिए जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधियों से हर पल अलर्ट रहें, साइबर अपराध में जागरूकता ही बचाव है, सतर्क रहकर अपना पैसा बचाएं। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी लोगों को डिजिटल लेनदेन में धोखाधड़ी से बचने के मार्गदर्शन में दो पुस्तिकाएं क्रमशः हृइए(अ)हअफ्र्ह एवं फ्श्वख & ळ्र त्र्ह्व१३८ ळ्र्प्ः प्रकाशित की हैं। उक्त पुस्तके भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। जिसका लिंक इए(अ)हअफ्र्ः३३त्र्र्ः//ह्वृि.ह्व.ह्व्.ल्ल है। उक्त पुस्तकों में साइबर अपराध व इससे बचाव के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई है। पुस्तक हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है।

### हमारी एकता के अंदर विविधताएं छिपी हुई हैं: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारी एकता के अंदर विविधताएं छिपी हुई हैं। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना कश्मीर हो या हरियाणा हम सभी को एक सूत्र में बांधती है। हाल ही में जी-20 की अध्यक्षता का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम द्वारा पूरे विश्व को एक परिवार माना गया। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. गुरचरण सिंह व कुटिया प्रधान रजवंत कौर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।
कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पूरे भारतवर्ष की भावना है कि हम सभी एक हैं उसी एकता में ही विविधता है और यही हमारी संस्कृति की विशेषता विश्व में हमें विशेष स्थान दिलाती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक यात्रा का उद्देश्य नारी को सम्मान यह हमारी संस्कृति में निहित है। भारतवर्ष में भगवान के नाम के साथ देवियों का भी विशेष स्थान रहा है। केयू में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों में से 55 प्रतिशत छात्राएं हैं जिनमें 80 से 90 प्रतिशत छात्राएं विज्ञान क्षेत्र में व 90 प्रतिशत छात्राएं मेरिट में स्थान प्राप्त कर रही हैं। बेटियों ने साबित किया है कि खेल, शिक्षा, विज्ञान, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के जीवन से आत्मीयता, चरित्र निर्माण व सेवा भाव के गुणों को ग्रहण करने का आह्वान किया।
छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि इस तरह सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा के कई विश्वविद्यालयों की भी जननी है। कुरुक्षेत्र की धरती पर भगवान कृष्ण द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान के माध्यम से जीवन को सही ढंग से जीने का संदेश अर्जुन को दिया गया था। इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य देश की एकता एवं अखंडता, सामाजिक प्रतिबद्धता द्वारा समाज में समरसता लाना है। सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की संस्कृति के बारे में जानने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि कश्मीर बदल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सशक्त बेटी, सशक्त भारत सहित कई अन्य अभियान चलाए जा रहे हैं। बेटियों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।
युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय एकता मिशन को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी जाने वाला लगभग 100 विद्यार्थियों का यह दल आज विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा है। मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, लोकवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डॉ. गुरचरण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विकास बतान, डॉ. सुशील टाया, कुटिया प्रधान रजवंत कौर, डॉ. हरविन्द्र राणा, रविन्द्र तोमर सहित एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी मौजूद थे।

### विश्वविद्यालय को आपसी सहयोग से बनाएं प्रगतिशील: कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। इंदिरा** गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा किया गया। कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार एवं अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. मंजू पुरुथी ने कुलपति प्रो. जे.पी. यादव का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया। कुलपति प्रो. जे.पी. यादव ने सभी शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने कार्य को कर्तव्य समझकर करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी के आपसी सहयोग एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए विश्वविद्यालय को प्रगतिशील बनाने में सहयोग दें। किसी भी कार्य को दृढ़ता एवं निष्ठा पूर्वक से किया जाए तो वह कार्य निश्चय ही सफल होता है इसलिए सभी सकारात्मक सोच की दिशा में आगे बढ़ते हुए अपने कर्तव्य का पालन करें।

# मेयर ने सेक्टर 23 कम्युनिटी सेंटर का किया दौरा

## कम्युनिटी सेंटर में नया हॉल बनाकर उसका विस्तार करने, मरम्मत और रंग रोगन करवाने, चार दीवारी की मरम्मत करवाने के लिए मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही नगर निगम अधिकारियों को दिए आदेश

**सुनीं समस्या**

**8 लोगों ने मेयर निखिल मदान के आगे कम्युनिटी सेंटर के हालातों पर चर्चा की और अपनी मांगें रखी**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान मंगलवार को सेक्टर 23 कम्युनिटी सेंटर पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने मेयर निखिल मदान के आगे कम्युनिटी सेंटर के हालातों पर चर्चा की और अपनी मांगें रखी। स्थानीय निवासी कप्तान सिंह ने बताया कि कम्युनिटी सेंटर में जल्द से जल्द रंग रोगन और सफेदी की जरूरत है। इसके साथ साथ कई जगहों से जर्जर हो चुके कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत की भी आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त मौजूदा भवन का विस्तार किया जाने के भी आवश्यकता है। ताकि आम जनता इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके। मेयर निखिल मदान ने सारी समस्या सुनने के बाद मौके पर ही मौजूद निगम के कार्यकारी अभियंता अजय निराला को सभी समस्याओं के स्थाई समाधान हेतु जरूरी टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि अगले माह में कम्यूनिटी सेंटर के सुधार हेतु सभी आवश्यक कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।जिसमे एक बहु उदेशीय हॉल का निर्माण करवाया जाएगा।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि कम्युनिटी सेंटर की चारदीवारी की मरम्मत भी की जायेगी । साथ ही कम्युनिटी सेंटर में सारी जगह रंग रोगन भी करवाया जाएगा।
इस अवसर पर डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, कप्तान सिंह, राजेश दहिया, अशोक, प्रदीप बाल्यान, बलजीत सिंह, नीरज, जे एस दहिया, नरेश दीक्षित, राजेश मलिक, कुलदीप दहिया, जागे राम , आजाद सिंह, जयपाल दहिया, कुलदीप, राज नारायण, रोहित हुड्डा, संदीप मलिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 'अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दे रही मनोहर-मोदी की सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव छाजियावास व जाटवास, अटेली खंड के गढ़ी रुथल व महासर, नांगल चौधरी खंड के गांव नांगल सोडा व थनवास तथा निजामपुर खंड के घाटासेर व बसीरपुर गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव नांगल सोडा, थनवास, घाटासेर व बसीरपुर में बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं छाजियावास व जाटवास में युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन खैरवाल, गढ़ी रुथल व महासर में समाज कल्याण विभाग बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मनोहर-मोदी की डबल इंजन की सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र को क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है।

## सुपर 100 और मिशन बुनियाद का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिह)**
समालखा में हरियाणा सुपर 100 और मिशन बुनियाद का अवेयरनेस प्रोग्राम राज वरिष्ठ विद्यालय भापरा में हुआ जिसके मुख्य अतिथि अमित कुमार एसडीएम समालखा डी ई ओ कुलदीप दहिया पानीपत और ब्लॉक एजुकेशन ऑफीसर नीलम कुंडू व विकल्प फाउंडेशन से अनिल नरवाल व श्रवण कुमार उपस्थित रहे
*हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से आई रोशनीः "सुपर हंड्रेड" और "मिशन बुनियाद
इस परियोजना का उद्देश्य 2018 में शुरू होने वाले सुपर हंड्रेड के



माध्यम से 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को आईआईटी और मेडिकल की कोचिंग प्रदान करना है। इस प्रोग्राम ने पिछले चार वर्षों में 160 से अधिक छात्रों को आईआईटी, एनआईटी और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है। "मिशन बुनियाद" के अंतर्गत, नवमी और दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य है बच्चों के बीच में एक स्वतंत्र, सकारात्मक और प्रतिस्पर्धी भावना बढ़ाना, ताकि वे अपने आगामी जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें।
जागरूकता और सेमिनार
हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग ने ब्लॉक लेवल पर सेमिनारों का आयोजन किया है ताकि स्कूलों के छात्रों को इन प्रोग्रामों के फायदों के बारे में जागरूकता हो सके। इस सेमिनार के माध्यम से बच्चों को सरकारी स्कीमों के लाभ के बारे में समझाया जा रहा है और उन्हें इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस प्रयास के पीछे एक महत्वपूर्ण मंच है, जो बच्चों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## भूपेंद्र पहलवान अखाड़ा एवं गौ संवर्धन केंद्र में करवाया हवन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। भूपेंद्र पहलवान** ने आज अपने अखाड़े मे क्षेत्र के पहलवानों को नई दिशा देने के लिए हवन करवाया। इस मौके पर मोहल्ला वासी तथा आसपास के क्षेत्र व शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से देवदत्त शास्त्री जी, मंजू सोनी, संदीप भाखर पार्षद, नवीन राव प्रधान जेजेपी, रविंदर जेजेपी , बिल्लू लांबा चिंडालिया, शशि कुमार फौजी, दिनेश सोनी, यादराम पहलवान बेरुंडला, हरिमोहन पहलवान नारनौल, मोहित सोनी, गोलू पहलवान, हैप्पी पहलवान , योगी पहलवान, चिराग पहलवान , जतिन पहलवान, मोनू पहलवान, रवि पहलवान , कुलदीप पहलवान, गौरव पहलवान, कृष्ण पहलवान बशीरपुर शामिल रहे।
मालूम हो कि भूपेंद्र पहलवान के अखाड़े से पहलवानों ने क्षेत्र का नाम पूरे हरियाणा में ही नहीं, बल्कि देश में भी रोशन किया है। वे लगातार क्षेत्र के युवाओं के लिए काम कर रहे हैं। उनके अखाड़े से पहले भी कई युवाओं ने अनेकों प्रतियोगिताओं सहित हरियाणा व पंजाब, राजस्थान में लगने वाले मेलों में जीत हासिल की है। भूपेंद्र पहलवान लगातार युवाओं के बीच प्रतिभा खोजने में लगे हुए हैं। क्षेत्र में ना ही कोई अच्छा स्टेडियम है और ना ही कोई व्यायामशाला इसी बात को ध्यान में रखते हुए वे जिले में कुश्ती को नई दिशा देना चाहते हैं।
अब भूपेंद्र पहलवान द्वारा व्यायामशाला के साथ-साथ हू संवर्धन केंद्र भी खोला जा रहा है। जिसमें गौ माता की साहीवाल नस्ल सुधार पर काम किया जाएगा। भूपेंद्र पहलवान के साथी गोलू पहलवान भी इस कार्य में उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं।

## 22 जनवरी को सभी घरों में जलेंगे दीपक

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। अयोध्या** में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में दीप जगाकर दीपावली मनाने का निमंत्रण देने के लिए वार्ड नंबर-10 में रविशंकर तिवाड़ी के नेतृत्व में उनकी टोली द्वारा अयोध्या से आए अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक बांटने का कार्य किया जा रहा है।
कार्यक्रम नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी व नगर पालक महावीर भांडोरिया ने बताया कि इस टोली ने विक्रम प्रजापति के घर से अपने अभियान का शुभारंभ किया।

## सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखा रहें हैं निजी शिक्षण संस्थान




**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। प्रदेश के** तमाम स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया जा चुका है। गत 1जनवरी से 15 जनवरी तक सभी सरकारी , गैर सरकारी स्कूलों की इस समयावधि के दौरान छुट्टी रहेगी । इतना ही नहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने बकायदा हिदायत पत्र भी जारी कर दिया है कि यदि इस समयावधि के दौरान कोई शिक्षण संस्थान आदेशों की अवहेलना करते पाया गया तो उस संस्थान के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी । वहीं सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए जिला के निजी शिक्षण संस्थानों में बच्चों के आने का क्रम बदस्तूर जारी है। विभिन्न टेस्ट और कमजोर बच्चों की पढ़ाई के नाम पर खोले जा रहे इन संस्थानों में केजी से लेकर बारहवीं तक के बच्चें जबरन बुलाए जा रहें हैं। इन बच्चों को आने जाने की सुविधा के लिए वाहन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। सरेआम ठिठुरती ठंड में अल सुबह इन बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए वाहनों की कतार लगी रहती है । विचारणीय है कि सरकारी आदेशों की अवहेलना करने वालों में नामी गिरामी शिक्षण संस्थान शामिल हैं और शिक्षा विभाग इन विद्यालयों के खिलाफ कार्यवाही करने से हिचकिचा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत ने रविवार को हिदायती पत्र जारी करते चेतावनी दी थी कि छुट्टी के दौरान किसी शिक्षण संस्थान में बच्चों को पढ़ाई आदि के नाम बुलाया गया तो उस विद्यालय के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी । वहीं जिले के अधिकांश स्कूलों में विद्यार्थियों के आने का क्रम जारी है और जिला शिक्षा अधिकारी सिर्फ आदेश जारी अपने फर्ज की इतिश्री कर बैठे । नांगल चौधरी, अटेली , महेन्द्रगढ़ , कनीना जैसे कस्बों में तो सरकारी आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई ही जा रही हैं , वहीं अब तो देखादेखी ग्रामीण संभाग में भी नर्सरी स्तर के स्कूलों में छोटे छोटे नौनिहालों को अल सुबह सर्दी में जबरन स्कूल बुलाया जा रहा है। इस संदर्भ में एक स्कूल अध्यापक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में स्कूल को शिक्षा का माध्यम होने की बजाय एक दुकान के रूप में परिवर्तित किया जा चुका है।

## गाँव ब्राह्मण और महराना मे महेन्द्र कादियांन का जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**कॉंग्रेस के** जनजागरण अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण के गाँव ब्राह्मण माजरा और महराना मे कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता महेन्द्र कादियान जनता के विचारों को जानने के लिए इन गाँव का दौरा किया और बताया की भाजपा सरकार सत्ता मे काबिज रहने के लिए झूठ और फरेब का सहारा लेती है और फिर किये हुए अपने वादे से मुकर जाते है ,और इन वादो को चुनावी जुमला बताकर जनता को धोका देती है ।
आगे बोलते हुए कहा की हमारी



सरकार जो वायदा करेगी वो पूरा करके दिखायेगी इसका सबूत है कि जिस प्रदेश मे कॉंग्रेस की सरकार है वहाँ पर किये हुए वादों को तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है। बताया की हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूड्डा ने कहा है कि सरकार आने पर पहले की भांति 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे ,300 यूनिट बिजली ,500 रुपये का गैस सिलेंडर और हर ग्रहणी को ,1500 रुपये रसोई का खर्चा दिया जायगा। इस पर सभी ग्रामवासियों ने महेन्द्र कादियान को आने वाले चुनाव मे साथ देने का आश्वासन दिया और बुजुर्ग माहिलाओ ने कादियान जी के सिर पर हाथ रखकर पूरा समर्थन दिया इस मोके पर गाँव ब्राह्मण माजरा के जय भगवान , प्रवीण , मनीष रोहीला , रामहेर शर्मा व महराना के काकू , बलकार , कान्ता , सतबीर , चरण सिंह ,पलवीन्द्र व सतीश कश्यप मौजूद रहे ।

## डॉ. पविता यादव ने 10 दिवसीय साहसिक शिविर में लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पविता यादव ने हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग की राज्य एनएसएस सेल की ओर से आयोजित 10 दिवसीय साहसिक शिविर में भाग लिया। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेई पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान मनाली में राज्य स्तरीय दस दिवसीय साहसिक शिविर का आयोजन किया गया। इस साहसिक शिविर में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस शिविर में राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पविता यादव का इस कैंप में बतौर कंटिजेंट इंचार्ज चयन किया गया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के एनएसएस प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर ने राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की सहायक प्रोफेसर डॉ. पविता यादव का चयन इस शिविर के लिए किया जो कि सामाजिक गतिविधियों में अग्रसर रहतीं हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए डॉ. पविता यादव ने बताया कि दस दिवसीय साहसिक शिविर में ट्रेकिंग, रोक कलाईमबिंग, रैपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, चढ़ाई और लंबी पैदल यात्रा आदि गतिविधियों के माध्यम से आत्मविश्वास एवं मनोबल में बढ़ोत्तरी हुई। इस कैंप के माध्यम से विपदा के समय एक सहायक कड़ी बनने का प्रशिक्षण दिया गया। दस दिवसीय साहसिक शिविर के समापन समारोह में अटल बिहारी वाजपेई इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर अविनाश नेगी ने एबीवीआईएमएएस का बैच लगाकर राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पविता यादव को सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने बहादुरी से सभी गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## पात्र नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा/**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। मंगलवार को संकल्प यात्रा खरखौदा तहसील क्षेत्र के गाँव पीपली तथा बरोणा में पहुँची। जहाँ ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने सभी लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। ऑनलाइन प्रणाली से अब घर लोगों के घर बैठे हो रहे हैं काम-चेयरपर्सन मोनिका दहिया चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने कहा कि केंद्र व प्रदेश



सरकार द्वारा आमजन के हित में नई-नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिनका जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। योजनाओं के ऑनलाइन होने से अब घर बैठे ही लोगों के काम हो रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर जनहित के कार्यों के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में पहुँच कर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और लाभ उठाएं। इस यात्रा के दौरान सभी विभागों द्वारा स्टॉलें लगाई जा रही है और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है।
चेयरपर्सन ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में पात्र लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से गरीब व पिछड़े लाभार्थी केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। सरकार का मानना है कि अंतिम व वंचित व्यक्ति के विकास के बिना ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्ण भारत की कल्पना संभव नहीं। देश तभी ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्ण बनेगा जब इसके नागरिक ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्ण होंगे। सरकार समाज के अंतिम व वंचित वर्ग को विकास में बराबर का भागीदार बना रही है। देश व प्रदेश के विकास में युवा वर्ग की अहम भूमिका-मीना नरवाल जिला परिषद की पूर्व चेयरपर्सन मीना नरवाल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

## न्यूज फ्लैश

### सीआईपीएसीए को 2 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली

**नोएडा।** समृद्ध हेल्थकेयर ब्लेंडेड फाइनेंस सुविधा, यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा समर्थित और आईपीई ग्लोबल द्वारा कार्यान्वित एक बहु-हितधारक नवाचार और वित्तपोषण मंच, ने सीआईपीएसीए को 2 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। सीआईपीएसीए ग्रामीण भारत में इंटेंसिव केयर यूनिट्स (आईसीयू) के लिए एक अग्रणी सेवा प्रदाता है। सहायता एक पुनर्प्राप्ति योग्य अनुदान के रूप में प्रदान की गयी है और इसका उपयोग उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार और महाराष्ट्र में जिला, कस्बों और तालुकों के छोटे अस्पतालों के साथ साझेदारी में आईसीयू स्थापित करने के लिए किया जा रहा है। यह पहल चयनित अस्पतालों के बुनियादी ढांचे और संचालन को मजबूत करेगी, उन्हें आईसीयू देखभाल के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करेगी और वंचित समुदायों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करेगी। सीआईपीएसीए के एमडी, डॉ. राजा अमरनाथ ने कहा कि, "सीआईपीएसीए अपने सहयोगी अस्पतालों को अधिक आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के आदर्श के साथ काम करता है। हम इन छोटे शहरों में आईसीयू स्थापित करके और महत्वपूर्ण घंटों के दौरान रोगियों का अच्छा इलाज करके अधिक जीवन बचा सकते हैं। एक ग्रामीण अस्पताल में सीआईपीएसीए का आईसीयू एक महीने में 100-150 रोगियों का इलाज करता है, जिसमें शहर की तुलना में 1/4 लागत होती है। इसके अलावा, यूएसएआईडी ने सीआईपीएसीए के प्रयासों को मान्यता दी, और हम इस अनुदान के लिए आभारी हैं।"

### न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने 2024 की क्लास के लिए कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बी.टेक के लिए प्रवेश का पहला दौर शुरू किया

**नोएडा।** कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में ऑन-कैंपस बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के उद्घाटन समूह की जबरदस्त सफलता के बाद, न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के सहयोग से, अब 2024 बैच के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा एनएसएटी (न्यूटन स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट) के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। 22 दिसंबर से शुरू, देश भर के छात्र जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 2022, 2023 या 2024 में अपनी



हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षाओं में 50% से अधिक अंक हासिल किए हैं, वे यहां कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रारंभिक प्रवेश दौर के माध्यम से, आवेदक ढेर सारी छात्रवृत्तियों का लाभ उठा सकते हैं और प्रवेश की संभावना बढ़ा सकते हैं। एनएसएटी, साक्षात्कार स्कोर, जेईई, सीबीएसई, केवीपीवाई और ओलंपियाड प्रदर्शन के आधार पर, छात्र ट्यूशन फीस के लिए 100% योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं। अधिक छात्रों को अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम अतिरिक्त रूप से सभी 4 वर्षों में महिला छात्रों के लिए ट्यूशन शुल्क पर उच्च छात्रवृत्ति प्रदान करता है। सिद्धार्थ माहेश्वरी, को-फाउंडर, न्यूटन स्कूल ने कहा, एनएसटी में, हम तकनीकी शिक्षा के भविष्य को जीवंत बना रहे हैं। हमारे आठ-सेमेस्टर पाठ्यक्रम को विकसित करने के लिए डिजाइन किया गया है और कंप्यूटर सायन्स और एआई में नवीनतम को एकीकृत करने के लिए इसे लगातार अद्यतन किया जाता है। यह सक्रिय दृष्टिकोण हमें और हमारे छात्रों को तकनीकी प्रगति में सबसे आगे रखता है, उन्हें फुर्तीला, दूरदर्शी समस्या-समाधानकर्ता में बदल देता है। कोर्स शुरू करने वाले छात्रों के नए बैच के साथ हम उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने और भविष्य के तकनीकी नेता बनने के लिए कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए तत्पर हैं।

# यूपी में जल्द हो सकती है गन्ना मूल्य वृद्धि की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** यूपी के गन्ना किसानों को जल्द मूल्य वृद्धि की सौगात मिल सकती है। पंजाब एवं हरियाणा में गन्ना का मूल्य घोषित किया जा चुका है। आगामी दो चार दिन में यूपी के गन्ना किसानों के लिए भी घोषणा संभव है। प्रदेश में गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर गन्ना मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के मथुरा स्थित आवास पर जाकर किसान संगठन ने मंत्री को ज्ञापन दिया। जिसमें 10 दिन का समय दिया है अगर 10 दिन में गन्ना मूल्य वृद्धि नहीं होती है तो अलीगढ़ और



आगरा मंडल के किसान गन्ना मंत्री के मथुरा स्थित आवास पर धरना देंगे। जनपद में गन्ना की खेती किसान नहीं कर रहे हैं। हालांकि विभाग का सरकारी कार्यालय भी जनपद में मौजूद हैं और छाता शुगर मिल को चालू करने की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन अभी किसानों ने जनपद में गन्ने की खेती शुरू नहीं की है।

यह किसानों का स्थानीय मुद्दा नहीं है। किसान संगठन द्वारा स्थानीय मुद्दा नहीं होने के बाद ज्ञापन देकर आंदोलन का ऐलान करना इस बात का संकेत है कि सरकार 10 जनवरी से पहले ही मूल्य वृद्धि की घोषणा करने जा रही है।

**भाकियू अराजनैतिक ने दिया ज्ञापन**

गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष आगरा राजकुमार तोमर के नेतृत्व में किसानों ने गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के मथुरा स्थित आवास पर जाकर मूल्य वृद्धि को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन के दौरान बनी सिंह छोटू हलवाई, मुकेश प्रधान, मनीराम, राधेश्याम कुंतल, ओमप्रकाश सिंह, अर्जुन सिंह, नवीन कुमार, सोबरन सिंह, चरन सिंह, धनपाल सिंह, जयवीर सिंह, कुलदीप चौधरी, अवधेश रावत, लाल सिंह तोमर, उदयवीर सरपंच, सोनवीर चौधरी उपस्थित रहे।

## लिंग आधारित हिंसा विषय पर बैठक का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर की अध्यक्षता में लिंग आधारित ड्रूषहसा विषय को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कुरुक्षेत्र जिलें में लिंग आधारित हिंसा को लेकर चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान पर चर्चा की गई। जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने कहा कि लिंग हिंसा को रोकने के लिए हम सभी को मिलकर युद्ध स्तर पर कार्य करना है और अगर किसी भी व्यक्ति को इस बारे जानकारी मिलती है तो इसके बारे में जल्द से जल्द जिला प्रशासन को सूचित करें, जिससे जिले में लिंग आधारित हिंसा को रोका जा सके और इससे से संबंधित कार्यक्रमों को चलाकर लोगों को जागरूक किया जा सके। जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन कृष्ण पांचाल ने जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विभाग द्वारा कन्या भ्रूण हत्या पर बहुत सारे कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से किया जाता है।

## गोवर्धन में सर्दी में ठिठुर कर साधु की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** सर्दी के प्रकोप से बचाने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने बेसहारा मजदूर वर्ग के लोगों को कंबल वितरण कराने एवं रेन बसेरा बनाने के आदेश जिला प्रशासन को दिए थे। लेकिन प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। गोवर्धन गिरिराज परिक्रमा मार्ग पर सैकड़ों बे सहारा साधुभेषधारि खुले आसमान के नीचे रात बिताने को विवश हैं। अभी तक रेन बसेरा नहीं बने है। रेन बसेरा के अभाव में आए दिन भिक्षुक और साधुभेषधारियों की मौत हो रही है। मंगलवार प्रातः एक अज्ञात साधुभेषधारी का गिरिराज परिक्रमा मार्ग स्थित उद्धव कुंड के समीप शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर राधाकुंड चौकी पुलिस ने मृतक साधुभेषधरी के शव को कब्जे में कर पोस्ट मार्टम को भेज दिया। साधु की मौत सर्दी से होना बताया गया है। चूंकि सोमवार की रात साधुभेषधारी सर्दी के चलते उद्धव कुंड के समीप ठहरा था, मंगलवार सुबह सर्दी से ठिठुर कर उसकी मौत हो गई। दरअसल गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर प्रशासन की ओर से एक भी

**बेसहारा**

**8 गोवर्धन गिरिराज परिक्रमा मार्ग पर सैकड़ों बे सहारा साधुभेषधारि खुले आसमान के नीचे रात बिताने को विवश**

रेन बसेरा की व्यवस्था नहीं कराई गई है। भिक्षुक और बेसहारा साधुभेषधारी खुले आसमान के नीचे रात बिताने को विवश हैं। जिसके चलते एक माह के अंतराल में 3 साधुभेषधारियो की मौत हो चुकी है। नगर पंचायत प्रशासन कागजों में ही अलाव और रेन बसेरा संचालित होने के झूंठे दावे कर रहे हैं। हालांकि गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार का कहना है कि नगर पंचायत के द्वारा तीन रेन बसेरा अनाथालय, नगर पंचायत और अन्यौर में बनाए गए हैं, अलाव भी जलवाए जा रहे हैं। वहीं राधाकुंड नगर पंचायत की ओर से इस तरफ अभी तक कोई ध्यान नहीं जा रहा है।

## शीतकालीन राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

**सिवानी/बहल।** बी आर सी एम ज्ञानकुंज स्कूल बहल के प्रांगण में प्राचार्य श्री राजेश कुमार झाझरिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ह्लआत्मनिर्भर भारत थीमह्न पर आधारित सात दिवसीय शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी आश्रम बहल की संचालिका शकुंतला बहन जी, पूनम बहन जी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ रामावतार जालोदिया ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि व ज्ञानकुंज प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। सर्वप्रथम एन एस एस स्वयं सेविकाओं ने स्वागत गीत एवं लक्ष्य गीत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। एन एस एस स्वयं सेविका निक्कू द्वारा देश भक्ति संगीत पर नृत्य करके सभी को भाव विभोर किया।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी पहुंची ठाकुर बांके बिहारी की शरण में

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** नव वर्ष के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचीं। सोनल शाह के कार्यक्रम को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया था। नव वर्ष के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु मथुरा वृंदावन पहुंचते हैं और अपने आराध्य के दर्शन कर अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं। इसी क्रम में भारत के गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी अपने परिवार के साथ बांके बिहारी की शरण में पहुंची जहां मंदिर के सेवायतों ने उन्हें विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराई। वहीं बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों ने उनका माला, पटका एवं दुपट्टा



पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने देश की उन्नति के लिए सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## नए साल के उपलक्ष पर नए अभियान के शुरू करने से पहले हवन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

महिपाल सूबेदार ने बताया कि हमने 1 जनवरी 24 से तीसरे अभियान की शुरूआत की है, पानीपत ग्रामीण की कालोनियों में एक बूथ 10 युथ जोड़ो अभियान का नाम दिया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण की कॉलोनीयों में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया। सूबेदार ने बताया कि हमने संकल्प लिया है कि कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी के नाम को व चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नाम को घर-घर तक जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है और इससे



पहले भी महिपाल सूबेदार व उनकी टीम दो अभियान चला चुकी है पहले अभियान में आओ चले गांव की ओर कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 41 दिन का 5 जून से 16 जुलाई तक रहा। दूसरा अभियान ग्रामीण की कॉलोनी में महिपाल सूबेदार --आपके द्वार 91 दिन का अभियान 5 सितंबर से 6 दिसंबर तक रहा अब तीसरे अभियान नए साल 1 जनवरी से शुरू किया है और इस अभियान के प्रति कॉलोनीयों के युवाओं में भारी उत्साह है और हर बुथ पर हम पार्टी को मजबूती देने का काम कर रहे हैं ताकि आने वाले चुनाव में पार्टी को और मजबूत किया जा सके। जिसके भूत मजबूत होंगे वही कैंडिडेट विजय होगा हमारा ऐसा मानना है। इस मौके पर सूबेदार प्रताप सिंह ,विशंभर गुर्जर ,चंद्र श्याम शर्मा शमशेर वाल्मीकि ,रामकुमार कोरी, बलवान शर्मा ,सूबेदार जीत प्रजापत ,मनीष धीमान ,टिंकू जोगी ,पूर्व पंचायत मेंबर नंद शर्मा, रिंकू रोहिल्ला, रविंद्र कश्यप ,लक्ष्मी नारायण शर्मा ,अजीत हुड्डा, मास्टर ईश्वर ,प्रकाश दुबे द, सुखा सिंह सरदार,लेर विडान, तेल राम गर्ग, मंजू देवी ,पूजा देवी ,सुधीर शर्मा ,सुमित रमना, व कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

## अब ओटीएस में 16 जनवरी तक निपटा सकते हैं बकाए बिल का झंझट

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** विद्युत बकाया के उपभोक्ताओं को ओटीएस का लाभ देने के लिए योजना की समय सीमा का विस्तार किया गया हैं। बकायेदार उपभोक्ता अब 16 जनवरी तक इस योजना के तहत अपने बिजली के बकाया बिल का निस्तारण करा सकेंगे। इससे पहले 31 दिसम्बर को योजना खत्म हो गई थी। तीन चरणों में लागू हुई योजना का तीसरा और अंतिम चरण 31 दिसम्बर तक था। ओटीएस योजना की समय सीमा समाप्त होने के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर उनके कनेक्शन विच्छेदन की तैयारी कर ली थी। उपभोक्ताओं को मोबाइल पर कनेक्शन विच्छेदन की चेतावनी वाले मैसेज भी भेजे जा रहे थे। मैसेज में कहा जा रहा था कि 31 दिसम्बर तक बकायेदार उपभोक्ता ओटीएस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कराते हैं तो उनके कनेक्शन काटने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में पहली बार बिजली चोरी के मामलों को भी ओटीएस योजना के तहत सम्मिलित किया गया था। सबसे अधिक लाभ की स्थिति भी बिजली चोरी के मामलों में ही दी गई है। बिजली चोरी के बकायेदारों को 65 प्रतिशत तक की छूट दी गई है, बावजूद इसके बकायेदार उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लेने में उत्साह नहीं दिखाया है। ओटीएस योजना के विस्तार से पहले 25 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने भी रजिस्ट्रेशन नहीं कराये हैं। विभागीय अधिकारी एक बार फिर उपभोक्ताओं के दर पर दस्तक दे रहे हैं और बकायेदार उपभोक्ताओं से योजना का लाभ लेने की अपील कर रहे हैं। विद्युत विभाग की ओर से बकायेदार उपभोक्ताओं से ओटीएस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की जा रही है। उपभोक्ताओं को योजना के लाभ भी बताये जा रहे हैं और बकायेदारों के कनेक्शन नहीं काटे जा रहे हैं। वहीं उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण प्रभावी तरीके से नहीं कि जा रहा है। योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराने से कतरा रहे उपभोक्ताओं में बडी संख्या ऐसे उपभोक्ताओं की है जिन्हें विभाग की ओर से बेहिसाब बिल थमाए गये हैं।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में एनएसएस कैम्प का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**मुरलीधर** डी ए वी विद्यालय में (आत्मनिर्भर भारत) एन एस एस कैंप का शुभारम्भ हुआ

मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल मे एन एस एस कैंप का शुभारम्भ हुआ। यह सात दिवसीय कैंप 2 जनवरी से 8 जनवरी तक चलेगा। एन एस एस की कार्यकर्ता अधिकारी अलका सैनी व टीम सदस्य नीना सूद, सोनिया, मिलनप्रीत, भाविका, विनीत और



लवदीप ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) जोन डी हरियाणा, डॉ आर आर सूरी को पुष्प गुच्छ भेंट प्रदान कर स्वागत किया तत्पश्चात डॉ आर आर सूरी द्वारा ज्योति प्रज्वलित की गई। डॉ सूरी द्वारा कैंप मे आये बारहवीं कक्षा के छात्रों को प्रेरणादायक शुभ वचन कहे। लक्ष्य गान गाया गया व शपथ समारोह मे शपथ ग्रहण की। इस कैंप मे लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया।

## असम में स्थायी शांति और सर्वांगीण विकास के सपने को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**असम में शांति** व्यवस्था कायम करने के प्रयास में एक बड़ी कामयाबी मिली है। असम में 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर सहमति जताई है। इसके साथ ही अमृतकाल में असम के इतिहास में एक नए युग की शुरूआत होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की कोशिश जोर-शोर से चल रही है। शाह की मौजूदगी में भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच यह त्रिपक्षीय शांति समझौता संभव हो पाया है। इस शांति समझौते के साथ ही पूर्वोत्तर के राज्यों में दशकों पुराने उग्रवाद का अंत हो गया है। मोदी जी के शांत, सुरक्षित और समृद्ध पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने की दिशा में शाह ने यह एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। असम लंबे समय तक उल्फा की हिंसा से त्रस्त रहा और वर्ष 1979 से अब तक 10 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। आतंकवाद को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन मानने वाले शाह की नीतियों के तहत असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुआ है। उल्फा के साथ इस समझौते के तहत असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत बरकरार रहेगी। उल्फा के जिन कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है, उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ कर रोजगार के नए मार्ग प्रदान किए जाएंगे। उल्फा के सदस्यों को जिन्होंने सशस्त्र आंदोलन का रास्ता छोड़ दिया है, उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए मोदी-शाह की जोड़ी हर संभव प्रयास कर रही है। भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह द्वारा असम में शांति व्यवस्था को लेकर उठाया गया यह कदम आने वाले समय में असम सहित पूरे पूर्वोत्तर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## अब हड़तालियों से प्रभावी तरीके से निपटने का प्रशासन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नए कानून के विरोध में कई दिन से आगरा दिल्ली हाईवे पर ट्रक चालकों द्वारा जगह जगह किये जा रहे विरोध प्रदर्शन किये जा रहे हैं। सोमवार को मंडी चौराहे के आसपास हुए प्रभावी विरोध प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों से प्रभावी तरीके से निपटने की रणनीति बनाई है। वहीं परिवहन विभाग भी पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का दवा है कि मथुरा में रोडवेज कर्मी हड़ताल पर नहीं है और लगातार बसों का संचालन किया जा रहा है। एआरएम मथुरा मदन मोहन शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पलवल साइड में कुछ देर के लिए यातायात बंद हुआ था। ट्रक चालकों की हडताल के चलते बसों का संचालन पूरी क्षमता के साथ नहीं हो पा रहा है। चालक परिचालक बसों में तोड़फोड़ की आशंका के चलते कुछ सहमे हुए हैं। यात्रियों, चालक परिचालकों को किसी तरह का कोई नुकसान न पहुंचे इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है। हड़ताल केवल ट्रक चालकों के द्वारा की गई है। मथुरा में हमारी बसों के चालक परिचालक या अनुबंधित बस मालिकों द्वारा नहीं की गई है। सोमवार को 70 प्रतिशत बसों का संचालन हुआ था। मंगलवार को शाम चार बजे तक करीब 50 प्रतिशत बसों का सभी रूटों पर संचालन हुआ था। मथुरा डिपो में करीब 155 बस हैं। हमें अनुबंधित बस चालक स्वामियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। कोई अवरोध पैदा कर रहा है तो उसे हटाया भी जा रहा है। सोमवार को मंडी चौराहे के पास जाम लगाया गया था। बाहर अगर कहीं जाम की स्थिति बनती है तो बस संचालन प्रभावित होता है।

**परिवहन आयुक्त ने जारी किया पत्र**

चंद्र भूषण सिंह परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश की ओर से जिलाधिकारियों एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को नए कानून का विरोध कर रहे हड़ताल ट्रक एवं बस चालकों से निपटने के लिए पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि नये सड़क दुर्घटना कानून के विरोध में रोडवेज के अनुबंधित व जिले की बस यूनियनों द्वारा एक से 30 जनवरी तक हड़ताल घोषित की गई है। हड़ताल के कारण प्रदेश की परिवहन व्यवस्था अत्यधिक प्रभावित हो रही है। जिसके कारण यात्रियों को गंतव्य तक जाने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। पत्र में कहा गया है कि कानून के प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। कानून लागू होने के बाद ही इसका स्वरूप परिभाषित किया जा सकेगा। ऐसे में परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, बस यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनता को हो रहीं परेशानियों से अवगत कराएं। बसों के सुगम संचालन के लिए कार्यवाही करें।

पुलिस ने हाइवे पर बढाई पेट्रोलिंग

ट्रक चालकों द्वारा नए नियम के विरोध में की जा रही हड़ताल से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने प्रभावी रणनीति तय की है। जिसके चलते मंगलवार को यातायात बाधित होने की समस्या पैदा नहीं हुई है। आगरा दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर साल के पहले दिन यानी सोमवार को मंडी चौराहे के आसपास हुए ट्रक चालकों के चक्का जाम को देखते हुए हाइवे पर पुलिस ने पेट्रोलिंग बढा दी है। वहीं थाना प्रभारी भी लगातार नजर बनाए हुए हैं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रह सके। एसपी सिटी डा.अरविंद कुमार ने बताया कि हाइवे पर पुलिस की पेट्रोलिंग बढा दी गई है। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। पीआरवी के साथ थाना पुलिस भी सक्रिय है।

## राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल टक्कर से मिले मधुसूदन बवेजा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम पूर्व संसदीय सचिव अनिल टक्कर से पिपली पैराकीट में महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने मुलाकात की। मधुसूदन बवेजा ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय पंजाबी महासभा द्वारा जिला में करवाए जा रहे कार्यों बारे विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा हर वर्ष लड़कियों को सिलाई केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाता है। इस



वर्ष भी प्रशिक्षण शिविर जल्द ही शुरू किया जाएगा। शिविर शुरू करने के लिए जल्द ही महासभा की जिला स्तरीय बैठक बुलाकर आगामी निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा पंजाबी समाज के उन बुजुर्गों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने देश की आजादी के समय वर्ष 1947 की त्रासदी सहन की।

# हिट एंड रन कानूनों के विरोध में चालकों की हड़ताल जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** हिट एंड रन कानूनों के विरोध में भी ट्रक व अन्य भारी वाहन चालकों ने अपनी हड़ताल जारी रखी। इसके चलते अम्बाला शहर की अनाज मंडी व बलदेव नगर में चालक इकटठे हुए और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।



चालकों का कहना था कि सरकार द्वारा जो नए कानून हिट एंड रन बनाए गए है। वह पूरी तरह से चालकों के खिलाफ है। इससे कहीं न कहीं चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पडेगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर कोई दुर्घटना हो जाती है तो ड्राइवर मानवता के नाते घालयों को अस्पताल पहुंचाता है। ऐसे कई उधारहण भी सामने आए है। लेकिन सरकार ने जो नया कानून बनाये है वह पूरी तरहत से गलत है।
उन्होनें केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि मौजूदा समय में प्रत्येक व्यक्ति के घर में वाहन है। जबकि अधिकत्तर लोग लोन पर वाहनों को लेकर परिवारों का पेट पाल रहे है। ऐसे में इस तरह के कानून बनाना एक ओर जहां मानसिक प्रताड़ना का कारण बनेगा तो वहीं दूसरी ओर वाहन चालक वाहन बेचते हुए भी घबराएगे।
चालकों ने यह भी कहा कि यदि सरकार का रवैया इसी प्रकार रहा तो क्षेत्र में बाहरी वाहनों की एंट्री पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा। वहीं केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए हिट एंड रन केस में चालकों का विरोध प्रावधान के खिलाफ रोडवेज यूनियनें भी एकजुट होना शुरू हो गई है। रोडवेज कर्मचारी अम्बाला शहर रोडवेज वर्कशॉप में 11 बजे से लेकर 1 बजे तक प्रदर्शन करेंगे।
जानकारी देते हुए यूनियन नेता महावीर पाई ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह जनहित में कानून बनाए लेकिन स्थिति इसके बिलकुल विपरीत है। जिस नियम को लेकर देशभर में बवाल मचा हुआ है वह हाल ही में संसद से पारित तीन नए कानून का हिस्सा है। दरअसल, आईपीसी की जगह लेने वाली भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 104 में हिट एन्ड रन का जिक्र किया गया है। यह धारा लापरवाही से मौत का कारण के लिए दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान करती है। धारा 104(1) कहती है,'जो कोई भी बिना सोचे-समझे या लापरवाही से कोई ऐसा कार्य करके किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता है, उसे किसी एक अवधि के लिए कारावास से दंडित किया जाएगा जिसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुमार्ने के लिए भी उत्तरदायी होगा। धारा 104(2) उल्लेख करती है, 'जो कोई भी लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है और घटना के तुरंत बाद किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना दिए बिना भाग जाता है, उसे किसी भी अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा।

# जन संकल्प रैली को लेकर देवेंद्र कादियान ने लोगों को समालखा हल्का के गांव में दिया न्यौता

**समालखा ( कुलदीप सिंह :** जजपा नेता देवेंद्र कादियान ने समालखा हल्का के गांव मोहाली,नंगला आर-पार, धनशोली, कुराड,जांबा, सनौली खुर्द,नवादा आर पार,तामसाबाद,पत्थर गढ़,जलालपुर 2,गढ़ी बेशक और राणा माजरा में घरौंडा अनाज मंडी में 7 जनवरी को होने वाली नव संकल्प रैली का न्यौता दिया। सभी गांव में ग्रामवासियों ने उनका फूल मालाओं,बुक्को से जोरदार स्वागत किया उन्होंने सभी को रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जाने का कहा साथ ही कहा की यह रैली जेजेपी की सभी लोकसभाओ में हुई रेलियो से सबसे बड़ी रैली होगी रैली में मुख्य अतिथि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला और हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंच रहे हैं आप सभी रैली में पहुंच कर उनके विचार सुने और जेजेपी पार्टी के हाथ मजबूत करने का काम करें।
देवेंद्र ने कहा की आने वाला समय जननायक जनता पार्टी का है चाबी के बिना सता का ताला नही खुल सकता आप सभी जेजेपी को मजबूत करे साथ ही कहा की कांग्रेस से हरियाणा के लोगो को नफरत हो गई हैं कांग्रेस का अब कोई वजूद नहीं रहा और जेजेपी बीजेपी हरियाणा में मिलकर हरियाणा में विकास कार्य करवा रही समालखा हल्का में भी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 25 करोड़ से नई सड़क बनवाने का काम किया और दोबारा से नई सड़को के टेंडर लगाए गए है साथ ही देवेंद्र कादियान ने कहा की यहां की जनता झूठे,लूबावने नेताओ से परेशान हो चुकी अबकी समालखा हल्का की जनता को एक सच्चे और ईमानदार नेता की जरूरत है जो इनके

**तैयारी**

**8 देवेंद्र ने कहा की आने वाला समय जननायक जनता पार्टी का है चाबी के बिना सता का ताला नही खुल सकता**

कार्यो को खड़ा होकर करवा सके।
इन गांव में जनता के आपार समर्थन को देखकर लग रहा है की देवेंद्र कादियान ने समालखा हल्का में एक अच्छी टीम तैयार कर ली है लोगो के प्यार,स्नेह,आशीर्वद को देखकर देवेंद्र कादियान को और ज्यादा मजबूती मिली हैं एक दिन में इतने प्रोग्रामो को करके देवेंद्र कादियान ने समालखा हल्का के नेताओ की नींद उड़ाने का काम किया।
हल्का प्रधान बलराज मछरोली ने कहा की समालखा हल्का में देवेंद्र जी के आने से जेजेपी पार्टी मजबूत हुई हैं देवेंद्र हल्के के लोगो से निरंतर संपर्क में रहते हैं उनके दुख सुख में जाते हैं साथ ही लोगो की समस्याओं का निवारण करते हैं समालखा हल्का के लोगों को ऐसे नेता की ही जरूरत है जो 24 घंटे इनके बीच में रह कर काम कर सके साथ ही कहा की लोगो के प्यार, आशीर्वाद से अगली बार समालखा हल्के की सीट जेजेपी पार्टी के खाते में होगी।
इस मौके पर हल्का प्रधान बलराज मछरोली,पूर्व हल्का प्रधान बिजेंद्र करहंस,युवा हल्का प्रधान बिजेंद्र फोर,राजबीर प्रजापत,विकी डाडोला,पार्षद मनीष बेनीवाल,जोगिंद्र सबरवाल,योगेश त्यागी,अब्बास अध्मी कृष्ण छज्जूगढ़ी,रिंकू रावल,सोनू जलमाना,अमित डिकाडला मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### किसानों की महापंचायत में पहुँचे गुरनाम सिंह चढूनी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला के नारायाणगढ़ में किसानों ने महापंचायत करते हुए प्रदेश व केंद्र सरकार को जमकर कोसा। किसानों का कहना था कि पिछले लंबे समय से उन्हे गन्ने की बकाया पेमंट अभी तक नहीं मिली है। जबकि मिल प्रबंधन की ओर की करोड़ो रुपया बकाया है। लेकिन सरकार ने अभी तक इस मामले में कोई उचित कार्रवाई नहीं कि।
उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार को कई बार अपनी मांगो को लेकर सचेत किया गया है। लेकिन सरकार ने कोई उचित फैसला नहीं लिया। किसान पिछले कई दिनों से एसडीएम कार्यालय नारायणगढ पर भी धरना प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन सरकार में उनकी सुनने वाला कोई भी नहीं है। यहां तक की कल किसानों ने भूख हड़ताल भी शुरू की थी। लेकिन इसके बाद भी सरकार या प्रशासन की ओर से नए नए फरमान जारी कर दिये है। वहीं भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी भी आज महापंचायत में शामिल होने के लिए यहां पर पहुंचे। उन्होनें कहा कि किसानों को उनका हक दिलवाया जाए। चढूनी ने कहा कि मिल के मामले में जो कुर्की के आदेश आए है। वह पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने कहा कि यदि हमे न पता लगता तो यह तो ऑनलाइन निलामी तक कर देते। क्योंकि आजकल अधिकत्तर काम ऑनलाइन हो रहें है। उन्होंने कहा कि निलामी देने वाले को यह भी नहीं पता होगा कि मिल की तरफ किसानों का करोड़ो रुपए बकाया है। चढ़नी ने कहा कि मिल को बंद नहीं होने दिया जाएगा। हमारे पास धान की फसल के लिए प्रयाप्त पानी नहीं है। इसलिए यहां पर गन्ने की पैदावार किसान कर रहा है। लेकिन सरकार की लेट लतिफी के कारण किसानों के करोड़ो रूपए बकाया है। आज इस अवसर पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसानों ने भाग लिया। महापंचायत को लेकर किसान पिछले कई दिनों से जनसंपर्क अभियान चलाए हुए थे। गांव गांव में जाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा था। उन्हे बताया जा रहा था कि महापंचायत किसानों के हित में है और इसमें जरूर हिस्सा लें।

### ट्रकों की हड़ताल का असर पैट्रोल पंपो पर देखने को मिला

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला में** ट्रकों की हड़ताल का असर पैट्रोल पंपो पर देखने को मिला। आज दोपहर बाद अम्बाला शहर के लगभग सभी पैट्रोल पंपो पर वाहन चालकों की लंबी लंबी कतारे लग गई। लोगो का कहना था कि हड़ताल कितने दिन चलेगी यह मालूम नहीं है। लेकिन इस हड़ताल के कारण कहीं उन्हे पैट्रोल की किल्लत का सामना न करना पड़े। इसी के चलते वह पहले से ही पैट्रोल भरवाने के लिए पहुंचे है।
कुछ वाहन चालकों ने बताया कि नये वर्ष पर केंद्र सरकार द्वारा जो कानून लागू किये गए है। वे पूरी तरह से अनुचित है। उसी का असर आज यहां पर देखने को मिल रहा है। लोग कानून का विरोध कर रहें है। ऐसे में यदि कोई कानून बनाया जाता है तो उसे जनहित में ध्यान में रखकर बनाना चाहिए। अम्बाला के ही रहने वाले राहुल ने बताया कि वह साहा नौकरी करने जाता है। जिसके चलते उसने आज अपने मोटरसाइकिल की टंकी ही फुल करवा ली है। उसने कहा कि पहले वह मात्र 200 रूपए का पैट्रोल डलवाता था। लेकिन जब उसे हड़ताल के बारे में पता चला तो वह टंकी फुल करवाने के लिए मजबूर हो गया। इसी प्रकार अम्बाला छावनी के पैट्रोल पंपों पर भी भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं थ्री व्हीलर चालक जगमोहन ने बताया कि पैट्रोल डीजल की कमी होती है। तो उनका व्यवसाय पूरी तरह से चरमरा जाएगा। अम्बाला शहर के रहने वाले ज्ञानिंद्र ने बताया कि वह भी लालरू नौकरी करता है और रोजाना 100 रूपए का पैट्रोल डलवाता है। लेकिन आज उसे भी टंकी फुल करवानी पड़ रही है। वहीं भीड़ के कारण लगभग कुछ पैट्रोल पंपो पर पैट्रोल समाप्त हो गया था। जिसके कारण कुछ लोगो को मायूस होकर घर लौटना पड़ा।
वहीं छुट्टियों में हिमाचल व अन्य राज्यों में छुट्टियां मनाने जा रहे युवक भी आधे रास्ते से लौटना शुरू हो गए है। उनका कहना था कि पहाड़ी क्षेत्रों में पहले से ही पैट्रोल पपं काफी कम है। ऐसे में अब हड़ताल के कारण वहां पर पैट्रोल मिलना मुश्किल हो जाएगा।
सब्जियों के दामों में भी आया उछाल- ट्रांसपोर्टर की हड़ताल के कारण आज सब्जियों के दामों में भी उछाल देखने को मिला।

# राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल टक्कर से मिले मधुसूदन बवेजा

## राष्ट्रीय पंजाबी सभा द्वारा करवाए जा रहे कार्यों बारे किया विचार विमर्श

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)राष्ट्रीय पंजाबी महासभा** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम पूर्व संसदीय सचिव अनिल टक्कर से पिपली पैराकीट में महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने मुलाकात की। मधुसूदन बवेजा ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय पंजाबी महासभा द्वारा जिला में करवाए जा रहे कार्यों बारे विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा हर वर्ष लड़कियों को सिलाई केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाता है। इस वर्ष भी प्रशिक्षण शिविर जल्द ही शुरू किया जाएगा। शिविर शुरू करने के लिए जल्द ही महासभा की जिला स्तरीय बैठक बुलाकर आगामी निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा पंजाबी समाज के उन बुजुर्गों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने देश की आजादी के समय वर्ष 1947 की त्रासदी सहन की। एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने बताया कि राष्ट्रीय पंजाबी महासभा द्वारा समाजहित में अनेक कार्य किए जाते है। सभा द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाना, पौधारोपण करना व जरुरतमंदों को कपड़े, किताबें वितरित करना आदि कार्य किए जाते रहे है और ये कार्य आगे भी जारी रहेंगे। बवेजा ने लोगों से अपील की कि वे भी हर खुशी के अवसर पर पौधरोपण करे तथा पेड़ बनने तक उनकी संभाल करे।
उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर लगातार पेड़ों की कटाई की जा रही है जिस कारण पर्यावरण बहुत दूषित हो रहा है। हम सभी को मिल कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए।

# कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 15 जनवरी तक करे आवेदन: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 32 कृषि यंत्र 40 सामान्य वर्ग और 50 प्रतिशत अनुदान राशि अनुसूचित जाति, महिला और लघु और सीमांत व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के रोटावेटर, लेजर लैंड लेवल (कंप्यूटर गोडी ), और ट्रैक्टर पर लगे स्प्रेयर इत्यादि अनुदान पर दिए जा रहे हैं। कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटएग्रीहरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन पर 15 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ0 आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद चयन होने के उपरांत अनुदान पर लिया गया कृषि यंत्र पांच वर्षों तक नहीं बेच सकता है। किसान आवेदन करते वक्त अपनी सभी जानकारियों ध्यानपूर्वक भरें। दस्तावेज जमा करवाते वक्त ऑनलाइन आवेदन के समय भरी गई सभी जानकारियां मांगी जाएगी और यदि ऑनलाइन आवेदन से अलग जानकारी मिलती हैं।

# मानवता की सेवा ही वास्तव में ईश्वर की सेवा: विरेन्द्र आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबन्धक समिति के प्रधान विरेन्द्र आर्य रहे तथा विशिष्ट अतिथि प्रबन्धक समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान रहे। विद्यालय के प्राचार्य मनीश घनगस व एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा विद्यालय प्रांगण में पहुचने में मुख्य अतिथि विरेन्द्र आर्य तथा विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र जागलान का पुष्पकुंज हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विरेन्द्र आर्य ने कहा कि मानवता की सेवा ही वास्तव में ईश्वर की सेवा है।
मानवता का आशय मानव मात्र के प्रति सेवाभाव, सदाचारी व्यवहार और सभी जीवों के प्रति दयाभाव रखना है।
विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र जागलान ने कहा कि इस धरती पर सबसे खुश इंसान वह है जो मानवता की सेवा करता है। असली खुशी वह आंतरिक संतुष्टि है जो आप समाज से प्राप्त कर सकते हैं आप कितने भी अमीर क्यों न हों आप आंतरिक खुशी नहीं खरीद सकते।सभी धर्म हमें इस दुनिया में मानवता प्रेम और शांति के बारे में सिखाते हैं। अपनी मानवता दिखाने के लिए आपको एक अमीर व्यक्ति होने की आवश्यकता नहीं है। गरीबों की मदद और चीजों को साझा करके कोई भी अपनी मानवता दिखा सकता है। यह धन भोजन वस्त्र आवास आदि कुछ भी हो सकता है। लेकिन मनुष्य हमेशा ऐसे कार्यों में लिप्त रहा है जो मानवता की अवहेलना करते हैं।
एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने सांयकालीन सत्र की रूपरेखा बताते हुए बताया कि आज सांयकाल में विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई का कार्य तथा खेल गतिविधियाँ करवाई जाएगी।

# बच्चे देश का भविष्य है: कुलदीप

**समालखा:**
राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है हमें उन्हें चरित्रवान बनाने पर ध्यान देना है ।
एनएसएस के माध्यम से यह कार्य आसानी से किया जा सकता है। हमें दूसरे विद्यार्थियों से ईर्ष्या न करके स्पर्धा करनी चाहिए और अपने अंदर हीन भावना नहीं लानी चाहिए सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय तथा कड़ी मेहनत दोनों आवश्यक हैं।

# केन्द्र और प्रदेश सरकार ने आमजन के जीवन को ऊपर उठाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा भाजपा** पंचायती राज के सहसंयोजक सुभाष कुहाड़ ने मंगलवार को गांव जौरासी खास में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार ने आमजन के जीवन को ऊपर उठाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर गरीब व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों की ओर से इस विकसित भारत



संकल्प यात्रा में जितनी भी स्टॉल लगाई जाती है उनका लोग फायदा उठाएं क्योंकि विभाग द्वारा चलाई गई योजनाएं अंत्योदय की भावना से बनाई गई है। सरकार का मुख्य फोकस यही है कि सभी योजनाएं पात्र लोगों को उनके घर-द्वार पर ही उपलब्ध हों।
सुभाष कुहाड़ ने सभी लोगों से अपील की कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला विराजेंगे। इस दिन सभी लोग अपने घरों में पांच-पांच दीपक जरूर जलाएं और इस दिन को उत्सव के रूप में मनाएं। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न लाभार्थियों को गैस किट और सिलैण्डर भी वितरित किया और विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया।
इस मौके पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी सत्यवान मान, भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर, चुलकाना मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा, बीडीपीओ नितिन यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने सरपंच को अभिनन्दन पत्र भी सौंपा।

# प्रदेश सरकार संविधान और प्रजातंत्र के विरुद्ध कर रही है कार्य: अशोक

## कच्ची नौकरियों में दलित और पिछड़े वर्ग को नहीं दिया जा रहा आरक्षण

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक).प्रदेश की** मनोहर लाल खट्टर सरकार संविधान और प्रजातंत्र के विरुद्ध कार्य कर कार्य कर रही है दलित तथा पिछड़े वर्ग के युवाओं को कौशल विकास निगम की नौकरियों में आरक्षण न देकर संविधान का गला घोट जा रहा है। यह आरोप हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने गांव हथीरा में एक सभा को संबोधित करते हुए लगाया। गांव में पहुंचने पर अशोक अरोड़ा का गर्मजोशी के साथ फूल माला डालकर गांव वासियों ने स्वागत किया । अरोड़ा ने गांव वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके परिवारों के लिए मंगल कामना की।इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुनील मेहरा, ओम प्रकाश मेहरा, साहब सिंह, गोल्डी,रिंकू, पंच बलविंदर, सलिंदर,बलबीर, सतीश, राकेश नंबरदार,रघुवीर, चांदी, अनिल, चेला प्रजापत ने कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की । अरोड़ा ने पार्टी का पटका पहनकर इन्हें कांग्रेस में शामिल किया और इनका स्वागत करते हए कहा कि इन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि खट्टर की सरकार के कार्यकाल में एससी और बीसी का आरक्षण खाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार कौशल विकास निगम में 95000 नौकरियां दी गई। इन नौकरियों में पिछड़े वर्ग का 27%

**प्रजातंत्र के विरुद्ध**

**8 युवाओं को कौशल विकास निगम की नौकरियों में आरक्षण न देकर संविधान का गला घोट जा रहा है**

तथा अनुसूचित जाति वर्ग का 20% आरक्षण नहीं दिया गया। इस प्रकार खट्टर सरकार ने गरीब और दलित वर्ग का 47% आरक्षण खाकर संविधान के विरुद्ध कार्य किया है। देश के संविधान में पिछड़े वर्ग और दलित वर्ग को आरक्षण देने का प्रावधान है। पक्की नौकरियां तो नहीं दी गई और जो कच्ची नौकरी कौशल विकास निगम के मार्फत दी गई उनमें भी गरीब और दलित वर्ग को उसके आरक्षण के अधिकार से वंचित किया गया है। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि सरकार प्रजातंत्र का गला घोंटकर देश के संविधान के विरुद्ध कार्य कर रही है । ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जब कर्मचारी अन्य वर्ग अपने हकों की मांग करते हैं तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं।
यमुनानगर में गेस्ट टीचरों पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि जो अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाता है, उसकी आवाज को लाठी और गोली से दबाने का प्रयास किया जाता है।

# 'संजीव की हत्या के तीनों आरोपी जल्द होंगे गिरफ्तार'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला में** बदमाशों ने नए साल की पहली रात को रंजिशन तेजधार हथियार से हमला कर बोह निवासी संजय राणा को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस सुरक्षा में डाक्टरों के पैनल द्वारा संजय के शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। इस दौरान सिविल अस्पताल में भारी संख्या में पुलिस कर्मी भी मौजूद थे। इससे पहले देर रात जब शव को सिविल अस्पताल लाया गया तो भारी संख्या में स्थानीय लोग यहां पर इक्टठे होने शुरू हो गए थे। संजय की मौत के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**वारदात**

**8 डाक्टरों के पैनल द्वारा संजय के शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया**

बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने से पहले रेकी की और घर से चंद कदमों की दूरी पर तेजधार हथियार से एक के बाद एक कई वार करते हुए निर्मम हत्या कर दी। हमले की भनक लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ हालत में संजय को सिविल अस्पताल अंबाला कैंट लेकर पहुंचे। यहां, प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। संजय के मुंह, माथे व जांघ समेत शरीर पर कई जगह तेजधार हथियार से वार के निशान मिले हैं। हमले में एक हाथ की 2 उंगलियां भी कटी हुई मिली। महेश नगर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार संजय राणा खेती करता था, जिसके 2 बच्चे हैं। संजय सोमवार की रात करीब साढ़े 8 बजे घर से निकला ही था कि कुछ ही दूरी पर उनके बाड़े के पास बाइक पर आए बदमाशों ने हमला कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाइक पर 3 युवक आए थे। वह शोर सुनने के बाद घर से बाहर निकले थे। बताया जा रहा है कि पुरानी लड़ाई की रंजिश रखते हुए गांव बोह के गौरव, अतुल, राहुल व ईशान ने तेजधार हथियारों से हमला करके हत्या की है। महेश नगर थाने की पुलिस ने हत्यारोपियों के खिलाफ धारा 302 व 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महेश नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगदीश कुमार ने बताया कि पुलिस हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए रेड कर रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# कुरुक्षेत्र सेनेटरी व टाइल यूनियन ने किया वार्षिक समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र सेनेटरी** व टाइल यूनियन की ओर से एक निजी होटल में वार्षिक समारोह एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस परिवार मिलन समारोह में कुरुक्षेत्र शहर के भारी संख्या में व्यापारी भाइयों ने परिवार सहित भाग लिया और सभी ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी के अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की। यूनियन के प्रधान दीपक बहल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंगलकामना की कि नया साल समाज व सभी व्यापारी भाइयों के लिए खुशियां लेकर आए तथा सभी का व्यापार फले-फूले। सभी उपस्थित व्यापारीगण के परिवार वालों ने आपस में मिलकर खूब मौज मस्ती की व डांस भी किया।
प्रधान दीपक बहल ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी सदस्य अपने घरों में 5 दीपक जलाएंगे और घर के सामने रंगोली बनायेगे तथा लाइटिंग करेंगे साथ ही लडडू का प्रसाद भी लोगों में बांटा जाएगा। इस मिलन समारोह में प्रधान दीपक बहल, उपप्रधान पंकज चौधरी, सचिव मिलाप गुप्ता, कैशियर राजेश गोयल, निखिल मदान, बिट्टू मित्तल, जितेंद्र मलिक, सतीश सैनी, दीपक सरीन, सचिन गर्ग, धर्मवीर चौधरी, सुमित गोयल, किरण तनेजा, सुनील अग्रवाल,अमन अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, हिमांशु सहित शहर के गणमान्य व्यापारी परिवार सहित मौजूद रहे।

# अवध किशोर त्रिपाठी का जगह-जगह हुआ स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर-पश्चिम जिला भाजपा पूर्वांचल मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनने पर अवध किशोर त्रिपाठी को बधाई देने वालों का जहां एक और उनके निवास पर तांता लगा हुआ है, वहीं जिले के कई वार्डों में भाजपा कार्यकर्ताओं, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के द्वारा अवध किशोर त्रिपाठी का भव्य रूप में स्वागत हो रहा है।
**पूर्वांचलियों में मजबूत पकड़:** आपको बतादें कि अवध किशोर त्रिपाठी भाजपा के एक मजबूत सिपाही है और उत्तर-पश्चिम जिला में पूर्वांचल समाज पर इनकी एक अच्छी पकड़ भी बताई जाती है। जिसको देखते हुए पार्टी ने इन्हें इस बार उत्तर-पश्चिम जिला भाजपा पूर्वांचल मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इनके जिला अध्यक्ष बनने से जिले सहित पूर्वांचलियों में खुशी की लहर का संचार हुआ है।
**शीर्ष नेताओं का किया धन्यवाद:** नवनियुक्ति जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने भाजपा शीर्ष नेताओं का धन्यवाद किया और कहा कि जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है, उस पर मैं पूरी तरह खरा उतरने की कोशिश करूगां।
**भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचायेगें:** मैं भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूगां और बूथ लेबल पर भाजपा को मजबूत करने का कार्य किया जायेगा।

# भाजपा ने आयोजित किया नववर्ष मंगल मिलन व पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**उत्तर** पूर्वी जिला से भाजपा की जिला अध्यक्ष पूनम चौहान के नेतृत्व में नववर्ष मंगल मिलन व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिला के उपाध्यक्ष योगेंद्र राजोरा के जन्मदिवस पर सभी ने उनको बधाइयां और आशीर्वाद भी किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अजय महावर ने उपस्थित लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूनम चौहान ने बताया कि हम बहुत सौभाग्यशाली है कि हम अपने सामने वर्षों से लंबित कार्यों को साकार होते हुए देख रहे हैं और यह सब संभव केंद्र में मोदी सरकार होने की वजह से संभव हो पाया है। वहीं पूनम ने भाजपा की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि कलश यात्रा से देश के वीरों को सम्मान प्रदान करना, उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को फ्री में गैस के कनेक्शन देना, आयुष्मान भारत से 5 लाख तक के इलाज की सुविधा, इसके साथ ही धारा 370 हो या 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर की भव्यतामय स्थापना यह सब मोदी के अटूट संकल्प व साफ नियत व नीति के कारण ही हुआ है। अजय महावर ने बताया मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति पर काम करते हुए सभी को एक साथ लेकर चल रही है।



# पूर्व निगम पार्षद विजेंद्र यादव ने गरीबों व असहायों में बाटें कम्बल व शॉल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** दिल्ली नगर निगम स्थाई समिति के पूर्व डिप्टी चेयरमैन व पूर्व पार्षद विजेंद्र यादव ने नववर्ष के उपलक्ष में बादली विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों में सर्दी को देखते हुए कंबल और शाल का वितरण किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक प्रमुख समाजसेवी शिरोमणि श्रवण गुप्ता रहे। इस अवसर पर विजेंद्र यादव ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों में कंबल का वितरण करना एक पुण्य का कार्य होता है। सर्दी को देखते हुए मैं सभी से अपील करना चाहता हूं कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करें। जिससे कि इन लोगों को सर्दी से कुछ हद तक राहत मिल सके। आपको बता दें कि विजेंद्र यादव हमेशा ही दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा ही आगे रहते हैं, जिससे कि किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान ना होना पड़े। विजेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि आज बादली गांव मुख्य रोड, जहांगीरपुरी रोड, भलस्वा झील व स्वरूप नगर मुख्य रोड पर गरीबों में कंबल व शाल का वितरण किया गया।



# मोदी मतलब विकास की गारंटी, उन्नति की गारंटी: माधव प्रसाद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड-67 से भाजपा के पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं है, बल्कि देश के लिए बड़ा काम करना और देश को बड़ा बनाने पर ध्यान केंद्रित है। माधव प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों के हितों को देखते हुए संगठन का विस्तार भी करती रहती है, और अपने कार्यकर्ताओं से भी लोगों की समस्याओं को लेकर फीडबेक भी लेती रहती है। उन्होंनें आगे बताया कि बीजेपी का जो मिशन है, बीजेपी का जो संगठन है, यह केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए नहीं है, बल्कि उसके लिए प्राथमिकता देश के लिए बड़ा कार्य करना है और देश को बड़ा बनाना है।
**मोदी की गारंटी पर जनता ने दिखाया भरोसा:** माधव ने बताया कि सबका साथ, सबका विकास बीजेपी का मूलमंत्र है और इस मूलमंत्र को लेकर ही बीजेपी देश में सकारात्मक कार्य कर रही है।

# भलस्वा डेरी के थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह को भोजपुरी सेवा समिति ने दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भोजपुरी** सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह अपने पदाधिकारी के साथ थाना भलस्वा डेरी पहुंचे और थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह को शुभकामनाएं व बधाई दी। थाना अध्यक्ष को फूल का गुलदस्ता भेंट किया गया तथा बधाई दी गई। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने भी थाने के अंतर्गत आने वाली कॉलोनी के सभी कॉलोनी वासियों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भोजपुरी सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष कन्हैया कुमार, महासचिव अरविंद पांडे, जय करण सिंह, मीडिया प्रभारी श्याम कुमार बघेल, रामधनी मौजूद रहे।

# पार्षद अजीत यादव ने किया सड़क कार्य का उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के जहांगीरपुरी स्थित के ब्लॉक 300 वाली गली में भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर, सुधीर पार्चा, बलबीर चौहान, अनिल शर्मा, राजपाल यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव का स्थानीय निवासियों ने स्वागत भी किया।
इस दौरान निगम पार्षद अजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है। उनको सुनकर समस्या का समाधान कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

# एशिया क्वालिटी अवार्ड 2023 से श्रीराम इंस्टीट्यूट सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वी कनेक्ट इंडिया द्वारा आयोजित दिल्ली के द्वारका स्थित रेडिसन ब्लू होटल में एशिया क्वालिटी अवार्ड 2023 का आयोजन सफलतापुर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारत से जाने माने शिक्षा जगत से आए करीब 35 शिक्षण संस्थानों को पुरस्कार प्रदान किए गए।
इन्हीं जाने माने संस्थानों में से एक दिल्ली व एनसीआर स्थित श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल एंड वोकेशनल स्टडीज को इस समारोह में 'मोस्ट ट्रस्टेड फैशन डिजाइनिंग एंड आई टी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट इन दिल्ली एंड एनसीआर' से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने माने मॉडल फेमिना मिस इंडिया सेमी फाइनलिस्ट एवम बॉलीवुड अभिनेत्री मुग्दा गोडसे (फैशन मूवी फेम) ने संस्था के चैयरमैन एकेडमिक काउंसिल ललित गोयल एवम निदेशक रुचि ढींगरा को इस गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया। संस्था के चेयरमैन ललित गोयल ने एमिनेंट रिसर्च के समस्त जूरी मेंबर्स का इस सम्मान के लिए और इन्स्टीट्यूट को इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर दिल से धन्यवाद किया। रुचि ढींगरा ने कहा की जिस कड़ी मेहनत से इंस्टीट्यूट का प्रत्येक अधिकारी, शिक्षक एवम सम्पूर्ण मैनेजमेंट कमेटी विद्यार्थियों को उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान कर रहा है उसी के चलते ही यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद संस्था की विद्यार्थियों एवम समाज के प्रति ओर बेहतर शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है ताकि संस्थान विद्यार्थियों का भविष्य ओर उज्वल बना सकें। ललित गोयल ने बताया कि इस पुरस्कार का श्रेय संस्था के सम्पूर्ण शिक्षकों एवम अधिकारियों को जाता है। बताया जाता है कि संस्थान को पूर्व में 8 पुरस्कारों से पहले भी सम्मानित किया जा चुका है जिसमे राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार शामिल हैं।



# मधुबन चौक: हेलमेट के रूप में जिंदगी बांट रहे है दिल्ली पुलिस के जवान संदीप शाही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेन्द्र सिंह**
**जहां** एक ओर तो नववर्ष के मौके पर दुनियां भर के लोग बधाई देते हुए एक दूसरे का मुहं मीठा करवाकर व गुलदस्ता भेंट करके नववर्ष की बधाई दे रहे थे। वहीं दूसरी ओर दिल्ली के मधुबन चौक पर दिल्ली पुलिस द्वारा कुछ अलग ही देखने को मिला।
**हेलमेट मैन ने समझाया यातायात नियम का मतलब:** दिल्ली पुलिस में बतौर हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात, हेलमेट मैन संदीप शाही ने दुपहिया चालको व सवारी को हेलमेट पहनाकर सदैव यातायात नियमों को पालन करने का संकल्प कराया। बतादें कि इससे पहले 25 दिसंबर को सांता बनकर लोगों को यातायात नियमों को लेकर विशेष जानकारी भी दी थी। संदीप शाही ने बताया कि क्रिसमस के बाद नववर्ष के मौके पर यातायात पुलिस के साथ मिलकर मधुबन चौक पर जागरूकता अभियान चलाया गया इसके साथ ही दुपहिया वाहन चालकों व दूसरी सवारी को 20 हेलमेट बांट गए।
**पीसीआर यूनिट में है तैनात:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि हेड कांस्टेबल संदीप शाही दिल्ली पुलिस की पीसीआर युनिट में तैनात है और दिल्ली की जनता उन्हें उनके असली नाम से कम हेलमेट मैन के नाम से नाम से ज्यादा जानती है और विभाग में भी इसी नाम से विख्यात है।
**अपने निजी पैसों से बांटते है हेलमेट:** इस मौके पर संदीप शाही ने बताया कि वह सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह, रक्षा बंधन, नववर्ष सहित खुशियों के अन्य मौके पर अपने सैलरी के पैसे से हेलमेट खरीद कर लोगों की सुरक्षा के लिए बांटते है। संदीप ने बताया कि दिल्ली शहर में सर्वाधिक सड़क दुर्घटना के शिकार दुपहिया चालक या सवारी होती हैं जिसमें मुख्य रूप से हेड इंजरी होती है और सिर की चोट का कारण हेलमेट ना पहनना व यातायात नियमों का पालन ना करना है।
**यातायात नियमों का करें पालन:** संदीप शाही का मानना है कि नववर्ष पर लोग बुराई को त्याग करने और अनेकों अच्छाई को अपनाने का संकल्प लेते है।







# पीतमपुरा में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन, पहुंचे पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, लिया प्रभु का आशीर्वाद





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पीतमपुरा इलाके के वीपी ब्लॉक में बबीता झा व स्थानीय निवासियों द्वारा श्री राम कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर पहुंचे और प्रभु का आशीर्वाद लिया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रभु श्री राम जी के बारे में बच्चों के विचारों को लिखवाकर प्रतियोगिता करवाई गई। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद अंजू जैन, पंकज दुरेजा, बबलू राय, सतीश कालीरमन, मंजू टंडन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है। प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।

# 16 को फेडरेशन सदर में निकालेगी श्री राम शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री** राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ( उदघाटन) महोत्सव के तत्वाधान में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (पंजी.) के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया।
जिसमें फेडरेशन के वाइस चेयरमैन राजकुमार सपरा, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मांगा कमल कुमार, उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष राज सचदेवा, मुकेश अग्रवाल, कन्हैयालाल रूघवानी, रमेश सचदेवा, मुकेश शर्मा, कमल अग्रवाल, राजीव खट्टर, संजीव सपरा, सहित विभिन्न संगठन के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया जिस प्रकार श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर 22 तारीख का पूरे दुनिया व देश को बड़ा उत्साह है। इसी प्रकार सदर बाजार के व्यापारी बेचैनी से इसदिन का इंतजार कर रहे हैं इसको देखते हुए फेडरेशन लगातार बैठकर वह मीटिंग का आयोजन कर रही है। फेडरेशन की मीटिंग में सदर बाजार के प्रमुख व्यापारी नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर फैसला किया गया कि15 जनवरी रात से सदर बाजार को पूरी तरह से सजा दिया जाएगा और 16 जनवरी को विशाल श्री राम शोभा यात्रा 12 टूटी से चलकर सदर बाजार की विभिन्न मार्केट में होते हुए 12 टूटी चौक पर खत्म होगी जिसमें व्यापारी अपनी बाइक स्कूटर व गाड़ियों के साथ श्री अयोध्या मंदिर की झांकियां भी होगी।



# सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील : कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर आज मंगलवार को सेक्टर-08 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत कर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र भाई मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे



थे। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ह्यअंत्योदयह्ल जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण एवं उत्थान किया है जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए व कटे हुए हैं। आयुष्मान योजना के तहत देश में ?500000 रुपये की धनराशि तक का सालाना इलाज गरीब परिवारों का किया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को आयुष्मान योजना के साथ जोड़कर गरीब परिवारों की आय 180000 रुपए की है। प्रदेश में 39 लाख परिवारों के पीले कार्ड बनाए गए हैं। है। देश के 11 करोड़ किसानों को ?6000 सालाना सीधा खाते में जा रहा है। वहीं 5 लाख परिवारों को कोविड के टाइम में फ्री में महिलाओं को सहायता का काम किया। 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में गैस के कनेक्शन दिए हैं और करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम मोदी की गारंटी वाली सरकार ने किया है। वही अपना खुद काम से रोजगार करने वाले लोगों को ?300000 रुपये की धनराशि तक का लोन सस्ती दर पर दिया जा रहा है। चार करोड़ लोगों के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवा गए हैं। देश में वेंडर स्कीम के तहत रेडी फड़ी वालों को ?10000 से लेकर के ?50000 तक का की धनराशि बिना ब्याज के दी जा रही है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। योजनाओं की जानकारी लेने, पात्रों द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाना, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करवाना, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच इत्यादि योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है।

# फरीदाबाद वेलफेयर एसो. ने मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ का आभार जताया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद वेलफेयर एसोसिएशन की संपूर्ण टीम ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ के निवास पर जाकर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री गौड़ द्वारा खेड़ी पुल शमशान घाट की पार्किंग में इंटरलॉकिंग टाइल लगवाने एवं श्मशान घाट के अंदर एक नया ट्यूबवेल लगवाने पर उनका अभार व्यक्त किया। संस्था के सचिव नरेंद्र जैन ने बताया कि उनकी संस्था श्मशान घाट का पूरा कार्यभार संभालती है। शमशान घाट में क्रिया कर्म के लिए आने वाले लोगों को पार्किंग की बहुत समस्या होती थी जिसका समाधान अजय गौड़ द्वारा करवाया गया है।



इस मौके पर श्री गौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के आदेश पर 90 विधानसभा क्षेत्रों में बिना भेदभाव के विकास कार्य चल रहे है। मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद फरीदाबाद की सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो गई है साथ ही खत्ता घरों को समाप्त कर सेल्फी प्वाईंटों का निर्माण चल रहा है तथा कुछ का हो चुका है। इस मौके पर राजेश अरोड़ा, शोभित अरोड़ा, के जी अग्रवाल, बिशन नागपाल, पवन खन्ना, महेन्द्र वर्मा एवं मुकेश सैनी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार में हर वर्ग के हित सुरक्षित: सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी

**वादा निभाया**

8 भाजपा ने अपना हर वायदा निभाया, 22 जनवरी को श्रीअयोध्या धाम में विराजेंगे रामलला: सुभाष



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/टोहाना** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरूक्षेत्र सांसद श्री नायब सैनी ने कहा है कि भाजपा की केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार में हर वर्ग के हित में काम हुआ है। अंत्योदय की भावना पर समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया है। समाज के सभी वर्गों के हित इस सरकार में सुरक्षित है। श्री सैनी मंगलवार को अनाज मंडी टोहाना में मजदूर एवं कमेरा वर्ग द्वारा आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। विश्वकर्मा संस्था, कामगारों और कमेरे वर्ग यूनियन सहित आयोजकों ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन श्री सुभाष बराला को सम्मानजनक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

अभिनंदन से अभिभूत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कमेरा वर्ग ने सम्मान स्वरूप जो पगड़ी उन्हें पहनाई है, उसका जीवन भर सम्मान रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में गरीब कल्याण के लिए काम किया है। यह सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने पूर्व सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षियों ने हमेशा वोट की खातिर लोगों को बरगलाने का काम किया। झूठे नारे और बातें करके सिर्फ सत्ता हथियाने का काम ही किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गरीब के दुख को समझा और उनके हित में योजना बनाई। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए चिंता करते हुए आयुष्मान जैसी योजना लागू करके गरीबों को पांच लाख रुपये तक के फ्री इलाज की सुविधा दी है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस चूल्हे और सिलेंडर उपलब्ध करवाये गए हैं। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को योजना से जोड़कर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम हुआ है। श्री सैनी ने कहा कि कोरोना काल में केंद्र सरकार ने लोगों को वैक्सीन देने के साथ ही गरीबों को मुफ्त अनाज देकर उनको भूखा नहीं रहने दिया। केंद्र सरकार द्वारा जनधन खातों में गरीबों को 500-500 रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता स्वरूप दिये गये। उन्होंने मजदूर एवं कमेरे वर्ग द्वारा दिए गए मांग पत्र बारे उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मजूदरों के लिए चलाई गई योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थी तक पहुंचे इसके लिए योजना का सरलीकरण किया जाएगा।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा दूसरे दलों से अलग पार्टी हैं। पार्टी में साधारण कार्यकर्ता को उच्च पदों पर बैठाया गया है। उन्होंने स्वयं और नायब सैनी का उदाहरण देते हुए कहा कि हम जैसे साधारण कार्यकताओं को पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष जैसे पदों पर काम करने का मौका दिया है।

# स्वर्गीय लाला अशोक जैन की प्रथम पुण्य तिथि पर बांटा कम्बल

**गन्नौर।** पुरानी अनाज मंडी में स्वर्गीय लाला अशोक जैन की प्रथम पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। कम्बल वितरण कार्य करने पर स्वर्गीय अशोक जैन के बेटे सन्नत जैन, विनय जैन, सौरभ जैन द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। व्यवस्था में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर, जन कल्याण समिति ने सहयोग किया। संदीप सिंघल ने बताया कि कई दिनों से क्षेत्र में घूम घूमकर गरीब, बेसहारा व दिव्यांग लोगों की सूची तैयार की गइ, उसके बाद कम्बल वितरण किए गए है।

# 26 से आयोजित होगा तीसरा सांसद खेल महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी जूनियर और सीनियर खिलाडियों की इस खेलकूद प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम ने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव 26 से 28 तक जनवरी फरीदाबाद और पलवल जिला में आयोजित किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह मंगलवार को अपने कार्यालय फरीदाबाद और



जिला के प्रशासनिक और खेल अधिकारियों को तीसरे सांसद खेल महोत्सव के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इस खेल महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों को भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार खेलों की संख्या और इनमें प्रतियोगिताओं के मद्देनजर खिलाड़ियों की संख्या 10 से 12 हजार से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए स्थान, नोडल अधिकारी व अन्य व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएगी। वहीं प्रत्येक गेम के साथ उसकी एसोसिएशन को भी जोड़ा गया है। डीसी ने कहा कि इस बार के सांसद खेल महोत्सव में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, लोंग जंग, ट्रिपल जंप, हाई जंप, रिले रेस (4 गुणा 100 व 4 गुणा 400 मीटर) शामिल हैं। वहीं थ्रो में शॉटपुट व जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिता रहेगी। इसके अलावा फुटबाल, बास्केटबाल, वॉलीबॉल, हॉकी, खो-खो, कबड्डी नेशनल, कबड्डी सर्किल, बैडमिंटन, रस्साकस्सी, पैरा बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, तीरंदाजी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 15 जनवरी 2024 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के लिए 32 तरह के कृषि यंत्र जैसे बैटरी/इलेक्ट्रिक/सौर संचालित पावर वीडर, सेल्फ प्रोपेल्ड मल्टी टूल बार, स्व-चालित उच्च क्लीयरेंस बूम स्प्रेयर, लोडर/भूसा कटर के साथ उच्च क्षमता वाला चारा काटने वाला यंत्र, ट्रैक्टर चालित सिलेज पैकिंग मशीन/ट्रैक्टर चालित सिलेज बेलर (1400-1500 किग्रा/घंटा), बैटरी चालित उर्वरक प्रसारक, ब्रिकेट बनाने की मशीन (500-1000 किलोग्राम/घंटा क्षमता)/बायोमास पेलेटिंग मशीन, ट्रैक्टर चालित उर्वरक प्रसारक, ट्रैक्टर संचालित हाइड्रोलिक प्रेस स्ट्रॅा बेलर, एमबी प्लोऊ, सब सोइलर, मल्टी क्रॉप वेड प्लान्टर/रेज्ड बेड प्लान्टर, स्वचालित चावल ट्रांसप्लांटर (4पंक्ति), ट्रैक्टर चालित विनोइंग मशीन ग्राम क्लीनर सह ग्रेडर / विनोइंग फैन, ट्रैक्टर पर लगे रीपर कर्म बाइंडर, बाजरा मशीन/बाजरा मिल, मक्का थ्रेशर (ट्रैक्टर चालित)/मक्का शेलर, वायवीय प्लान्टर मशीन (ट्रैक्टर चालित), तेल निकालने वाला, मक्का डिहस्कर (ट्रैक्टर चालित)/मक्का शेलर, गन्ना थ्रेश कटर, मोबाइल/कॉटन श्रेडर (ट्रैक्टर चालित), लोडर/डोजर/बेकहो (ट्रैक्टर चालित), गाय के गोबर से ब्रिकेटिंग मशीन, गोबर निर्जलीकरण मशीन, धान मोबाइल ड्रायर, लेजर लैंड लेवल (कंप्यूटर कराई), कपास बीज ड्रिल ट्रैक्टर पर लगे स्प्रेयार, रोटावेटर, पोटेटो प्लान्टर और ट्रैक्टर ऑपरेटीड पॉवर वीडर अनुदान पर दिए जा रहे हैं। कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट पर 15 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

# मंडी में गाय को पकड़ने के दौरान फंदा लगने से मौत के बाद पुलिस ने किया दो के खिलाफ मामला दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** जी टी रोड स्थित अर्न्तराष्ट्रीय सब्जी मंडी में घुम रही गाय के गले में रस्सी बांधकर गाड़ी में जबरदस्ती चढ़ाते समय फंदा लगने से मौत होने का आरोप लगाते हुए गौ रक्षा दल के सदस्य की शिकायत पर पुलिस ने गाय की मौत का बड़ी गांव के युवक के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। बड़ी थाना पुलिस को दी शिकायत गौ रक्षा दल के सदस्य अगवानपुर गांव निवासी रवि ने बताया कि मुझे कम्पनी के सिकोरटी गार्ड घसौली निवासी आन्नद ने मुझे फोन करके सूचना दी कि सब्जी मंडी में घुम रही गाय को अमित व अरूण गांव बड़ी निवासी गाय के साथ जबरदस्ती करते हुए गाय के गले मे पलास्टिक की रस्सी बांध कर ले जा रहे थे, आरोप है कि जब गाय उनके साथ नही नही चली दो- तीन व्यक्ति बांधकर एक पिकप

**शिकायत**

8 गौ रक्षा दल के सदस्य की शिकायत पर पुलिस मामला दर्जकर गाय का पोस्टमार्टम करवाया

बैलेरो गाड़ी में खिचने लगे तो गाय को फंदा लगकर उसकी मौत हो गई। पीछे एक गाय को बांध कर दो तीन व्यक्ति गाय को खींच कर ले जा रहे थे जिसकी पिकअप से खीचने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने शिकायत के बाद गौ वंश अधिनियम के तहत मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। जांच अधिकारी सब इंस्पैक्टर मुकेश ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मंडी में गाय को मौत हो गई है। पुलिस ने गौ रक्षा दल के सदस्य की शिकायत पर मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए पशुपालन विभाग के डा. को बुलाया है।

# 'अपने हकों के लिए प्रदर्शन कर रहे गेस्ट टीचर्स पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला,** आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष करणवीर लौट ने यमुनानगर में गेस्ट टीचर्स पर पुलिस के लाठीचार्ज के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने खट्टर सरकार के तानाशाही पूर्ण रवैए की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में गेस्ट टीचर पर लाठीचार्ज कर खट्टर सरकार ने एक बार फिर अपना लोकतंत्र विरोधी चेहरा जनता के सामने लाने का काम किया है। उन्होंने कहा जब पूरी दुनिया नए साल के जश्न की तैयारी कर रही थी, वहीं हरियाणा सरकार गेस्ट टीचर्स पर लाठियां बरसा रही थी। लाठीचार्ज के कारण कई अध्यापकों को गहरी चोटें भी आईं हैं, अतिथि अध्यापक मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा शास्त्री के सिर में आठ टांके, दोनों हाथों व घुटने के पास चोट है और कमर पर लाठियां लगी हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी हरियाणा सरकार ने किसानों और कंप्यूटर शिक्षकों पर लाठियां बरसवाई थी। प्रदेश की जनता इनको कभी माफ नहीं करेगी। गेस्ट टीचर्स की इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। प्रदेश की जनता सब देख रही है, आगामी चुनावों में जनता भाजपा सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी।

# प्रसिद्ध हरियाणवी स्टार कॉमेडियन झंडू आप में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/जींद**

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। इससे पहले प्रसिद्ध हरयाणवी फिल्म स्टार कॉमेडियन महेंद्र सिंह उर्फ झंडू अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। डॉ. सुशील गुप्ता कहा कि सीएम खट्टर ने गीता रख कर कसम खाई थी कि किसी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ेंगे। लेकिन उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचारी को बढ़िया पोस्ट के बिना नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर ने साल के पहले दिन ही भ्रष्टाचार




के केस में निलंबित रहे और जेल गए आईएएस अधिकारी विजय सिंह दहिया को करनाल का मंडलायुक्त बना दिया, जयवीर सिंह आर्य को वित्त विभाग का विशेष सचिव और सुरेश को मानव संसाधन विभाग का प्रधान सचिव बना दिया। खट्टर सरकार ने भ्रष्टाचारियों को नियुक्त करके साबित कर दिया कि वो भ्रष्टाचारियों के साथ है। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर के राज में पूरे हरियाणा में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। जींद, गुरुग्राम और फरीदाबाद सब जगह भ्रष्टाचार जोरों पर है। केवल कागजों में ही काम हो रहे हैं, न कि जमीन पर। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। दो दिन पहले गेस्ट टीचर्स को दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया, जिसमें कई लोगों को गहरी चोटें आई और अब पटवारी व ड्राइवर हड़ताल पर जा रहे हैं। भाजपा सरकार में डॉक्टर, नर्सें, कर्मचारी और किसान सब हड़ताल पर रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हरियाणा में अपराध कई गुना बढ़ गया है। चार दिन पहले टोहाना में एक युवक की गर्दन पर चाकू रखकर उसे लूट लिया। हरियाणा में हर दिन कहीं फिरौती मांगी जाती है तो कहीं गोली मार दी जाती है।

# कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए रेन बसेरो और सड़कों पर गरीब बेसहारा व्यक्तिओं को बांटे गए कम्बल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि कडाके की ठण्ड से बचाव के लिए रेन बसेरो और सड़कों पर गरीब बेसहारा व्यक्तिओं को जिला रेड क्रॉस सोसाइटी व मरेन्गो एशियन अस्पताल/ टंश्लॅल्ङ्क अ३ ल्ङ्करस्र३'२ सेक्टर- 16 द्वारा कम्बल वितरित किये गए। डीसी कम अध्यक्ष जिला रैडक्रास सोसायटी श्री विक्रम सिंह (आईएएस) के निदेर्शानुसार एसडीएम बल्लभगढ़ श्री त्रिलोक चंद तथा सचिव जिला रेडक्रास सोसायटी श्री विजेंद्र सौरोत के कुशल मार्गदर्शन में मरेन्गो एशियन अस्पताल/ टंश्लॅल्ङ्क अ३ ल्ङ्करस्र३'२ की टीम के साथ



फरीदाबाद शहर के रेन बसेरो व अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। जिसके दौरान खुले आसमान के नीचे सोने वाले गरीब व्यक्तियों एवं रेन बसेरो में रुकने वाले व्यक्तियों को भीषण ठंड से बचाव के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद व मरेन्गो एशियन अस्पताल/ द्वारा कम्बल वितरित किये गए। उपायुक्त श्री विक्रम सिंह (आईएएस) ने लोगों से अपील की है कि इस कम्बल वितरण की मुहिम को अन्य अस्पताल व सामाजिक संस्थान इस भीषण ठंड से बचाव के लिए कंबल और गर्म कपड़े वितरण करने की नेक मुहिम में प्रशासन के साथ मिलकर चलें। ताकि जिला में ठंड से जीवन व्यापन करने वाले व्यक्ति को अपना जीवन सुरक्षित कर सके और ठंड से बचाव हो सके। उपमंडल अधिकारी (ना0) बल्लबगढ़ त्रिलोक चंद ने बताया कि ठण्ड का प्रकोप बढ़ रहा है, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव श्री विजेंद्र सौरोत ने अपने सर्विस के अनुभव को साँझा करते हुए बताया कि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा लगातार राहत शिविर के साथ साथ गतिविधियों को चलाया जा रहा है। इस कड़कड़ाती ठण्ड के समय कम्बल एवं गर्म कपड़े वितरण सामाजिक संस्थानों के सहयोग से किये जा रहे है।

# योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए गांव कैलाना व पीरगढ़ी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** समाज के अंतिम व्यक्ति तक केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को हर सभी पात्र लोगों के घर द्वारा पर लाभ पहुंचाने के लिए विकसित संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव कैलाना तथा पीरगढ़ी पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा को जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत गांव कैलाना में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक निर्मल चौधरी ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत



की शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। विधायक ने कहा कि सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पंक्ति में आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोडने् का कार्य करेगी। कार्यक्रम में विधायक निर्मल चौधरी ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पात्र ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 03 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## उत्तर भारत में अगले तीन दिन तक ठंड से राहत नहीं

**नई दिल्ली:** दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत में अगले तीन दिन तक ठंड से कोई राहत नहीं है। मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति जारी रहने और उसके बाद कम होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत के मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में घना कोहरा जारी रहने का अनुमान है और उसके बाद धीरे-धीरे कम होने की संभावना है।

## ट्रांसजेंडर शिक्षक को सेवा से हटाने पर उप्र, गुजरात और केंद्र सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक ट्रांसजेंडर शिक्षक की दो राज्यों में पहचान उजागर होने के बाद सेवा से हटाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता की लिंग पहचान उजागर होने के बाद उत्तर प्रदेश और गुजरात के स्कूलों में उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता को दो अलग-अलग हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करना पड़ता, इसलिए वो सुप्रीम कोर्ट में आया है। याचिका में कहा गया है कि उसे उत्तर प्रदेश में नियुक्ति पत्र दिया गया था लेकिन वो केवल छह दिनों के लिए वहां पढ़ा सकती थी। उन्हें गुजरात में भी नियुक्ति पत्र दिया गया लेकिन उन्हें ज्वाइन करने की अनुमति नहीं दी गई।

## ज्ञानवापी मामला : सुप्रीम कोर्ट में एक और अर्जी, सील वजूखाना साफ कराने की मांग

**नई दिल्ली:** ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक और अर्जी दाखिल की गई है। हिंदू पक्ष ने इस याचिका में सर्वे के दौरान मिले कथित शिवलिंग वाले सील वजूखाने को साफ कराने की मांग की गई है। हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन की ओर से दाखिल अर्जी में मांग की गई है कि वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को आदेश जारी किया जाए कि वो टैंक की सफाई कराए। अर्जी में कहा गया है कि मई, 2022 से मुस्लिम पक्ष के वजूखाने की सफाई नहीं हुई है, जिसकी वजह से पिछले साल 20 से 25 दिसंबर के बीच मछलियों की मौत हो गई। इस वजह से वजूखाना में सर्वे में मिला कथित शिवलिंग अपवित्र हो गया है। यह हिन्दू धर्म की आस्था के विपरीत है, ऐसे में टैंक की सफाई का आदेश दिया जाए। याचिका के मुताबिक जब इस मामले में हिंदू पक्ष की तरफ से मछलियों को वजूखाने से ट्रांसफर करने के लिए वाराणसी की सिविल कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई थी। उसी दौरान अंजुमन इंतजामिया की तरफ से मछलियों को हटाए जाने का विरोध किया गया था। यही कारण है कि आज यह मछलियां वहां मर चुकी हैं।

# गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है: योगी

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना: सीएम

जनसंवाद

**8 सीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपदों के लाभार्थियों से किया संवाद, गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है**





**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है। वह लोग समाज को विभाजित करने का कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहकर समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्रीय सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना होगा। सीएम योगी मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब और नौजवान तक पहुंच रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना है। सीएम योगी ने लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के तहत मेरठ, बस्ती, चंदौली, महोबा और बाराबंकी के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान वह प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 800 स्थानों पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से ऑनलाइन जुड़े। सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रदेश में 642 मोदी गारंटी वैन चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के 57709 ग्राम पंचायतों में से अब तक 36983 ग्राम पंचायतों में मोदी गारंटी वैन पहुंच चुकी है। साथ ही 762 नगर निकायों में 1027 कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। अबतक प्रदेश के अंदर लगभग पौने तीन करोड़ लोगों से यह यात्रा जुड़ चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज जहां-जहां मोदी गारंटी वैन पहुंच रही है, वहां हजारों की संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं, जहां भी वैन जा रही है वहां कैम्प लग रहे हैं, जिन लोगों को योजनाओं का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है उन्हें वहां ले जाएं और उनका रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं से आच्छादित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण गुलामी की मानसिकता से मुक्त, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिक कर्तव्य की बात करते हुए कहा कि जब 140 करोड़ लोग एक स्वर और नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे तो दुनिया की कोई ताकत विकसित भारत बनने से रोक नहीं सकती है।

### हर व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन का आधार बनी योजनाएं

**सीएम योगी** ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की मेहनत का परिणाम है कि आज प्रदेश के अंदर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55 लाख गरीबों को घर मिला है, तीन करोड़ लोगों को शौचालय, 1.75 लाख गरीबों को उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन, 1 करोड़ 54 लाख परिवारों को फ्री में बिजली का कनेक्शन, 1 लाख 21 हजार गांवों तक बिजली पहुंची है, 10 करोड़ लोग आयुष्मान भारत योजना से कवर हुए हैं और 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। यह योजनाएं आज हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक परिवर्तन का आधार बन रही हैं।

**साढ़े नौ वर्ष में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में की प्रगति:** सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्ष में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की है। वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठ बढ़ने के साथ ही देश के अंदर अत्याधुनिक इन्फ्रस्ट्रक्चर का विकास हुआ है। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लोगों को मिल रहा है।

### सीएम ने जनप्रतिनिधियों से की अपील

सीएम योगी ने कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों और जागरुक नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मोदी गारंटी वैन का अधिक से अधिक प्रचार करें। ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत करें, जिससे हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। देश के हर व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आने पर 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को चरितार्थ होते देख पाएंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी, भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक आदि मौजूद रहे।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मेदांता अस्पताल, शहीद पथ रोड, लखनऊ में भर्ती दिगम्बर अखाड़ा के महंत सुरेश दास जी का हालचाल लेते हुए।

## वीवो इंडिया के अंतरिम सीईओ समेत को हाई कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने चीनी स्मार्टफोन कंपनी वीवो से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार वीवो इंडिया के अंतरिम सीईओ हांग शुकुआन ऊर्फ टेरी समेत तीन आरोपितों को रिहा करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ ईडी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस तुषार राव गडेला की वेकेशन बेंच ने नोटिस जारी किया।पटियाला हाउस कोर्ट ने 30 दिसंबर को तीनों आरोपितों की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए रिहा करने का आदेश दिया था। इन तीनों आरोपितों को ईडी ने 23 दिसंबर को हिरासत में लिया था। ईडी ने वीवो इंडिया के अंतरिम सीईओ हांग शुकुआन ऊर्फ टेरी के अलावा सीएफओ हरिंदर दहिया और कंसल्टेंट हेमंत मुंजाल को गिरफ्तार किया था।

## ऑपरेशन ईगल 3 पंजाब पुलिस ने विशेष चैकिंग अभियान चलाया



अभियान

**8 तलाशी अभ्यान के दौरान 24 आपराधिक तत्वों को किया गिरफ़्तार, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों अनुसार पंजाब पुलिस पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**मुख्यमंत्री** भगवंत सिंह मान की सोच अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के मद्देनजर शुरू की मुहिम के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने मंगलवार को ऑपरेशन ईगल-3 के नाम के तहत राज्य भर के सभी बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों और इनके आसपास के स्थानों पर विशेष घेराबन्दी और तलाशी अभ्यान (कासो) चलाया। यह कार्यवाही डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर अमल में लाई गई। यह ऑपरेशन (कासो) दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक सभी 28 पुलिस जिलों में एक ही समय चलाया गया, जिसके अंतर्गत पुलिस टीमों ने सनिफर डॉगज (सूँघने वाले कुत्तां) की सहायता से रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर आने-जाने वाले लोगों की तलाशी की। पुलिस के विशेष डायरैक्टर जनरल (स्पैशल डीजीपी) कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला, जो निजी तौर पर इस राज्य स्तरीय कार्यवाही की निगरानी कर रहे थे, ने बताया कि इस कार्यवाही को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी सीपीज/ एसएसपीज को हरेक रेलवे स्टेशन / बस अड्डों पर एसपी/ डीएसपी रैंक के अधिकारियों के नेतृत्व वाली कम से कम दो मजबूत टीमें तैनात करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि रैंज अधिकारियों को इस कार्यवाही की मुकम्मल निगरानी करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि पुलिस मुलाजिमों को सभी शक्की व्यक्तियों से पूछताछ करने और उनके पृष्टभूमि की जाँच करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा, हम सभी पुलिस मुलाजिमों को सख़्ती से हिदायत की थी कि वह इस कार्यवाही के दौरान हर व्यक्ति के साथ दोस्ताना ढंग और विनम्रता के साथ पेश आएं। स्पैशल डी. जी. पी. ने कहा कि राज्य के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर शक्की व्यक्तियों की शिनाख़्त के लिए राज्य भर में लगभग 500 पुलिस टीमें, जिनमें 4000 से अधिक पुलिस कर्मी शामिल थे, ने ऑपरेशन को अंजाम दिया और इस दौरान कम से कम असुविधा को यकीनी बनाया गया।

## तीनों आपराधिक कानूनों को 26 जनवरी से पहले अधिसूचित करने की तैयारी में है गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली:** गृह मंत्रालय (एमएचए) 26 जनवरी से पहले तीनों नये आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) को अधिसूचित करने की तैयारी में है।सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्रालय इन तीनों कानूनों के अधिसूचित होने के तुरंत बाद इन नये कानूनों के प्रति पुलिस अधिकारियों, जांचकताओं और फोरेंसिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस दौरान उन 3,000 लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो बाद में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को नये कानून के बारे में प्रशिक्षण देंगे। सरकार न्याय पालिका और पुलिस विभाग सहित संबंधित अन्य विभागों के लोगों को 9 से 10 महीने में प्रशिक्षित करने के लक्ष्य पर काम कर रही है, जिससे जल्द से जल्द कानून को सरलता पूर्वक अमल में लाया जा सके। गृह मंत्रालय का कहना है कि बीते शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपराधिक न्याय कानूनों से जुड़ी 12 संदर्भ पुस्तकों का विमोचन किया है। इन पुस्तकों में कानूनों में किए गए बदलावों को संक्षिप्त और सरल तरीके से स्पष्ट रूप से सामने लाया गया है।

## अमित शाह ने की जम्मू-कश्मीर पर उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री को सुरक्षा ग्रिड के कामकाज और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। ऐसा माना जा रहा है कि गृह मंत्री केंद्र शासित प्रदेश में हाल के हमलों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में शाह ने जम्मू-कश्मीर में तैनात पुलिस, सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बीच पूर्ण क्षेत्र प्रभुत्व और बेहतर समन्वय पर भी ध्यान केंद्रित किया। गृह मंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय



खुफिया जानकारी को बढ़ावा देने और मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी हुए शामिल:** बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्य सचिव अटल डुल्लू, राष्ट्रीय जांच एजेंसी के डीजी दिनकर गुप्ता, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशकों सहित गृह मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर के अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी मौजूद थे।

बैठक

**8 बैठक की अध्यक्षता, पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के बेहतर समन्वय का भी लिया जायजा**

## 'मछुआरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर कदम उठाए जाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**केंद्रीय मत्स्य पालन** मंत्रालय ने निजामपट्टनम में एक्वा पार्क और रोग निदान प्रयोगशाला को मंजूरी प्रदान कर दी है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला मंगलवार को सागर परिक्रमा के दसवें चरण के दौरान इसकी जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मछुआरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। रुपाला ने मंगलवार को वोडारेवु (प्रकाशम जिला) में सागर परिक्रमा चरण-10 के दूसरे दिन का नेतृत्व किया। सागर परिक्रमा यात्रा चरण दसवें चरण की शुरूआत सोमवार 1 जनवरी से शुरू हुई। मंगलवार तक आंध्र प्रदेश के जुव्वालाडिन फिशिंग हार्बर, नेल्लोर जिले और कोथापट्टनम, प्रकाशम जिले को कवर किया गया। आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के वोडारेवु से शुरू हुई परिक्रमा में मछुआरों, मछली किसानों और मछली पकड़ने वाले समुदाय के प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## जयराम रमेश थे मंत्री... तब मनरेगा में थी लूट: गिरिराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**महात्मा** गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी योजना (मनरेगा) में आधार बेस्ड पेमेंट ब्रिज सिस्टम (एपीबीएस) को अनिवार्य किए जाने के विरुद्ध कांग्रेस की टिप्पणी पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने करारा पलटवार किया है। आंकड़ों के साथ आईना दिखाते हुए उन्होंने आरोप लगाया है कि जयराम रमेश जब ग्रामीण विकास मंत्री थे, तब मनरेगा में लूट मची थी। यह राजीव गांधी का समय नहीं कि एक रुपये में से 15 पैसा नीचे तक पहुंचे। मोदी सरकार पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि एपीबीएस की





अनिवार्यता से कोई भी मजदूर काम मांगने से वंचित नहीं होगा।

**'मल्लिकार्जुन खरगे भी मनरेगा को लेकर समय-समय पर भ्रम फैलाते हैं':** मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के साथ ही अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मनरेगा को लेकर समय-समय पर भ्रम फैलाते रहते हैं। अभी हाल में ही उन्होंने गलत आंकड़े जारी किए हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि अब ज्यादा मजदूरों को काम दिया जा रहा है। 2006-07 से 2013-14 तक कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा के तहत 1660 करोड़ श्रम दिवस सृजित किए गए, जबकि भाजपा शासनकाल में 2014-15 से 2023-24 तक (29 दिसंबर 2023 तक) 2688 करोड़ श्रम दिवस सृजित किए जा चुके हैं। कांग्रेस के समय 213220 करोड़ रुपये केंद्रीय निधि जारी की गई, जबकि भाजपा सरकार में 674790 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

रणनीति

### विदेशी निर्भरता की वजह से वायु सेना को अपनी खरीद नीति में बदलाव करना पड़ा

## अमेरिकी चिनूक-अपाचे के मुकाबले वायु सेना का स्वदेशी हेलीकॉप्टरों पर फोकस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**भारतीय वा**यु सेना ने अपने हेलीकॉप्टर बेड़े में बदलाव करने का फैसला लिया है। लड़ाकू या परिवहन हेलीकॉप्टर खरीदने की रणनीति में आयात के बजाय घरेलू उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। अभी तक वायु सेना अमेरिकी लड़ाकू अपाचे और परिवहन चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदने की योजना बना रही थी, लेकिन अब स्वदेशी एलसीएच प्रचंड और भारतीय मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर (आईएमआरएच) की ओर फोकस किया जा रहा है। वायु सेना ने अमेरिका से 2020 में 15 चिनूक परिवहन हेलीकॉप्टर खरीदे



थे, जो मानवीय और आपदा राहत कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अमेरिका में निर्मित चिनूक हेलीकॉप्टर मल्टी रोल वर्टिकल लिफ्ट प्लेटफॉर्म है, जिसका इस्तेमाल पुरुषों और सामग्री के परिवहन के लिए किया जाता है। इस हेलीकॉप्टर ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी गतिरोध के दौरान 155 मिमी की एम-777 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर पहुंचाकर भारतीय सेना को अग्रिम ठिकानों पर बढ़त दिलाई है। ये हेलीकॉप्टर लगभग 11 टन कार्गो या 45 सशस्त्र सैनिकों को एक साथ उठा सकते हैं। इसके बावजूद इनकी उच्च परिचालन लागत और विदेशी आपूर्तिकताओं पर निर्भरता के कारण वायु सेना को अपनी खरीद नीति में बदलाव करना पड़ा है। वायु सेना एचएएल में निर्मित भारतीय मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर (आईएमआरएच) पर अपना दांव लगा रही है, जो सेना और कार्गो परिवहन, लड़ाकू खोज, बचाव और आपदा राहत सहित कई कार्यों के लिए एक छोटा और अधिक किफायती विकल्प है। यह हेलीकॉप्टर चिनूक की तुलना में अधिकतम टेकऑफ कर सकता है। इसके अलावा वायुसेना ने रूसी एमआई-26 हेवी-लिफ्ट हेलीकॉप्टरों के अपने बेड़े को पुनर्जीवित किया है, जो पांच साल से अधिक समय से जमीन पर थे।

प्रभावी

**8 प्रभावी क्षमताओं के बावजूद अमेरिकी हेलीकॉप्टरों की परिचालन लागत थी ज्यादा**

## असम सरकार करेगी 'गुणोत्सव 2024' का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/डिब्रूगढ़**
असम सरकार 3 जनवरी से 8 फरवरी तक लगभग 40 लाख छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक राज्यव्यापी अभ्यास 'गुणोत्सव 2024' आयोजित करेगी। शिक्षा मंत्री रनोज पेगु ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। एक संवाददाता सम्मेलन में इस वर्ष की मूल्यांकन प्रक्रिया की घोषणा करते हुए, पेगू ने कहा कि इस अभ्यास से सीखने के बेहतर परिणामों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, "यह अभ्यास राज्य के 35 जिलों के



43,498 सरकारी स्कूलों में किया जाएगा, जिसमें 39,63,542 छात्र शामिल होंगे।" शिक्षा मंत्री ने कहा कि गुणोत्सव में शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों और स्थानीय समुदायों के सभी हितधारकों की भागीदारी होगी, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उनके बीच जवाबदेही बढ़ेगी। इस साल का अभ्यास तीन चरणों में किया जाएगा, जिसमें 3-6 जनवरी के पहले दौर में 12 जिले, 9-12 जनवरी के बीच 13 जिले और 5-8 फरवरी के आखिरी चरण में शेष 10 जिले शामिल होंगे। पेगू ने कहा, "यह प्रत्येक बच्चे के सीखने के अंतराल की पहचान करेगा और ग्रेड-विशिष्ट परिणामों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करेगा... यह शैक्षिक, सह-शैक्षणिक, बुनियादी ढांचे की उपलब्धता और उपयोग और सामुदायिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में स्कूलों के प्रदर्शन का भी आकलन करेगा।"